नई दिल्ली
नई दिल्ली, गुरुवार 12 सितंबर 2019
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 23, अंक : 176
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 39.0
न्यून. 27.4

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



13 दुती चंद का भारतीय दल में हुआ चयन





विचार पेज
08 गांधी जयंती पर बस्तर में होगा बदलाव!







## खबर संक्षेप

### जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे चिदंबरम



**नई दिल्ली।** आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में यहां तिहाड़ जेल में कैद पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रूख कर दावा किया है कि उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही 'दुर्भावनापूर्ण' है और 'राजनीतिक प्रतिशोध' को लेकर की गई है। चिदंबरम ने उच्च न्यायालय में एक और याचिका दायर कर पांच सितंबर के निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत उन्हें मामले में 19 सितंबर तक 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

### रतुल को पांच दिन की ईडी रिमांड पर भेजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला से संबंधित धन शोधन के मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी की ईडी की हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए और बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने प्रवर्तन निदेशालय को पुरी से पूछताछ के लिये पांच दिन का और समय दे दिया। ईडी ने उन्हें चार सितंबर को गिरफ्तार किया था और उनकी हिरासत की अवधि बुधवार को खत्म हो रही थी।

### रेप पीड़िता के लिए एम्स में लगी अदालत



**नई दिल्ली।** उन्नाव बलात्कार मामले में एम्स में बुधवार को लगाई गई अस्थायी अदालत में बंद कमरे में कार्यवाही हुई। यहां जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने बलात्कार पीड़िता का बयान दर्ज किया। मामले के प्रमुख आरोपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को इसके लिए एम्स लाया गया। उसके साथ सह-आरोपी शशि सिंह को भी लाया गया। न्यायाधीश ने शनिवार को एम्स के जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में एक अस्थायी अदालत स्थापित करने के निर्देश दिए थे। यहां महिला को 28 जुलाई को एक दुर्घटना के बाद भर्ती कराया गया था। उच्च न्यायालय ने इस मामले में शुक्रवार को अनुमति दी थी।

## ट्रैफिक चालान की भारी कीमतों के विरोध ने पकड़ा जोर

# ममता बोलीं- बंगाल में नहीं करेंगे लागू महाराष्ट्र सरकार ने लिखी केंद्र को चिट्ठी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यातायात नियमों में केंद्र सरकार द्वारा 1 सितंबर से बढ़ाए गए नियमों के खिलाफ विरोध के स्वर उठने लगे हैं। मंगलवार को गुजरात सरकार द्वारा नए यातायात नियमों में 50 फीसदी कटौती किए जाने के बाद बुधवार को कई राज्यों में इस नियम में कटौती किए जाने की मांग की गई। महाराष्ट्र सरकार के परिवहन मंत्री दिवाकर रावते ने नितिन गडकरी को चिट्ठी लिखी कर नए यातायात नियमों में भारी जुर्माना लगाए जाने पर पुनर्विचार करने के लिए कहा है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी फिलहाल नए नियमों को लागू करने से मना कर दिया है। ममता ने कहा है कि अभी उनकी सरकार इस कानून को लागू नहीं कर सकती है क्योंकि अधिकारियों का मानना है कि लोगों पर इसका बोझ पड़ेगा। इस बीच दिल्ली सरकार भी ऐसे कुछ जुर्माने कम करने पर विचार कर रही है, जिन्हें मौके पर चुकाया जा सकता है। इसके अलावा कांग्रेस शासित राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब ने भी इस कानून को लागू करने से मना कर दिया है। ज्यादातर राज्यों का कहना है कि जुर्माने की राशि को कम किया जाना चाहिए।



### युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

नए मोटर व्हीकल एक्ट पर देश के कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन देखा जा रहा है। अब भारतीय युवा कांग्रेस ने मोटर व्हीकल अधिनियम के संशोधित प्रावधानों के खिलाफ केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया है।

### चेकिंग के दौरान दिल का दौरा पड़ने से व्यक्ति की मौत

नोएडा सेक्टर-52 निवासी गौरव शर्मा रविवार को अपने पिता मूलचंद शर्मा और मां के साथ कार से इंदिरापुरम जा रहे थे। आरोप है कि एनएच-नौ पर वाहन चेकिंग के दौरान यातायात पुलिसकर्मी से नोकझोंक हुई। इसी दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ गया और उनकी मौती हो गई।

### दुर्घटनाओं में होती है लाखों की मौत, बचाना जरूरी



केंद्र सरकार द्वारा लगाए हए भारी ट्रैफिक जुर्मानों को लेकर जनता पहले ही सरकार से नाराज हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह राजस्व आय योजना नहीं है, क्या आप 1,50,000 लोगों की मौतों के बारे में चिंतित नहीं हैं? उन्होंने आगे कहा कि जुर्माने से मिली रकम राज्य सरकारों को ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जुर्माना घटाने का फैसला कर सकती है और यह उनपर निर्भर करता है।

## मथुरा में पीएम मोदी बोले

# गाय शब्द सुनकर खड़े हो जाते हैं कई लोगों के बाल

एजेंसी ⏭ मथुरा



सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को खत्म करने की मुहिम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मथुरा से की है। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ॐ' और 'गाय' के बहाने विपक्ष पर करारा वार किया। उन्होंने कहा कि 'ॐ' शब्द सुनते ही कुछ लोगों के कान खड़े हो जाते हैं, कुछ लोगों के कान में 'गाय' शब्द पड़ता है तो उनके बाल खड़े हो जाते हैं, उनको करंट लग जाता है। उनको लगता है कि देश 16वीं-17 वीं सदी में चला गया है। ऐसे लोगों ने ही देश को बर्बाद कर रखा है। इसके जवाब में विपक्ष ने पलटवार किया है। कांग्रेस ने कहा कि आर्थिक मुद्दे पर बात होनी चाहिए, वहीं सीपीआई नेता डी राजा ने आगे कहा, प्रधानमंत्री को इंसानों की बात करनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा, हमें यह कोशिश करनी है कि इस वर्ष 2 अक्तूबर तक अपने घरों, अपने दफ्तरों, अपने कार्यक्षेत्रों को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करें। आज स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत हुई है।

### गाय के नाम पर इंसानों को मारा जा रहाः ओवैसी



एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पीएम मोदी को जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कान तब खड़े हो जाने चाहिए, जब गाय के नाम पर इंसानों को मारा जा रहा है। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ओवैसी ने कहा कि गाय हिंदू भाइयों के लिए पवित्र है लेकिन संविधान में जीवन और समानता का अधिकार इंसानों को दिया गया है। मुझे उम्मीद है कि पीएम इसे समझेंगे।

## कश्मीर मुद्दे पर पाक ने फिर मुंह की खाई

# यूएन ने ठुकराई कश्मीर पर मध्यस्थता की मांग

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान की ओर से लगातार जम्मू-कश्मीर का मसला अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जा रहा है और हर तरफ से उसके हाथ में निराशा आई है। अब संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की ओर से भी पाकिस्तान को निराशा हाथ लगी है। गुटेरेस का कहना है कि जम्मू-कश्मीर का मसला भारत-पाकिस्तान आपस में बातचीत कर सुलझाएं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इस मसले पर मध्यस्थता करने से इनकार कर दिया है और जवाब में कहा गया है कि भारत अगर कहेगा तो विचार किया जाएगा। दरअसल, यूएन में पाक की प्रतिनिधि मलीहा लोधी की तरफ से एंटोनियो गुटेरेस के सामने इस मसले को उठाया गया था।



### पाक मंत्री ने माना- सभी फिदायीन हमलावर मदरसों के छात्र

अपने बयानों की वजह से सुर्खियों में ज्यादा रहनेवाले पाकिस्तान के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने एक बार फिर विवाद मोल ले लिया है। फवाद ने एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया में कहा कि यह सच है कि मदरसों में पढ़ने वाले सभी छात्र आत्मघाती हमलावर नहीं होते। लेकिन, यह एक कड़वी सच्चाई है कि सभी आत्मघाती हमलावर मदरसों के छात्र होते हैं।

### केंद्रीय मंत्री बोले- अगला एजेंडा पीओके को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाना है



**जम्मू।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के दौरान सबसे बड़ी उपलब्धि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सरकार का अगला एजेंडा ये है कि कैसे जम्मू कश्मीर के उन हिस्सों को वापस पाया जाए, जिस पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जितेंद्र सिंह ने पीओके के मुद्दे पर कहा कि यह सिर्फ मैं नहीं कह रहा या मेरा संगठन नहीं कह रहा, राजनीतिक दल नहीं कह रहा, बल्कि 1994 में पीवी नरसिम्हा राव की अध्यक्षता में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा संसद में सर्वसम्मति से पारित कराया गया संकल्प है।

### पी.के. मिश्रा प्रधानमंत्री के नए प्रधान सचिव, सिन्हा प्रधान सलाहकार

**नई दिल्ली।** प्रमोद कुमार मिश्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नया प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है जबकि पूर्व कैबिनेट सचिव प्रदीप कुमार सिन्हा को नया प्रधान सलाहकार बनाया गया है। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि गुजरात काडर के 1972 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मिश्रा (71) ने अपनी यह नयी जिम्मेदारी बुधवार को संभाल ली। मिश्रा प्रधानमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव थे और उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त था। वह नृपेंद्र मिश्रा का स्थान लेंगे जिन्होंने हाल में अपना पद छोड़ा था। एक सरकारी आदेश में कहा गया कि पूर्व कैबिनेट सचिव पी के सिन्हा (64) 11 सितम्बर से प्रधानमंत्री के प्रधान सलाहार होंगे जिन्हें गत महीने प्रधानमंत्री कार्यालय में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) नियुक्ति किया गया था।



Dr. P K MISHRA

## ब्रिटेन से आई छात्रों के लिए खुशखबरी

# पढ़ाई के बाद मिलेगा 2 साल का वर्क वीजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय छात्रों को बड़ी राहत देते हुए ब्रिटेन ने अपने यहां पढ़ाई करने वाले विदेशी छात्रों के लिए पढ़ाई के बाद की नई वर्क वीजा पॉलिसी का ऐलान किया है। ब्रिटेन के इस ऐलान से वहां पर पढ़ाई करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अपना करियर संवारने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। ब्रिटेन ने अपने यहां की यूनिवर्सिटीज में पढ़ रहे विदेशी छात्रों के लिए वर्क वीजा की समय अवधि 2 साल के लिए बढ़ाया है।

ब्रिटिश मीडिया के अनुसार ब्रेक्जिट के बाद विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ाने के मद्देनजर प्रधानमंत्री



बोरिस जॉनसन की ओर से अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए पढ़ाई पूरी करने के बाद 2 साल का वर्क वीजा बढ़ाने को लेकर नई पॉलिसी लाने का ऐलान किया गया है। यह नई पॉलिसी 2020-21 में छात्रों के दाखिले के दौरान लॉन्च होगी।

### 2012 में बंद हुई थी योजना

इस योजना को 2012 में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री टेरेसा ने खत्म कर दिया था। अब इस कार्यक्रम को फिर से शुरू किया गया है ताकि विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ाई जा सके।

### भारतीय छात्रों को मिलेगा फायदा

भारत के लिहाज से देखा जाए तो भारतीय छात्रों को इस नई पॉलिसी से काफी फायदा मिलेगा। नई पॉलिसी के आने के बाद ब्रिटेन में पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र वहां पर अगले 2 साल के लिए काम करने या करियर बनाने या फिर अपनी पसंद के अनुरूप काम करने का फैसला ले सकते हैं।

### छात्रों की संख्या में वृद्धि

पिछले 3 सालों में ब्रिटेन में भारतीय छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। जून 2019 के अंत तक भारतीय छात्रों की संख्या बढ़कर 22 हजार तक हो जाएगी और यह पिछले साल की तुलना में 42 फीसदी की वृद्धि है।




## खबर संक्षेप

### मेट्रो के आगे कूदकर शख्स ने दी जान

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन पर एक शख्स ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। मृतक का नाम अनिल गुप्ता (55) है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मृतक के परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, अनिल, 105, मजलिस पार्क में सपरिवार रहते थे। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे पुलिस को सूचना मिली कि प्लेटफॉर्म नंबर-एक के सामने चलती ट्रेन के आगे एक शख्स कूद गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस तुरंत उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। बाद में मृतक की शिनाख्त अनिल के रूप में हुई। हादसे के दौरान समयपुर बादली से विश्वविद्यालय के बीच ट्रेन की रफ्तार थम गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### मंत्री ने नवनिर्मित चौपाल जनता को समर्पित की

**नई दिल्ली।** दिल्ली समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने बुधवार को सुल्तानपुर माजरा में नवनिर्मित तीन मंजिला चौपाल को दलित समाज के लोगों को समर्पित किया। वहीं एक निजी शिक्षण संस्थान में डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। चौपाल को एससी / एसटी विभाग द्वारा 2.80 करोड़ की लागत से बनाया गया है।

### चोरी के फोन खरीदने वाले दंपति समेत तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईस्ट जिले की स्पेशल स्टॉफ ने लूट, चोरी व झपटमारी के फोन खरीदने वाले एक दंपति समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक झपटमार भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों का नाम दिलबर सिंह (35) इसकी पत्नी किरण (30) और सूरज (23) है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के 46 मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की है। पुलिस अधिकारी की माने तो आरोपी दिलबर सिंह चोरी के मोबाइल खरीदने के अलावा शराब तस्करी भी करता था। इस पर हत्या, लूटपाट, शराब तस्करी जैसे नौ मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर ही है। डीसीपी (ईस्ट) जसमीत सिंह ने बताया कि स्पेशल स्टॉफ में तैनात एएसआई जोगिंदर ढाका को सूचना मिली कि कल्याणपुरी की रहने वाली एक महिला बदमाशों से चोरी के मोबाइल खरीदती है। सूचना के बाद पुलिस ने उसके बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने आरोपी किरण, दिलबर और सूरज को गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने इनकी निशानदेही पर 46 मोबाइल फोन बरामद किये। पूछताछ में किरण ने बताया कि वह और उसका पति दिल्ली एनसीआर के बदमाशों से लूटे गए मोबाइल खरीदकर गरीब लोगों को बेचते हैं।

## अधिक पैसे लेने पर दो प्रदूषण जांच केंद्रों पर की कार्रवाई

# डीटीसी डिपो और टर्मिनलों में बनवा सकेंगे प्रदूषण प्रमाण पत्र: गहलोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नए ट्रैफिक नियम लागू होने के बाद दिल्ली के प्रदूषण जांच केंद्रों पर बढ़ी भीड़ को कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने आज से दिल्ली परिवहन निगम के डिपो और टर्मिनलों में स्थित प्रदूषण जांच केंद्रों को जनता के लिए खोल दिया है। अब इन केंद्रों में लोग सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक अपने वाहनों की प्रदूषण जांच करवा का प्रमाण पत्र ले सकते हैं। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने प्रैसवार्ता में दी है। गहलोत ने बताया कि 1 सितंबर से मोटर वीइकल ऐक्ट (संशोधन) 2019 पूरे देश में लागू हो गया है। जिससे दिल्ली में प्रदूषण प्रमाण पत्र बनवाने में इजाफा हुआ है, जिस कारण दिक्कतें पैदा हो रही है। इस समस्याओं को दूर करने के लिए बुधवार को परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक हुई। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक करोड़ 10 लाख से अधिक वाहन हैं। इसमें करीब 40 लाख वाहन (डीजल वाले 10 साल, पेट्रोल वाले 15 साल पुराने) पुराने हैं। करीब 70 लाख वाहन में यूरो फोर के पहले के वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र तीन माह के लिए और यूरो फोर के बाद वाले वाहनों के लिए एक साल का प्रदूषण प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले



■ लोगों को नहीं होने देंगे दिक्कत: मंत्री

प्रति दिन करीब 15 हजार प्रदूषण प्रमाण पत्र बनते थे अब तीन गुना बढ़कर 45 हजार को पार कर गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं जिससे दिल्लीवालों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि एक सितंबर के बाद मंगोलपुरी में डीडीए सब डिस्टिक सेंटर, नोएडा मथुरा रोड पर सविता सर्विस सेंटर, महानंद माई मार्ग पर, आई पी स्टेट, कालकाजी एक्सटेंशन, गीता कॉलोनी, झरोंदा माजरा, नजफगढ़, नांगलोई रोड सहित अन्य जगहों पर प्रति दिन 2200 से अधिक प्रदूषण प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। बता दें कि दिल्ली में 941 प्रदूषण जांच केंद्र हैं। सरकार के आदेश के तहत इन केंद्रों पर सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक प्रदूषण प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। परिवहन मंत्री ने बताया कि अधिक पैस लेने की शिकायत पर दो प्रदूषण जांच केंद्रों पर कार्रवाई की गई। जिन्हें तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। उन्होंने हिदायत दी ऐसी हरकत को माफ नहीं किया जाएगा।

### अन्य राज्यों के रुझान सामने आने के बाद जुर्माना घटाने पर लिया जाएगा फैसला

गुजरात सरकार की ओर से ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के 24 मामलों में जुर्माना की दर 90 पर्सेंट तक कम कर देने के बाद दिल्ली सरकार कुछ और राज्यों के रूझान आने के बाद इस पर फैसला लेगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि मोटर व्हीकल एक्ट में 61 ऑफेंस हैं। 27 मामलों में राज्य सरकार कुछ नहीं कर सकती। 34 मामलों में कंपाउंडिंग अमाउंट में रिलीफ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ हुई बैठक में काफी विस्तार इस मामले पर विचार-विमर्श हुआ। लेकिन मामला सड़क सुरक्षा से जुड़ा है। इसलिए किसी स्टेज पर लगा कि कम करना है तो हम जरूर करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों के रुझान सामने आने के बाद कुछ जरूरी फैसला लिया जाएगा।

### दिल्ली सरकार ने माना प्रदूषण जांच केंद्रों पर हो रहा था भ्रष्टाचार: तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने बुधवार को स्वीकार कर लिया है कि प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी करने वाले केंद्रों की संख्या कम होने के कारण लोगों को समस्याओं और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ रहा है जिसके बाद दिल्ली सरकार ने कहा कि डीटीसी डिपो पर भी प्रदूषण जांच केंद्र खोले जायेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर उक्त तंज कसते हुए कहा कि प्रदूषण जांच केंद्रों की संख्या बढ़ाने की हमारी मांग जनता के हित में थी जिस पर केजरीवाल सरकार की बुधवार को नींद खुली है। यह कदम सरकार को सत्ता में आने के बाद ही उठा लेने चाहिए थे, वो आज साढ़े चार वर्ष बाद उठाये जा रहे हैं, स्पष्ट है कि जनता के हितों से केजरीवाल सरकार का कोई सरोकार नहीं है।



### सर्वर की क्षमता को बढ़ाकर किया दोगुना

परिवहन मंत्री ने बताया कि पिछले 11 दिनों से चली आ रही सर्वर की समस्या गुरुवार से दूर हो जाएगी। दिल्ली सरकार ने सर्वर की क्षमता को बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। मंत्री कैलाश ने बताया कि अभी तक प्रति घंटे 3260 प्रदूषण प्रमाण पत्र बनाए जा रहे थे। लेकिन मांग बढ़ने के बाद सर्वर डाउन होने लगा। जिसे देख सर्वर की क्षमता को दोगुना कर दिया है। अब 6 हजार प्रदूषण प्रमाण पत्र प्रति घंटे बनाए जा सकेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि नए केंद्र खोले जाएंगे।

# कांस्टेबल की पिटाई कर फाड़ दी वर्दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ मां-बेटा और पत्नी गिरफ्तार, पिस्टल व मोबाइल भी छीना

■ घटना के दौरान तमाशबीन बनी रही भीड़

हिंद विहार इलाके में गश्त कर रहे कांस्टेबल ने कार में सवार इलाके के घोषित बदमाश को देखा तो वह उसके पास जाकर पूछताछ करने लगे। इसी दौरान आरोपी कार से उतरकर भागने लगा। कांस्टेबल ने पीछा कर उसे दबोच लिया। इस पर वह चिल्लाने लगा। चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी, मां वहां आ गए और उन्होंने कांस्टेबल को पीटना शुरू कर दिया। हमले में आरोपियों ने उनकी वर्दी भी फाड़ दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने उनकी सर्विस पिस्टल और मोबाइल भी छीन लिया। इस बीच भीड़ तमाशबीन बनी रही। किसी तरह कांस्टेबल ने मामले की सूचना थाने में दी। इस बीच कांस्टेबल आरोपियों पर लगातार काबू पाने की कोशिश करता रहा। मौके पर अन्य पुलिस कर्मियों के आने के बाद आरोपियों पर काबू पाया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों का नाम सुमित (28), उसकी पत्नी पिंकी (27) और मां शांति देवी (50)है। फिलहाल प्रेम नगर थाना पुलिस ने इनके खिलाफ सरकारी काम में बाधा, ड्यूटी के दौरान हमला, वर्दी फाड़ने, लूटपाट करने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (रोहिणी) एसडी मिश्रा ने बताया कि कांस्टेबल अमित, प्रेम नगर थाने में तैनात है। मंगलवार दोपहर वह इलाके में गश्त कर रहे थे। जैसे ही वह प्रेम नगर-तीन, हिंद विहार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि घोषित बदमाश सुमित कुछ लड़कों के साथ कार में बैठा है। वह पिछले काफी समय से थाने से गैर हाजिर था। आरोपी सुमित को देखकर कांस्टेबल उससे पूछताछ करने के लिए उसके पास गए तो वह कार से उतरकर भागने लगा। कांस्टेबल अमित ने पीछा कर आरोपी को दबोच लिया। इस पर आरोपी चिल्लाने लगा। शोर सुनकर उसकी पत्नी पिंकी और मां शांति देवी वहां पहुंच गई। आरोपियों ने कांस्टेबल से सुमित को छुड़ाने के लिए उन पर हमला कर दिया। यहां तक पिंकी ने उन्हें मारने के लिए ईंट भी उठा ली। इसी बीच आरोपियों ने उनका फोन व पिस्टल भी छीन ली। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। अन्य पुलिस कर्मियों के आने के बाद आरोपी सुमित, पिंकी और शांति को काबू किया। कुछ लोगों ने मारपीट का वीडियो बनाकर बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस अधिकारी की माने तो पूरा परिवार शराब तस्करी के धंधे में लिप्त है।

# नवविवाहिता की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

फर्श बाजार थाना इलाके में नवविवाहिता की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका का नाम शिवांगी कसाना (28) है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस को महिला के कैमरे से अवैध पिस्टल बरामद हुई। शिवांगी के मायके वाले ने ससुराल पक्ष पर उसकी गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि यह अभी साफ नहीं है कि हत्या किसने की है। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर महिला के पति प्रशांत को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मामले की जांच क्षेत्रिय एसडीएम को सौंप दी है। डीसीपी (शाहदरा) अमित कुमार ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर पति प्रशांत को हिरासत में ले लिया गया है। उससे पूछताछ जारी है। वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया गया है। पति के खिलाफ पहले कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस के मुताबिक, शिवांगी नंबर-10, विश्वास नगर में सपरिवार रहती थी। परिवार में पति प्रशांत कसाना, एक बेटी, ससुर दिनेश कसाना, सास व एक शादीशुदा ननद है। दोनों की शादी 2018 जून में हुई थी। प्रशांत आनंद विहार इलाके में कवंडर्स मार्केट में जूतों की दुकान



■ पुलिस पति को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ

चलाता है, जबकि शिवांगी पूर्वी दिल्ली के एक नामी स्कूल में टीचर थी। गर्भवती होने के बाद उसने स्कूल छोड़ दिया था। करीब 25 दिनों पहले उसने एक बेटी को जन्म दिया था। पुलिस को सुबह करीब 10:30 बजे मैक्स अस्पताल से सूचना मिली कि शिवांगी नामक एक महिला ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल के लिए रवाना हो गई। पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। वहीं, पूछताछ के दौरान प्रशांत ने बताया कि जिस दौरान उसकी पत्नी ने खुद को गोली मारी, उस वक्त वह सो रहा था। पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी को हिरासत में ले लिया। इधर प्रशांत के पिता दिनेश व उसकी मां ने घर में गोली की आवाज सुनने से इनकार किया है। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की नंद नगरी टीम ने हत्या के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम शहजाद उर्फ अरमान और शाहरूख उर्फ अरशद हैं। इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने जाफराबाद के एक अफहरण केस को भी सुलझाने का दावा किया है। दोनों युवकों से एक पिस्टल और तीन कारतूस भी बरामद किये गये हैं। 8 सितंबर को इन्होंने सलमान नाम के युवक की चौहान बांगड पुलिस पर हत्या की थी। इस संबंध में सीलमपुर थाने में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को करावल नगर एरिया से गिरफ्तार किया। आरोपियों की सलमान से पुरानी रंजिश थी। वारदात के समय इनका सलमान से सामना हो गया था। इसके बाद पहले दोनों ने उसकी पिटाई की थी और बाद में सिर में गोली मारकर मौके पर ही अपनी बुलेट मोटर साइकिल छोड़ फरार हो गये थे।

# शराब बेचते पकड़े दो अफ्रीकी नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### बिना वीजा और पासपोर्ट वाले 65 को किया डिपोर्ट





■ एनडीपीएस, फॉरेन एक्ट में नौ गए तिहाड़ जेल

द्वारका जिले के मोहन गार्डन थाने की पुलिस ने दो अफ्रीकी नागरिकों को शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनके पास से 107 बोलते बियर की जब्त की गई है। आरोपियों के पास वैध कागजात भी नहीं थे। पुलिस दोनों के डिपोर्ट करने की कार्रवाई में जुटी है। इसके साथ ही पुलिस नवादा, उत्तम नगर व मोहन गार्डन इलाकों में अवैध रूप से रहने वाले अफ्रीकी नागरिकों के खिलाफ एक्शन लेने का मन बना चुकी है। इसके तहत इस साल 10 सितंबर तक बिना पासपोर्ट और वीजा के रह रहे 65 लोगों को डिपोर्ट किया भी जा चुका है। नौ लोगों को आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। द्वारका डीसीपी अंटो अल्फोंस के अनुसार एसीपी नजफगढ़ विजय सिंह यादव की देखरेख में एसएचओ बलजीत सिंह, सहायक सब इंस्पेक्टर राज सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मबीर, कांस्टेबल दिनेश की टीम ने दोनों अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया। पुलिस इस इलाके से अब तक 65 अफ्रीकन नागरिकों को वीजा-पासपोर्ट खत्म होने के कारण डिपोर्ट करवा चुकी है। जबकि फॉरेन एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के तहत 9 अफ्रीकन नागरिक को गिरफ्तार करके तिहाड़ जेल भेजा गया गया है। मोहन गार्डन और आसपास के इलाकों में अफ्रीकी नागरिक भारी तादाद में रहते हैं। वीजा पासपोर्ट खत्म होने के बाद भी ये लोग अवैध तरीके से यहां रहते है। इनमें से कुछ अवैध धंधे भी करते हैं।

## महिला से ठगे एक लाख 50 हजार रुपये

**नई दिल्ली।** लक्ष्मी नगर थाना इलाके में मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर एक महिला के साथ एक लाख 50 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने ऑनलाइन मोबाइल टावर लगवाने के लिए आवेदन किया हुआ था। आरोपी ने महिला से एक कंपनी का अधिकारी बनकर अलग-अलग तरीकों से रुपये ऐंठना शुरू कर दिया। आरोपी ने महिला से कभी सिक्योरिटी, कभी रजिस्ट्रेशन और कभी किसी अन्य तरीके से एक लाख 50 हजार रुपये ले लिये। इसके बाद आरोपी ने उनसे 70 हजार रुपये मांगे। इस पर उन्होंने आरोपी को चेक काटकर दे दिया। लेकिन बैंक में सर्वर डाउन होने के कारण चेक क्लीयर नही हुआ। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अनीता रानी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बुराड़ी के स्पा में ऑनलाइन सेक्स रैकेट का भंडाफोड़



**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने बुधवार को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर बुराड़ी स्थित एक स्पा सेंटर 18 प्लस ब्यूटी टेंपल का निरीक्षण किया और वहां चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। डीसीडब्ल्यू ने मिली शिकायत पर दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच से तुरंत बात की। क्राइम ब्रांच ने अपनी एक टीम भेजी। स्पा में छापे से पहले क्राइम ब्रांच का अधिकारी खुद ग्राहक बनकर स्पा में गया जहां उसे लड़कियों की फोटो और सेक्स के लिए रेट स्क्रीन पे दिखाया गया। तभी दोनों टीमे स्पा में घुस गई। उन्होंने सभी कमरों का निरीक्षण किया। वहां तहखाने जैसे कमरे बने हुए थे। वहां से कंडोम और अश्लील मेनू कार्ड मिले व अन्य आपत्ति जनक सामान मिला। यहां से 4 लड़कियां 3 कस्टमर और इस रैकेट को चलाने वाले तीन व्यक्तियों को स्थानीय थाने से आए पुलिस वाले थाने लेकर गए।

# मशहूर महिला डायरेक्टर के बेटे पर पॉक्सो का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पार्क में चूमा था वकील के छह वर्षीय बेटे का गाल

लोधी गार्डन इलाके में पिता के साथ घूमने आए 6 वर्षीय बच्चे का गाल चूमना एक शख्स को बहुत मंहगा पड़ गया। बच्चे के पिता की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने उस शख्स के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी चंद्रकांता जैसे चर्चित सीरियल की मशहूर महिला निर्देशिका का बेटा बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी की तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। वह मानसिक रूप से भी थोड़ा कमजोर है। नई दिल्ली रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद मोहन ने केस की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नई दिल्ली जिले के तुगलक रोड थाने में केस दर्ज हुआ है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। पुलिस के अनुसार रविवार की सुबह 8 से 9 बजे के बीच की है। शिकायतकर्ता फरीदाबाद में रहते हैं। वह पेशे से वकील है। सुबह की सैर पर बेटे के साथ लोधी गार्डन में घूमने आये थे। बच्चे के पिता कुछ सामान कार में भूल आए थे। जब वो कार से सामान लेकर लौटे तो बेटे ने उन्हें बताया कि अंकल ने उसके गाल पर किस किया है। जिसके बाद गुस्साए पिता ने मौके पर ही पुलिस बुला ली। इसके बाद पुलिस शिकायतकर्ता और 45 वर्षीय आरोपी को लेकर तुगलक रोड थाने जा पहुंची। पुलिस ने बच्चे के पिता की पूरी बात सुनकर और बच्चे से घटना का ब्यौरा लिया और आरोपी के खिलाफ पॉक्सो-एक्ट के तहत केस दर्ज कर दिया। सूत्रों के मुताबिक आरोपी दक्षिणी दिल्ली के पॉश इलाके सफदरजंग एंक्लेव में रहता है। जानकार बताते हैं कि सार्वजनिक स्थल पर किसी बच्चे का गाल चूमे जाने पर पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर लिए जाने का राजधानी में शायद यह पहला मामला होगा। आरोपी की गिरफ्तारी के बारे में जानने के लिये नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. ईश सिंघल से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन पिक नहीं किया।

## सिरफिरे आशिक ने शादी से इनकार पर लगाई महिला को आग

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में एक शादीशुदा महिला ने शादी करने से इलकार किया तो सिरफिरे आशिक ने महिला को आग लगा दी। कपड़ों में आग लगने से महिला बुरी तरह से झुलस गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। झुलसी हालत में महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने उसे सफदरजंग के लिए रेफर कर दिया। पीड़ति की शिकायत पर उत्तम नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी सोनू उर्फ बेदी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मूलरुप से बिहार निवासी पीड़ित महिला ओम विहार, उत्तम नगर इलाके में परिवार के साथ किराए पर रहती है। उसकी चार लड़कियां है। वह घरों में काम कर बच्चों का भरण-पोषण करती है। शुक्रवार को उसके पति सफदरजंग अस्पताल में भर्ती किसी रिश्तेदार से मिलने गए हुए थे। रात करीब 9.30 बजे सोनू उर्फ बेदी उनके घर आया। वह महिला से एकतरफा प्यार करता था। उसने महिला पर कोर्ट मैरिज करने का दबाव बनाया। महिला ने इनकार कर दिया तो देर रात 1.15 बजे आरोपी ने महिला के कपड़ों में आग लगा दी।

## गत वर्ष दिसंबर माह में टी-3 पर हुआ था शुरू

# अब टी-2 पर दिल्ली पुलिस कियॉस्क

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक ने बुधवार को आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर सार्वजनिक सुविधाओं से लैस दिल्ली पुलिस के एक कियॉस्क (पुलिस बूथ) का उद्घाटन किया। इस बूथ पर यात्री और वहां पर काम करने वाले लोग लोस्ट एंड फाउंड रिपोर्ट, मिसिंग रिपोर्ट, ई-एफआईआर, वाहन चोरी, करेक्टर वैरिफिकेशन रिपोर्ट और आर्थिक और साइबर क्राइम से जुड़े मामलों की शिकायत कर सकते हैं। इस मौके पर स्पेशल कमिश्नर प्रवीर रंजन, डायल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार भी मौजूद रहे। आईजीआई एयरपोर्ट डीसीपी संजय भाटिया ने बताया कि एयरपोर्ट पर यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के लिये दिल्ली पुलिस प्रयासरत है। इसी कड़ी में खोला गया पुलिस बूथ हर दिन चौबीसों घंटे खुला रहेगा। इसका एक मुख्य मकसद यह भी है कि लोगों को एक ही प्वाइंट पर पुलिस से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाना है ताकि थाने जाने में बर्बाद होने वाले समय की बचत हो सकें। इससे पहले टी-3 पर यू कियॉस्क खोला गया था। अब टी-2 पर खोला गया है। यहां से हर रोज करीब 220 फ्लाईट हैंडल होती है। इसके साथ ही करीब 50 हजार लोगों का आवागमन होता है। आने वाले समय में टी-1 पर भी इस प्रकार की सुविधाएं शुरू की जाएगी। कार्यक्रम में जीएमआर, एयरोसिटी, एयरफोर्स, कस्टम्स, सीआईएसएफ, एनएसजी आदि विभागों के सीनियर ऑफिसर भी मौजूद थे।



# 10 किलो हेरोइन के साथ तीन धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत आंकी गई करीब 30 करोड़



स्पेशल सेल ने तीन लोगों को हेरोइन तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। रोहिणी इलाके से गिरफ्तार इन लोगों के पास से 10 किलो हेरोइन बरामद हुई है। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 30 करोड़ आंकी गई है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मणिपुर से हेरोइन मंगवाकर झारखंड के नक्सल प्रभावित इलाकों से अन्य राज्यों में सप्लाई करते थे। डीसीपी मनीषी चंद्रा के अनुसार गिरफ्तार किये गये आरोपियों में जयचंद सक्सेना, श्याम और सोनू गोस्वामी शामिल है। झारखंड से हेरोइन वर्ना कार में भरकर दिल्ली लाई गई थी। सूचना के बाद पुलिस ने सेक्टर-11 रोहिणी से आरोपियों को धर दबोचा। तीनों आरोपी बरेली और शाहजहांपुर यूपी के रहने वाले हैं। जांच में पता चला कि हेरोइन का मेन सप्लायर झारखंड के नक्सल प्रभावित एरिया से इस धंधे को ऑपरेट कर रहा है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

## छह घंटे में दबोचे गैंगरेप के दोनों आरोपी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले की मोती नगर पुलिस ने एक नाबालिग लड़की से गैंगरेप के दोनों आरोपियों को छह घंटे के भीतर दबोच लिया। आरोपियों के नाम रवि और अंकित चौधरी उर्फ वासू बताये हैं। एक आरोपी दिहाड़ी मजदूरी करता है तो दूसरा बेरोजगार है। दोनों की उम्र 24 और 25 साल हैं। डीसीपी दीपक पुरोहित के अनुसार 9 सितंबर को वेस्ट बंगाल की रहने वाली किशोरी कुछ सामान खरीदने घर से निकली थी। वह घरेलू सहायिका के तौर पर कार्य करती थी। कुछ समय के लिये पार्क में चली गई थी। वहीं पर दोनों आरोपियों ने उसे बहला फुसला लिया और ईएसआई अस्पताल के खाली पड़े स्टाफ क्वार्टर में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया था। लड़की मंगलवार तड़के ईएसआई अस्पताल के पास बदहवास हालत में पाई गई थी। पीड़ति करीब तीन महीने पहले वेस्ट बंगाल से दिल्ली आई थी। उसके दूर के रिश्तेदार ने उसे घरेलू सहायिका के तौर पर कार्य दिलवाया था।



## खबर संक्षेप

### उत्तरी निगम ने काटे 72 वीआईपी चालान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा चलाये गए 10 सप्ताह, 10 बजे, 10 मिनट अभियान के बाद दिल्ली सरकार और निगमें आमने सामने हैं। गत दिनों जहां दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने डेंगू को लेकर सरकारी संस्थानों, कार्यालयों के वीआईपी चालान किये थे। वहीं, बुधवार को उत्तरी निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष जय प्रकाश ने मच्छरजनित बीमारियों का आंकड़ा पेश करते हुए बताया कि इस साल 1 जनवरी से लेकर 7 सितम्बर तक डेंगू व मलेरिया मच्छरों पनपने के मामले में 72 वीआईपी लोगों व संस्थानों के चालान किये। इसमें कई सरकारी संस्थान भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस साल निगम की ओर से अभी तक 94,81,112 रिहायशी घरों की जांच की गई, इसमें से 39,806 घरों में मच्छरों का लार्वा पनपता पाया गया। 1,29,661 घरों में दवा का छिड़काव किया गया तथा 29,809 को कानूनी नोटिस जारी किया गया। 72 वीआईपी चालान में कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन, दिल्ली जल बोर्ड, डीडीए कार्यालय, सरकारी स्कूल, फायर स्टेशन, पुलिस स्टेशन और रेलवे तथा एमसीडी के स्कूल भी शामिल बताये गए हैं।

### श्रीकांत आप के वैश्विक सह-संयोजक नियुक्त

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को घोषणा की है कि श्रीकांत कोचरलकोटा को आप वैश्विक के सह-सहयोजक पद पर नियुक्त किया गया है। श्रीकांत कोचरलकोटा वर्तमान में लॉस एंजिल्स, अमेरिका में रह रहे हैं और वह शुरूआत से ही आप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अमेरिका में आप को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पंजाब और दिल्ली चुनावों के दौरान सुशासन के संदेश को फैलाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। पिछले 5 वर्षों में, उन्होंने आप को मजबूत करने के लिए अमेरिका के विभिन्न शहरों में यात्रा की है। इसके अलावा श्रीकांत ने एमसीडी चुनावों के दौरान दिल्ली में भी स्वेच्छा से काम किया है।

### प्लास्टिक पर रोक से पर्यावरण होगा बेहतर

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने बुधवार से शुरु हुए स्वच्छता ही सेवा-प्लास्टिक वेस्ट श्रमदान अभियान की निगम के चारों जोन में शुरुआत की गई। इस दौरान नवनियुक्त आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कहा कि एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक पर रोक से पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों बेहतर होंगे। आयुक्त भारती ने बताया कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के कार्यक्रमों के अंतर्गत ऐसे अनूठे श्रमदान में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी है। 6 सप्ताह के इस श्रमदान अभियान को निगम के प्रत्येक क्षेत्र के कोने-कोने में ले जाकर जागरुकता विकसित करनी होगी।

## डूसू चुनाव : 52 मतदान केंद्र बनाए, 1.30 लाख विद्यार्थी करेंगे फैसला

# वोटिंग आज, एबीवीपी और एनएसयूआई में मुकाबला



एबीवीपी के उम्मीदवार।



एनएसयूआई के उम्मीदवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के तहत चार पदों के लिए आज गुरुवार को वोट डाले जाएंगे और परिणामों की घोषणा 13 सितंबर को होगी। इसमें 1.30 लाख से अधिक विद्यार्थी मतदान करने के योग्य हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के चुनाव अधिकारी अशोक प्रसाद ने कहा कि मतदान केंद्रों पर ईवीएम बुधवार को पहुंचा दिये गये और सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। उत्तर पश्चिम दिल्ली के किंग्सवे कैंप की पुलिस लाइन्स का कम्युनिटी हॉल मतगणना केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि 1.30 लाख विद्यार्थी 52 मतदान केंद्रों पर वोट डालेंगे। चुनाव परिणाम 13 सितंबर को घोषित किए जाएंगे। नजदीकी मुकाबले वाले इन चुनावों में कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई से अध्यक्ष पद के लिए 11 साल बाद कोई महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इसकी प्रतिद्वंद्वी एबीवीपी ने पिछली बार 2011 में महिला उम्मीदवार उतारा था। चुनाव मैदान में उतरे 16 उम्मीदवारों में केवल चार महिलाएं हैं जिनमें से दो निर्दलीय हैं।




आइसा के उम्मीदवार।

### ये है मैदान में

आरएसएस से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने डूसू अध्यक्ष पद के लिए अक्षित दहिया को, उपाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप तंवर को, महासचिव पद के लिए योगित राठी और संयुक्त सचिव पद के लिए शिवांगी खेरवाल को उतारा है। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने दहिया के खिलाफ चेतना त्यागी को और वाम दल समर्थित आइसा ने अध्यक्ष पद के लिए दामिनी कैन को उतारा है। एनएसयूआई ने उपाध्यक्ष पद के लिए अंकित भारती को, सचिव पद के लिए आशीष लांबा और संयुक्त सचिव पद के लिए अभिषेक चपराना को चुनाव मैदान में उतारा है।

### थाना प्रभारी करेंगे केंद्रों का निरीक्षण

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस सहायक आयुक्त और उत्तर पश्चिम जिले के थाना प्रभारी मतदान केंद्रों पर व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस की तरफ विजय जुलूसों की निगरानी उत्तर पुलिस जिला के पुलिसकर्मी करेंगे। पिछले साल, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गडबड़ी के आरोपों को लेकर मतदान रोक दिया गया था। हालांकि, बाद में यह शुरू कर दिया गया था। पिछले साल के चुनाव में एबीवीपी ने तीन पदों पर जीत हासिल की थी जबकि एनएसयूआई को एक सीट मिली थी। विभिन्न छात्र संगठनों ने चुनाव से पहले जो वादे किए हैं उनमें असमानता हटाना, महिला सुरक्षा, विद्यार्थियों को ओलंपिक भेजना और मेट्रो के लिए रियायती पास दिलाना आदि शामिल हैं।

### एसएफआई के सदस्यों की याचिका पर डीयू को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) से संबद्ध तीन विद्यार्थियों की एक याचिका पर दिल्ली विश्वविद्यालय से जवाब मांगा है। याचिका में विद्यार्थियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें विश्वविद्यालय छात्र संघ के पदों पर चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से अवैध तरीके से रोका गया। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव आज होने हैं। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने याचिका पर दिल्ली विश्वविद्यालय, उसके मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) और मॉरिस नगर के थाना प्रभारी को बुधवार को नोटिस जारी किया।

#### सुनवाई 17 अक्टूबर को

अदालत ने मामले में अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को तय की है। अदालत ने कहा कि चुनाव, याचिका के परिणाम पर निर्भर करेगा। यह याचिका डीयू के विद्यार्थियों - रवि कुमार चौहान, नोएल बिन्नी और परमानंद शर्मा ने दायर की है जिसमें आरोप लगाया गया है कि चार सितंबर को अपने नामांकन दस्तावेज जमा करने के लिए वे मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय जा रहे थे जब उन्हें ऐसा करने से एबीवीपी के संदिग्ध सदस्यों द्वारा कथित तौर पर रोका गया। चार सितंबर नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख थी। याचिका में कहा गया कि शरारती तत्वों ने एक छात्र को अपनी गिरफ्त में लेकर उसके कागजात छीन लिए। साथ ही इसमें कहा गया कि उन्होंने जब दोबारा नामांकन दायर करने की कोशिश की तो उन्हें अवैध तरीके से फिर से रोका गया। याचिका में दावा किया गया कि भारी पुलिस बल की तैनाती के बावजूद अधिकारियों ने उन्हें बचाने के लिए कुछ नहीं किया और मूकदर्शक बने रहे।

# सरकारी अस्पतालों में वीआईपी संस्कृति खत्म करने का निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग को दिल्ली सरकार के अस्पतालों में वीआईपी संस्कृति को समाप्त करने का निर्देश दिया और कहा कि सभी नागरिकों को समान इलाज मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के सरकारी अस्पतालों में वीआईपी लोगों के लिए निजी कमरे नहीं होंगे। केजरीवाल ने ट्वीट किया, 'मैंने स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में वीआईपी संस्कृति खत्म करने का निर्देश दिया है। वीआईपी लोगों के लिए कोई निजी कमरा नहीं होगा। सभी नागरिकों को समान इलाज मिलेगा, बल्कि यह सबसे अच्छी गुणवत्ता का होगा। कुछ अस्पताल हैं जिनमें निजी कमरे हैं जिन्हें कुछ शुल्क पर बुक किया जा सकता है।

### केंद्र से रविदास मंदिर की जमीन को डि-नोटिफाई करने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को केंद्रीय आवासीय एवं शहरी विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखकर तुगलकाबाद में ढहाए गए संत रविदास के मंदिर की जमीन को डि-नोटिफाई करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में मुख्यमंत्री ने लिखा है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने 10 अगस्त, 2019 को तुगलकाबाद गांव में संत रविदास का मंदिर ढहा दिया था। इससे करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इस मंदिर को ढहाये जाने के बाद संत रविदास के अनुयायी दुनिया भर में और दिल्ली में भारी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। संत रविदास न केवल दलित समाज के बल्कि सभी समुदायों के श्रद्धेय संत थे। पांच शताब्दियों से संत रविदास जी की शिक्षाएं हर पीढ़ी को सशक्त बना रही हैं और दिशा दिखा रही हैं। पत्र में लिखा कि हालांकि मंदिर और अन्य संपत्तियां ढहा दी गई हैं लेकिन अब भी मंदिर को दोबारा स्थापित करने की संभावनाएं बाकी हैं। उन्होंने मुझे बताया गया है कि मंदिर को दोबारा स्थापित करने और इस अन्याय को ठीक करने का अभी भी अवसर है।

### अस्पतालों में बिस्तर बढ़ाने का आप सरकार का वादा गुमराह करने वाला : गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को कहा कि लगभग पांच वर्ष के कार्यकाल में अपने अस्पतालों में मात्र 394 बिस्तर ही बढ़ा पाने वाली सरकार का अब अंतिम छोर पर पहुंचकर 13899 बिस्तर बढ़ाने का वादा गुमराह करने वाला है। उन्होंने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन द्वारा अस्पतालों पर मुख्यमंत्री को सौंपी गई स्टेटस रिपोर्ट को झूठा बताते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सरकारी अस्पतालों में 30000 बिस्तर बढ़ाने का वादा किया था। इनमें से 4000



बिस्तर प्रसूति वार्ड के लिये बनाने का वादा भी सम्मिलित था। परंतु सरकार प्रसूति वार्ड में एक भी बिस्तर बढ़ाने में असफल रही। आप सरकार पौने पांच वर्ष में मात्र 394 बिस्तर ही बढ़ा पाई है।

## प्रदर्शन..




दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हनी बाबू के आवास पर छापेमारी के विरोध में प्रदर्शन करते आइसा के कार्यकर्ता।

### डीयू के प्रोफेसर घर के पर छापेमारी की निंदा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हनी बाबू के नोएडा स्थित आवास पर छापेमारी की जेएनयूटीए ने बुधवार को निंदा की। पुणे पुलिस ने माओवादियों से कथित संपर्क रखने को लेकर 2017 के एलगार परिषद मामले में मंगलवार को डीयू के प्रोफेसर हनी बाबू के दिल्ली से लगे नोएडा स्थित घर पर छापा मारा था। जेएनयूटीए ने इसे प्रोफेसर को " डराने-धमकाने और प्रताड़ित करने" की कोशिश बताया। पुणे पुलिस ने नोएडा के सेक्टर 78 स्थित 45 वर्षीय बाबू के घर की तलाशी ली थी। पुणे पुलिस में सहायक आयुक्त शिवाजी पंवार ने कहा था कि तलाशी अभियान के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं की गई। जेएनयूटीए ने कहा कि उनके आवास पर तलाशी लेना 'देशभर के मानवाधिकार की रक्षा करने वाले लोगों, पत्रकारों, प्रोफेसरों, लेखकों तथा कार्यकर्ताओं का मुंह बंद करने, उन्हें डराने-धमकाने के लिए वर्तमान सरकार के तानाशाही वाले प्रयासों की हैरान करने वाली घटना है।

## वाहन देने से पहले जांच करता प्रशासन : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली नगर निगम प्रशासन द्वारा महापौर अवतार सिंह को दिए गए कथित वाहन पर बढ़ते विवाद को लेकर बुधवार को महापौर सिंह ने बताया कि महापौर बनने के बाद मुझे निवास दिया गया, सिविक सेंटर में कार्यालय दिया गया और दो वाहन दिये गए। मैंने किसी की भी जांच नहीं की। प्रशासन ने जो वाहन दिये, मैंने उनका ही उपयोग किया। महापौर सिंह ने कहा कि शुरू में मुझे





जो वाहन दिये गए उनमें बैठते व उठते समय दिक्कते आ रही थी तो मैंने आयुक्त को अन्य वाहन देने को कहा। इस पर मुझे जो वाहन दिया गया वह किसी निजी कंपनी के नाम से पंजीकृत था, तो इसमें मेरा क्या दोष है। इस बारे में मैंने आयुक्त से जबाव मांगा है। वहीं, निगमायुक्त वर्षा जोशी का कहना है कि यह गाड़ी प्रोजेक्ट के लिए ली गई थी और टेंडर प्रक्रिया के तहत आई है। उन्होंने कहा कि महापौर बड़ी गाड़ी की मांग कर रहे थे। इसी के चलते यह गाड़ी उन्हें मुहैया करा दी गई थी। वहीं, बढ़ते विवाद के चलते बुधवार को महापौर अपनी पुराने सरकारी वाहन से सिविक सेंटर पहुंचें।




## भूजल का दोहन, पानी की बर्बादी रोके जल बोर्ड : एनजीटी

# 'फ्री जल नीति से होता है पानी का अत्यधिक उपयोग'



एजेंसी ⏭नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने आम आदमी पार्टी सरकार की प्रति माह 20,000 लीटर पानी मुफ्त देने की योजना का कई हाउसिंग सोसाइटियों द्वारा दुरुपयोग किये जाने का हवाला देते हुये दिल्ली जल बोर्ड को पानी की बर्बादी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 20,000 लीटर मुफ्त पानी का लाभ उठाने के बाद, ये सोसाइटियां पानी के शुल्क के भुगतान से बचने के लिए बोरवेल का उपयोग करके भूजल को निकालना शुरू कर देती है। पीठ ने कहा कि प्रति माह 20,000 लीटर पानी मुफ्त प्रदान करने की निःशुल्क जल नीति से भी पानी का अत्यधिक उपयोग होता है। डीजेबी को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि उपचारित अपशिष्ट जल को अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए, क्योंकि बिना किसी उपयोग के इसको छोड़ देना सार्वजनिक कोष की भारी बर्बादी है। अधिकारण ने डीजेबी को स्थानीय निकायों या किसी अन्य विशेषज्ञ के परामर्श से एक कार्य योजना तैयार करने का भी निर्देश दिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी सरकारी भवनों, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों, नई इमारतों में, जहां कब्जा प्रमाणपत्र जारी किया जाना है, वहां वर्षा जल संचयन प्रणाली लगाए जाएं। यह आदेश एक निगरानी समिति द्वारा दायर एक रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें कहा गया कि आप सरकार की राष्ट्रीय राजधानी में हर घर में हर महीने मुफ्त में 20,000 लीटर पानी प्रदान कराने की योजना का कई हाउसिंग सोसाइटियों द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। हाईकोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा था कि 20,000 लीटर मुफ्त पानी का लाभ उठाने के बाद ये सोसाइटियां भूजल का दोहन करना शुरू कर देती है।

### डीडीए को यमुना के डूब क्षेत्र का सीमांकन करने का निर्देश, खेती पर जारी रहेगी रोक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बुधवार को डीडीए को तीन महीने के भीतर यमुना के समूचे डूब क्षेत्र का सीमांकन करने का निर्देश दिया और खेती पर अपने पूर्व के प्रतिबंध को फिर से दोहराया। एनजीटी ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को अतिक्रमण के मामले में तीन महीने के भीतर फिर से इसे कब्जे में लेने और ऐसे क्षेत्र की तारबंदी करने और उसे जैव विविधिता पार्क में बदलने को कहा। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल के नेतृत्व वाली पीठ ने आगाह किया कि एक अप्रैल 2020 से इस निर्देश की तामील करने तक डीडीए को पांच लाख रुपये प्रति महीना देना होगा। यह राशि दोषी अधिकारियों से ली जाएगी और पर्यावरण बहाली के लिए सीपीसीबी के पास जमा की जाएगी। अधिकरण ने कहा कि एनजीटी विशेषज्ञ सदस्य बी एस सजवान और दिल्ली की पूर्व सचिव शैलजा चंद्रा वाली निगरानी समिति अनुपालन पर गौर करेंगी । पीठ ने कहा कि डूब क्षेत्र में अनाज या खेती जैसी गतिविधि नहीं की जा सकती। डीडीए को सीसीटीवी लगाकर काम पूरा करना होगा और क्षेत्र को सुरक्षित रखना होगा ताकि वहां आगे अतिक्रमण ना हो। अधिकरण ने कहा कि अनुपालन नहीं होने पर दिल्ली सरकार को एक नवंबर 2019 से प्रति माह एक लाख रुपये का भुगतान करना होगा। अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। एनजीटी ने जनवरी 2015 में यमुना तट पर खेती पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा था कि यह एक स्थापित तथ्य है कि यमुना नदी के डूब क्षेत्र में उगाई जाने वाली सब्जियां, चारा आदि काफी दूषित होती है।



## खबर संक्षेप



### 16वीं मंजिल से कूदकर सहायिका ने दी जान

गुरुग्राम। गुरुग्राम के सेक्टर-67 मेरलिन ड्राइव सोसायटी में एक घरेलू सहायिका ने 16वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि घरेलू सहायिका ने सोसायटी की 16वीं मंजिल की बालकनी से आत्महत्या की। घरेलू सहायिका के परिजनों ने अभी तक किसी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई है। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। सेक्टर-65 थाना पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक को भेजा जेल

**गुरुग्राम**। सरकारी स्कूल में छात्राओं से छेड़छाड़ के शिक्षक को पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षक के अपराध का अनुसंधान किया जा रहा है। फिलहाल अदालत की ओर से उसे जेल भेज दिया गया है। फर्रुखनगर के खंडेवला गांव के स्कूल में शिक्षक द्वारा छात्राओं से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने का आरोप लगा था। आरोप है कि सोमवार को अध्यापक ने दसवीं कक्षा की छात्रा से अश्लील हरकत की। जिसके बाद छात्राओं ने अपने परिजनों को बता दिया। परिजन स्कूल पहुंचे और हंगामा किया। पुलिस को भी मौके पर बुला लिया गया। फर्रुखनगर थाना पुलिस आरोपित शिक्षक को अपने साथ ले गई। शिक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ के साथ पॉक्सो एक्ट में भी केस दर्ज किया गया है।

### मेट्रो स्टेशन पर युवती के पास से पिस्तौल बरामद



**नोएडा**। नोएडा के सेक्टर 62 मेट्रो स्टेशन पर जांच के दौरान एक न्यूज चैनल में काम करने वाली एक युवती के पास से पिस्तौल बरामद हुई, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। कोतवाली सेक्टर-58 के थानाध्यक्ष शावेज खान ने बताया कि सीआईएसएफ जवानों द्वारा जांच के दौरान मंगलवार देर रात युवती के पास एक पिस्तौल मिली, जिसके बाद जवानों ने उसे हिरासत में ले लिया। इसके बाद नोएडा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। खान ने बताया कि युवती गुड़गांव की रहने वाली है। वह एक न्यूज़ चैनल में काम करती है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पिस्तौल उसके दोस्त की है जिसके पास पिस्तौल रखने का लाइसेंस है।

### दोहरे हत्याकांड में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश गिरफ्तार



**नोएडा**। नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में तीन सितंबर को हुए दोहरे हत्याकांड में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को थाना जारचा पुलिस ने बुधवार तड़के पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली उसके पैर में लगी है, जिससे वह घायल हो गया है। उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके दो साथियों को मंगलवार को थाना सूरजपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। एसपी रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने बुधवार तड़के एनटीपीसी रोड के पास एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश सौरभ उर्फ राणा को गिरफ्तार किया जो थाना दादरी के अंतर्गत कटेहरा गांव का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि पुलिस की गोली उक्त बदमाश के पैर में लगी।

# 72 घंटे से पानी के लिए जूझ रहे लोग, विरोध किया तो केस दर्ज

एजेंसी ▶▶| नोएडा

एक तरफ रियल एस्टेट मार्केट औंधे मुंह है और यूपी सरकार उसमें जान फूंकने के सारे प्रयास कर रही है। दूसरी तरफ यूपी के शो विंडो कहे जाने वाले गौतमबुद्धनगर के नोएडा एक्सटेंशन में हजारों लोग तकरीबन 72 घंटे से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। इन्हें पानी मुहैया कराना तो दूर, सोसायटी के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर सड़क पर प्रदर्शन किया तो उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

पानी की समस्या से जूझ रही ये सोसायटी है सुपरटेक की ईको विलेज-2 पश्चिमी ग्रेटर नोएडा (नोएडा एक्सटेंशन) में बसी इस सोसायटी में करीब तीन हजार परिवार रहते हैं। रविवार रात से इस सोसाइटी को पानी नहीं मिल रहा है। जब दिक्कत हद से ज्यादा बढ़ गई तो लोगों ने मंगलवार रात चार मूर्ति के पास करीब तीन घंटे तक ट्रैफिक जाम किया। पानी मांग रहे निवासियों को पानी तो नहीं मिला, लेकिन सोसाइटी के करीब 80 लोगों के खिलाफ एफआईआर जरूर दर्ज हो गई। निवासी मनोज झा ने बताया कि इस दौरान सुपरटेक इको विलेज 2 में फैसिलटी से जुड़े मामलों को देख रहे बिल्डर के प्रतिनिधि नितेश अरोड़ा से बात की गई तो उन्होंने उल्टा निवासियों से कहा कि तीन दिन नहीं नहाएंगे तो क्या हो जाएगा। सोसायटी के लोगों ने पुलिस से शिकायत की।

## 80 लोगों के खिलाफ हुई एफआईआर दर्ज

### 20वें फ्लोर तक पानी ले जाने को मजबूर हुए लोग

मंगलवार को भी सोसायटी के लोग टैंकर से पानी भरकर 20वें फ्लोर तक ले जाने को मजबूर हो गए, तो उनके सब्र का बांध टूट गया। इसके बाद मंगलवार रात करीब 8 बजे काफी संख्या में सोसायटी के लोग सड़क पर उतर आए। सोसायटी के लोगों ने महिलाओं और बच्चों संग सड़क पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।



### दुकानदारों ने लगाया जाम

**फरीदाबाद**। एनआईटी क्षेत्र के एयरफोर्स रोड पर बुधवार को स्थानीय दुकानदारों ने सड़क पर जमा सीवरेज के गंदे पानी की निकासी न होने से क्षुब्ध होकर सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान दुजकनदारों ने स्थानीय विधायक के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाकर अपना रोष जाहिर किया। दुकानदार श्यामबीर ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से इस सड़क पर सीवरेज का दो से तीन फुट पानी खड़ा हुआ है, जिससे न केवल बदबू आती है बल्कि आवागमन दूभर हो गया है।

# चेकिंग के दौरान दिल का दौरा पड़ने से व्यक्ति की मौत, केस

एजेंसी ▶▶| गाजियाबाद

सॉफ्टवेयर कंपनी में कार्यरत गौरव शर्मा की चेकिंग के दौरान नोकझोंक में मौत के मामले में मंगलवार रात इंदिरापुरम थाने में अज्ञात यातायात पुलिसकर्मी के खिलाफ धारा 304ए (उपेक्षापूर्ण कार्य के चलते मृत्यु) के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। देर रात पुलिस परिजन के साथ घटनास्थल भी पहुंची।

मौका मुआयना करने के बाद घटनास्थल इंदिरापुरम थाना क्षेत्र का निकला। मृतक गौरव के परिजन मंगलवार रात करीब नौ बजे इंदिरापुरम थाने पहुंचे। इंदिरापुरम थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि पीड़ित पिता मूलचंद शर्मा का आरोप है कि यातायात पुलिसकर्मी ने कार पर डंडा मारकर रुकवाया। इस बात को लेकर गौरव की उससे नोकझोंक हुई। इस दौरान उनके बेटे को दिल का दौरा पड़ गया। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। मूलचंद का आरोप है कि यातायात पुलिसकर्मी यदि समय से गौरव को उपचार के लिए अस्पताल ले जाता तो शायद उसकी जान बच जाती।

*नोएडा सेक्टर-52 निवासी गौरव शर्मा रविवार को अपने पिता मूलचंद शर्मा और मां के साथ कार से इंदिरापुरम जा रहे थे। आरोप है कि एनएच-नौ पर वाहन चेकिंग के दौरान यातायात पुलिसकर्मी से नोकझोंक हुई। इसी दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ गया।*

## पुलिसकर्मियों ने कार पर डंडा मारकर रुकवाया

### नहीं थी कोई बीमारी

गौरव की मौत के बाद पुलिस अधिकारियों द्वारा कहा जा रहा था कि गौरव को शुगर की बीमारी थी और हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई लेकिन गौरव के ताऊ पीपी शर्मा और चाचा नरेन्द्र शर्मा का कहना है कि गौरव को कोई भी बीमारी नहीं थी। ना ही उसका शुगर या बीपी का कोई इलाज चल रहा था। पुलिसकर्मियों के व्यवहार से उसे हार्ट अटैक पड़ा और उसकी मौत हो गई।



### मेरी आंखों के सामने सब कुछ लुट गया

गौरव के पिता मूलचंद शर्मा के आंसू थम नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी आंखों के सामने ही सब कुछ लुट गया और मैं कुछ ना कर सका। गौरव गाड़ी चला रहा था। मैं उसके साथ आगे की सीट पर बैठा था, दोनों ने सीट बेल्ट लगा रखी थी। सेक्टर-62 के अंडरपास से निकलते ही तीन-चार ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने रुकने को कहा। हम गाड़ी रोक ही रहे थे कि उन्होंने डंडे मारने शुरू कर दिए। बेटा उतरा तो नोकझोंक करने लगे और अंततः उसकी मौत हो गई।

### सोशल मीडिया पर उठी आवाज

वाहन चेकिंग के दौरान गौरव के मौत की खबर सोशल मीडिया पर फैली तो लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाने शुरू किए। इसके बाद पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी।

### पिता से जगह की पहचान कराई

इंदिरापुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस मूलचंद को लेकर घटनास्थल पर गई। पुलिस ने उनसे घटनास्थल की पहचान कराई। पीड़ित ने राष्ट्रीय राजमार्ग-नौ पर सीआईएसएफ कट के पास घटनास्थल बताया। पुलिस अधीक्षक नगर श्लोक कुमार ने बताया कि पीड़ित ने घटना के जिस स्थान की पहचान की है, वह गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में आता है।

### दिनदहाड़े गन प्वाइंट पर ढाई लाख की लूट

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल पर सवार दो लुटेरे एक कंपनी के दो कर्मचारियों से रुपयों के भरा बैग गन प्वाइंट पर लूटकर फरार हो गए। बैग में ढाई लाख की नकदी थी। कंपनी की ओर से साहिबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसपी सिटी श्लोक कुमार ने बताया कि मोहन नगर स्थित फायरोटेक नामक कंपनी के दो कर्मचारी सत्यम शर्मा व सोनू दोपहर को पंजाब नेशनल बैंक से रुपये निकालकर ला रहे थे जैसे ही ये लोग कंपनी के गेट पर पहुंचे तभी मोटर साइकिल पर सवार दो बदमाश वहां पहुंचे तथा उनसे रुपये से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश शुरू की लेकिन अभी तक बदमाशों को सुराग नहीं लग सका है।

# आईओसी फरीदाबाद में 2282 करोड़ से बनाएगा दूसरा आरएंडडी सेंटर

**फरीदाबाद**। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) फरीदाबाद में दूसरा अनुसंधान एवं विकास केंद्र (आरएंडडी सेंटर) बनाएगा, जिसमें हाईड्रोजन गैस के ईंधन के रूप में प्रयोग को लेकर रिसर्च होगी। साथ ही नवीनीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोतों को लेकर भी रिसर्च की जाएगी। आइओसी के अनुसार यह एशिया का सबसे बड़ा रिसर्च सेंटर होगा। इसके निर्माण में 2282 करोड़ रुपये की लागत आएगी। पर्यावरण संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद अगले 36 महीने में इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसी उम्मीद व्यक्त की जा रहा ही कि अगले वर्ष 2020 की शुरुआत में निर्माण शुरू होगा जो 2022 तक पूरा हो जाएगा। सेंटर के लिए आइएमटी, सेक्टर-67 में करीब 60 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है। फरीदाबाद के सेक्टर-13 में 1972 से आइओसी का सेंटर काम कर रहा है। चूंकि हाईड्रोजन गैस के रिसर्च के लिए ओपन स्पेस की जरूरत थी, इसलिए दूसरे आरएंडडी सेंटर की जरूरत महसूस हुई और फिर निर्माण की योजना बनाई गई। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन देश का सबसे बड़ा ईंधन वितरक है। आइओसी के सेक्टर-13, फरीदाबाद स्थित आरएंडडी सेंटर के अधिकारियों के अनुसार नए सेंटर में घरों में प्रयोग होने वाले पेट्रो उत्पादों पर रिसर्च की जाएगी। नए सेंटर को अगली पीढ़ी के ईंधन प्रौद्योगिकी विकास और परिनियोजन केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। नए सेंटर में हाईड्रोजन के ईंधन से वाहन और घरेलू गैस के रूप में भी प्रयोग को लेकर रिसर्च होगी। हाईड्रोजन ईंधन सीएनजी और पीएनजी का विकल्प भी हो सकता है। मतलब भविष्य में घरेलू गैस के रूप में हाईड्रोजन सिलेंडर भी मिलेंगे। यह गैस बिल्कुल प्रदूषण रहित है। इसके अलावा कई प्रकार की बैट्रियां बनाने के लिए भी रिसर्च होगी। अधिकारियों के अनुसार पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### युवती ने लगाया धर्म परिवर्तन कर शादी का आरोप

**फरीदाबाद**। डबुआ थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने संप्रदाय विशेष के युवक पर जबरन धर्म परिवर्तन कराकर शादी कराने का आरोप लगाया है। युवती ने इस संबंध में डबुआ थाना पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने लीगल सेल के सामने युवती के बयान कराए हैं।

# 'साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य'




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

जिला में 15 सिंतबर से 17 सिंतबर से पल्स पोलियो अभियान शुरू होने जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने पांच वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि वे 15 सितंबर के दिन बच्चों को बूथों पर ले जाकर पोलियो रोधी दवा अवश्य पिलवाएं। पल्स पोलियो अभियान को जिला में सुचारू ढंग से चलाने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाई। जिसमें उन्होंने निर्माण स्थलों तथा श्रमिकों के बच्चों को पोलियो रोधक दवा पिलवाना सुनिश्चित करने के लिए कहा। बैठक में बताया गया कि इस बार बायोवैलेंट पोलियो दवा पिलाई जाएगी। अभियान के पहले दिन 15 सितंबर को पोलियो बूथ पर दवा पिलाई जाएगी तथा 16 व 17 सितंबर को घर-घर जाकर बचे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।

सिविल सर्जन डॉ. जेएस पूनिया ने कहा कि 15 सितंबर से जिला में चलाए जाने वाले पोलियो उन्मूलन अभियान के लिए कुल 1267 बूथ बनाए गए है। इसके अलावा घर-घर दवा पिलाने के लिए विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों का सहयोग लिया जाएगा। डॉ. पूनिया ने कहा कि स्कूलों में बच्चों को प्रार्थना सभाओं में पल्स पोलियो अभियान के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि वे पांच वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों को पोलियो बूथ पर लाने के लिए प्रेरित कर सकेंगे।

**The Federal Bank,**
**5D/6 BP, Neelam Railway Road**
**N.I.T, Faridabad - 121001**

**FEDERAL BANK**
Your Perfect Banking Partner
Regd. Office. Alwaye, Kerala

**NOTICE FOR PRIVATE SALE OF GOLD**

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold Ornaments pledged in the following Gold loan accounts, with the under mentioned branches of the Bank, which are overdue for redemption and which have not been regularized so far in spite of repeated notices, will be put for sale in the branch on or after **25/09/2019** as shown below:

| BRANCH/VENUE | NAME & ACCOUNT NUMBER |
|---|---|
| The Federal Bank, 5D/6 BP, Neelam Railway Road N.I.T, Faridabad - 121001 | ARJUN PANDEY A/c. No.13816400002238 |

PLACE: FARIDABAD DATE: 12.09.2019 Branch Manager, (The Federal Bank Ltd.)

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134154,
(www.hssc.gov.in)

**घोषणा**

**विज्ञा. सं. 11/2015, श्रेणी सं. 10 के तहत टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा हेतु जूनियर इंजीनियर (सिविल) के पद हेतु अन्तिम परिणाम**

विज्ञा. सं. 11/2015, श्रेणी सं. 10 के तहत टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा हेतु जूनियर इंजीनियर (सिविल) के पद हेतु लिखित परीक्षा, दस्तावेजों की संवीक्षा तथा साक्षात्कार मौखिक परीक्षा के आधार पर आयोग ने परिणाम को अन्तिम रूप दे दिया है और घोषित कर दिया है। परिणाम अनुक्रमांकवार और श्रेणी-वार दर्शाया गया है और प्रत्येक श्रेणी में अन्तिम चयनित उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किये गये अंक कोष्ठक में दर्शाये गये हैं।

**विज्ञा. सं. 11/2015, श्रेणी सं. 10, जूनियर इंजीनियर (सिविल) (कुल 39 पद)**

**सामान्य ( 13 पद - 01 ओएच सामान्य = 12 पद )**
1151000885 1151000924 1151001293 1151001363 1151001819
1151002112 1151002509 1151002510 1151002860 1151003173
1151003724 1151003947
(178)

**सामान्य प्रतीक्षारत**
1151000720 1151001798 1151001903
(177)

**एससी ( 06 पद )**
1151000554 1151001380 1151001406 1151003059 1151003200
1151003874
(161)

**एससी प्रतीक्षारत**
1151001820 1151002332
(158)

**बीसीए ( 05 पद )**
1151000366 1151001460 1151001814 1151002069 1151002516
(169)

**बीसीए प्रतीक्षारत**
1151002408 1151003953
(166)

**बीसीबी ( 02 पद )**
1151003401 1151003748
(177)

**बीसीबी प्रतीक्षारत**
1151000388 1151001990
(163)

**ईएसएम सामान्य ( 02 पद )**
1151001397 1151001420
(110)

**ईएसएम सामान्य प्रतीक्षारत**
1151000757 1151003789
(डीईएसएम 148)

**ईएसएम एससी ( 01 पद )**
1151000081
(124)

**ईएसएम बीसीए ( 01 पद )**
1151000236
(138)

**ईएसएम बीसीए प्रतीक्षारत**
1151002768
(85)

**ईएसएम बीसीबी ( 02 पद )**
1151001783 1151002706
(90)

**ईएसएम बीसीबी प्रतीक्षारत**
1151000828
(डीईएफ 138)

**ओएसपी एससी ( 01 पद )**
1151001715
(104)

**ओएसपी बीसीए ( 01 पद )**
1151001465
(130)

**ओएसपी बीसीबी ( 01 पद )**
1151000102
(93)

**ओएच ( 01 पद )**
1151002266
(152)

**ओएच प्रतीक्षारत**
1151000309
(144)

**चयन हेतु अपनाया गया मानदंड**
1) लिखित परीक्षा ........................ 200 अंक
2) साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा ........................ 25 अंक
कुल :- 225 अंक

**टिप्पणी :-** 1. ईबीपीजी श्रेणी (04 पद) का परिणाम सीएम-5052-सीडब्ल्यूपी-2019 में / और सीडब्ल्यूपी सं. 7607/2019 में माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय आदेश दिनांक 16.05.2019 के अनुपालन में रोक दिया गया है। ईबीपीजी श्रेणी उम्मीदवारों पर, जिन्होंने आयु छूट का लाभ प्राप्त किया है, को छोड़कर सामान्य रिक्तियों के तहत विचार किया गया है।
2. सीडब्ल्यूपी नं. 24836/2018, 25118/2018, 25284/2018, 25187/2018, 10866/2019 और 13438/2019 का परिणाम माननीय उच्च न्यायालय के अनुपालन में बंद लिफाफे में रखा गया है और उपरोक्त परिणाम इन रिट याचिकाओं और माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित किन्हीं अन्य रिट याचिकाओं के अन्तिम निर्णय के अधीन है।
3. यद्यपि परिणाम तैयार करने और अपलोड करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, अनजाने में / तकनीकी त्रुटियों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आयोग इसे बाद में सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
4. परिणाम एचएसएससी की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद विज्ञा. सं. 1159/13/179/1920/78648 दि. 11.09.19 दिनांक : 11.09.2019

**CAN FIN HOMES LTD.**
1st Floor, Above Rewari Co-operative Bank, Near Hanuman Mandir, Sohna Road Dharuhera, (Dist: Rewari) Haryana, Ph: 01274-242381 Email: dharuhera@canfinhomes.com, Mob: 7625079165 CIN : L85110KA1987PLC008699

**DEMAND NOTICE**

**Under Section 13 (2) of "The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 (No. 54 of 2002)"**

To,
**1. Mr. Vikas Chaturvedi S/o Mr. Gopal Chandra Chaturvedi**
**2. Mrs. Shalini Chaturvedi W/o Mr. Vikas Chaturvedi**
Flat No. 105, 1st Floor, Plot No. 133, Dayanand Colony, Behind Sector-5 part-6, Gurugram (Haryana)-122001

Nos. 1&2 of you have availed a housing loan from our branch against the security of mortgage of the following asset/s belonging to No.1 & 2 of you. An amount of **Rs. 19,30,405/-** is due from you to Can Fin Home Ltd. as on 01.09.2019 together with future Interest at the contracted rate.

**DETAILS OF THE MORTGAGED ASSET**

**Flat No. 105, First Floor, Plot No. 133, Khasra No. 3123, Dayanand Colony, Gurugram, District- Gurugram, Haryana-122001 Bounded By :**
**North:** Road, **East:** Flat No. 104, **South:** Passage, **West:** Flat No. 103 & Road

Registered demand notice was sent to Nos. 1 & 2 amongst you under Section 13 (2) of the SARFAESI Act, 2002, but the same was returned unserved. The undersigned has, therefore, caused these Notices to be pasted on the premises of the last known addresses of the said Borrower/s as per the said Act. Hence this paper publication. As you have failed to adhere to the terms of the sanction, the account is classified as a Non Performing Asset on 31.08.2019 as per the NHB Guidelines. You are here by called upon to pay the above said amount with contracted rate of interest thereon from 02.09.2019 within 60days from the date of this notice, failing which the undersigned will be constrained to Initiate action under SARFAESI Act to enforce the aforesaid security.
Further, the attention of borrowers / guarantors is invited to the provisions of Sub-section (8) of Section 13 of the Act, in respect of time available to them to redeem the secured assets.

Date : 11.09.2019
Place : Dharuhera
Sd/-
Authorized Officer
Can Fin Homes Ltd.

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
वेबसाइट : www.hssc.gov.in

**सार्वजनिक सूचना**
**(ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु तिथि का विस्तार)**

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञा. सं. 12/2019, 13/2019 और 14/2019 जो विज्ञापनों में वर्णित यूआरएल पते के माध्यम से विभिन्न पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र आमंत्रण के लिये जो विभिन्न समाचार-पत्रों में प्रकाशित किये गये थे और एचएसएससी वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर भी उपलब्ध है, के संदर्भ में।

सर्व साधारण की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने सम्बन्धित विज्ञापनों में पहले ही दिये अनुसार यूआरएल पते के माध्यम से इस विज्ञा. 12/2019, 13/2019 और 14/2019 के तहत ऑनलाइन आवेदन करने के लिये आवेदन प्रपत्र हेतु तिथि का विस्तार करने का निर्णय लिया है, जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

| विज्ञापन सं. | प्रकाशन / पुन: प्रकाशन की तिथि | ऑनलाइन आवेदन जमा की प्रारम्भ तिथि | ऑनलाइन आवेदन जमा की अन्तिम तिथि | शुल्क के जमा हेतु अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 12/2019 | 20.07.2019 | 10.09.2019 | 26.09.2019 | 30.09.2019 |
| 13/2019 | 26.08.2019 | 10.09.2019 | 26.09.2019 | 30.09.2019 |
| 14/2019 | 26.08.2019 | 13.09.2019 | 30.09.2019 | 04.10.2019 |

इसके पश्चात लिंक अयोग्य बन जाएगा।
विज्ञा. सं. 12/2019, 13/2019 और 14/2019 के अन्य नियम व शर्तें यथावत् रहेंगे।
टिप्पणी : उपरोक्त सार्वजनिक सूचना आयोग की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर उपलब्ध है।

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 11 सितम्बर 2019
हस्ता/- अवर सचिव,
कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग,
पंचकूला
संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/180/1920/78649 दि. 11.09.19

# नीतीश कुमार एनडीए के कप्तान हैं और रहेंगेः सुशील मोदी



एजेंसी ▶▶| पटना

■ उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को लगाया बयानबाजी पर विराम

अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए का चेहरा कौन होगा, इस पर भाजपा में हो रही बयानबाजी पर उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को विराम लगा दिया। ट्वीट कर साफ कहा कि नीतीश कुमार ही एनडीए के कप्तान हैं और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भी बने रहेंगे। चौका-छक्का मारकर विरोधियों को हराने वाले कप्तान बदलने का सवाल ही नहीं है। हाल के एक-दो दिनों से भाजपा के कई नेताओं ने एनडीए में नेतृत्व को लेकर बयानबाजी की है। विधान पार्षद संजय पासवान, सांसद डॉ सीपी ठाकुर, पूर्व विधान पार्षद महाचंद्र सिंह ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को मौका देने की मांग कर राजनीति गरमा दी। पक्ष-विपक्ष के कई नेताओं ने इस मामले में अपनी राय दी। इसी क्रम में बुधवार को मंगोलिया की यात्रा से पटना लौटे उपमुख्यमंत्री ने एनडीए में नेतृत्व को लेकर चल रही बयानबाजी को विराम दिया। ट्वीट कर उपमुख्यमंत्री ने क्रिकेट की भाषा में नीतीश कुमार का खुलकर समर्थन किया। कहा कि बिहार में एनडीए के कप्तान नीतीश कुमार हैं। अगले साल 2020 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी नीतीश कुमार ही कप्तान बने रहेंगे।

सीएम के समर्थन में उपमुख्यमंत्री ने यह भी जोड़ा कि जब कप्तान लगातार चौका-छक्कर मार रहा हो और विरोधियों को पारी से हरा रहा हो तो फिर ऐसे कप्तान को बदलने का सवाल ही कहां उठता है। इसके पहले बीते मानसून सत्र में भी उपमुख्यमंत्री ने साफ कहा था कि अगले साल विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए चुनावी मैदान में जाएगा। उपमुख्यमंत्री के बयान का समर्थन भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सुधा यादव ने भी किया। कहा कि एनडीए में कोई विवाद नहीं है। चुनाव में हम फिर से भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे।

## खबर संक्षेप



### छह लोगों ने पुजारी पर हमला कर की लूटपाट

**मुजफ्फरनगर।** उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के एक आश्रम में छह अज्ञात लोगों ने घुसकर 70 वर्षीय पुजारी पर हमला किया और लूटपाट करने के बाद फरार हो गए। थाना प्रभारी एमएस गिल ने कहा कि भोपा थाने के शुक्रताल इलाके में तपोवन धाम के 'महंत' स्वामी भजनानंद महाराज इस वारदात में गंभीर रूप से घायल हो गए। पुजारी को अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। गिल ने कहा कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनकी तलाश जारी है। जिले के 'साधुओं' और भाजपा नेताओं ने घटना की कड़ी निंदा की है और अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है।

### हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**अयोध्या।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार तड़के रोडवेज बस व



बोलेरो की जोरदार भिड़ंत हुई। हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। जिसे आननफानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में बोलेरो कार के परखचे उड़ गए। उधर, पुलिस का कहना है कि बोलेरो चला कर रहे युवक को नींद आने की वजह से हादसा हुआ है। रोडवेज चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोतवाली अयोध्या क्षेत्र में बूथ नंबर चार के पास बुधवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे बोलेरो और बनारस डिपो की रोडवेज बस में जोरदार टक्कर हुई।

## प्रधानमंत्री का झारखंड दौरा आज, सीएम ने लिया तैयारियों का जायजा

# झारखंड को आधुनिक विधानसभा समेत तीन बड़ी सौगात सौंपेंगे मोदी

एजेंसी ▶▶| रांची

गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर झारखंड आ रहे हैं। जल-जंगल-जमीन के इस वन प्रदेश से केंद्र की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरुआत कर चुके पीएम मोदी इस बार झारखंड को तीन बड़ी सौगात देंगे। इसमें बिहार से अलग हुए झारखंड को नए विधानसभा भवन भी शामिल है। इससे पहले उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना की लांचिंग और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पीएम मोदी रांची में योग कर सार्वजनिक रूप से झारखंड के प्रति अपने गहरे लगाव को प्रदर्शित कर चुके हैं। झारखंड विधानसभा का नया भवन देश का सबसे भव्य और तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कहा जा रहा है। अब तक के सभी राज्यों के विधानसभा भवन से उन्नत तकनीकी सुविधाएं भी यहां मौजूद हैं। अलग राज्य बनने के करीब 19 साल बाद किराये के विधानसभा भवन से झारखंड को मुक्ति मिल रही है। यहां झारखंड की संस्कृति की सतरंगी झलक भी देखी जा सकती है। वर्ष 2000 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ही बिहार से अलग नया राज्य बनाकर झारखंड का सपना साकार किया था।



### सीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए झारखंड विधानसभा भवन का तोहफा राज्य को दे रहे हैं। प्रधानमंत्री के 12 सितंबर को रांची आगमन को लेकर मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बुधवार को रांची के कूटे स्थित नवनिर्मित विधानसभा भवन और मुख्य कार्यक्रम स्थल श्री जगन्नाथ मैदान एचईसी का दौरा किया। यहां उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। ज्ञात हो कि 12 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य की सबसे बड़ी पंचायत नए विधानसभा भवन का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर सीएम के साथ मुख्य सचिव डीके तिवारी, सीएम के प्रधान सचिव सुनील वर्णवाल, कृषि सचिव पूजा सिंघल, रांची के उपायुक्त, एसएसपी व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### आज बंद रहेंगे स्कूल

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झारखंड यात्रा के मद्देनजर गुरुवार को रांची के कई स्कूल बंद रहेंगे। जिन स्कूलों में इम्तहान होना था, उसे रद कर दिया गया है। परीक्षा की नई तारीख भी जारी कर दी गयी है। वीआईपी मूवमेंट की वजह से ट्रैफिक में व्यवस्थान की आशंका के मद्देनजर स्कूलों ने यह फैसला किया है। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) ने कहा है कि प्रधानमंत्री की यात्रा की वजह से 11वीं और 12वीं की होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा अब 21 सितंबर को होगी। वहीं सेंट मैरी में 12 सितंबर को होने वाली परीक्षा अब 16 सितंबर को होगी।

## छात्रा को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा



**शाहजहांपुर।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद पर गंभीर आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल करने वाली लॉ की छात्रा का बुधवार को जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया। इस दौरान उसके साथ परिवार के लोग, एसआईटी टीम के कुछ सदस्यों के अलावा पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

पीड़ित लॉ छात्रा को बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मेडिकल के लिए महिला जिला अस्पताल भेजा गया। पीड़िता को एसआईटी की महिला टीम के साथ भेजा गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद के कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा ने 24 अगस्त को वीडियो वायरल कर उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। मामला सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लिया। कोर्ट के आदेश पर एसआईटी पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। छात्रा के पिता की ओर से स्वामी चिन्मयानंद पर अपहरण का मुकदमा, जबकि स्वामी के अधिवक्ता की ओर से अज्ञात के खिलाफ पांच करोड़ की रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज है।

इससे पहले सोमवार (09 सितंबर) को स्वामी चिन्मयानंद पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली छात्रा ने अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस कर दुष्कर्म के आरोपों को दोहराया था। उसने आरोप लगाया था कि पर्याप्त सुबूत होने के बावजूद उप्र पुलिस स्वामी चिन्मयानंद पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार नहीं कर रही है। उत्तर प्रदेश की पुलिस से जान का खतरा बताते हुए कहा था कि डीएम ने भी उसके पिता को धमकाया। उनके निलंबन की मांग उठाई।

### गेट पर हमेशा जलती रहती थी अगरबत्ती, अंदर होता था देह व्यापार

**पटना।** पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के ग्रैंड अपार्टमेंट के डी आठ नंबर फ्लैट में चल रहे हाई प्रोफाइल देह व्यापार का खुलासा होने के बाद हड़कंप मच गया। लोगों को आश्चर्य हो रहा था कि इस फ्लैट में छह माह से अधिक समय से हाई प्रोफाइल हेह व्यापार भी चल रहा था। खास बात यह है कि उस फ्लैट में प्रतिदिन नई-नई लड़कियों व अनजान लोगों की आवाजाही लगी रहती थी। शराब का दौर चलता था और ग्राहकों को शबाब के साथ शराब भी परोसी जाती थी। सबसे अनोखी बात ये है कि शराब की गंध को छुपाने के लिए प्रतिदिन फ्लैट के गेट पर अगरबत्ती जला कर रखी जाती थी और यह अगरबत्ती पूरे दिन में कई बार रखी जाती थी। आसपास रहने वाले लोगों को ये देखकर अजीब लगता था। खुलासा होने के बाद लोगों ने बताया कि उस फ्लैट में नए-नए लोगों की आवाजाही उस समय होती थी, जब गार्ड मौजूद नहीं होता था। यहां आने-जाने वाले लोग किसी से बात भी नहीं करते थे।

## राशिफल 12 सितंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : नौकरी तलाश रहे हैं तो इंतजार करना होगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएं। सहकर्मी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। प्रॉपर्टी के लिए अच्छा खरीदार मिल सकता है। **शुभ अंकः** 2, **रंग** : सफेद।

**वृषः** आफिस में दिन अच्छा बीतने वाला है। परिजन आपको सरप्राइज दे सकते हैं। यात्रा के अंत में थका हुआ महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी बिज़नेस सामान्य रहेगा। **शुभ अंकः** 7, **रंगः** चॉकलेट।

**मिथुनः** कार्यक्षेत्र में बदलाव लाने का समय है। घर के बुजुर्ग के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। प्रॉपर्टी को खरीदते या बेचते वक्त सतर्क रहें। दोस्तों संग आउटिंग पर जा सकते हैं। **शुभ अंक** : 6, **रंगः** डार्क ग्रीन।

**कर्कः** कार्यक्षेत्र में दिन परेशानी से भरा होगा। घर में चल रहा मसला परेशान करेगा। आपकी छुट्टियां यादगार रहने वाली हैं। प्रॉपर्टी के मामले में धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हैं। **शुभ अंकः** 17, **रंगः** मेटालिक ब्लू।

**सिंहः** आपके विचारों पर सवाल खड़े हो सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रम में आप लाइम लाइट में रहेंगे। विदेश यात्रा का योग बन रहा है। प्रॉपर्टी बेचने का निर्णय लाभकारी सिद्ध होगा। **शुभ अंकः** 22, **रंगः** डार्क ग्रे।

**कन्याः** ईमानदार व्यक्ति के काम पर शक न करें। पुराने दोस्तों के साथ मिलना दिलचस्प रहेगा। दूर के रिश्तेदार के घर जा सकते हैं। प्रॉपर्टी से जुड़े मसले पर जानकार की सलाह लें। **शुभ अंकः** 1, **रंगः** गोल्डन ब्राउन।

**तुलाः** आफिस में किसी टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। आज के दिन आपका मूड बदलता रहेगा। नया वाहन खरीदने का योग बन रहा है। प्रॉपर्टी से जुड़े पुराने विवाद पर विचार करें। **शुभ अंकः** 18, **रंग** : पर्पल।

**वृश्चिकः** कार्यक्षेत्र में अपनी जगह मजूबत बनाएंगे। फैमिली फंक्शन को होस्ट कर सकते हैं। प्लान किये हुए ट्रिप की तारीख बदल सकती है। प्रॉपर्टी बेचने के लिए दिन अच्छा रहेगा। **शुभ अंकः** 15, **रंग** : क्रीम।

**धनुः** कार्यक्षेत्र में काम से आपकी पहचान बनेगी। घर में खुशियां लाने की जिम्मेदारी आपकी है। रोमांचक सफर पर निकल सकते हैं। प्रॉपर्टी बिज़नेस से जुड़े लोगों को फायदा होगा। **शुभ अंक** : 2, **रंगः** स्काई ब्लू।

**मकरः** नई नौकरी में ज्यादा जिम्मेदारी मिलेंगी। परिवार में चल रहे मतभेद को जल्द मिटाएं। यात्रा को लेकर चिंतित रहे सकते हैं। प्रॉपर्टी खरीदने में जल्दबाजी न करें। **शुभ अंक** : 11, **रंगः** केसर।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र में आपको उम्मीद से ज्यादा मिलेगा। बाहरी लोगों की वजह से पारिवारिक जीवन न बिगाड़े। यात्रा पर निकल सकते हैं। प्रॉपर्टी के मामले में मार्गदर्शन की जरूरत है। **शुभ अंक** : 4, **रंगः** पर्पल।

**मीनः** सीनियर्स आपके काम की जांच कर सकते हैं। घर में शांत रहने की कोशिश करें। लंबे समय तक बाहर रहने से अकेला महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी के लोन का समय पर भुगतान करें। **शुभ अंक** : 3, **रंग** : लेमन।

**:टिप्स:**

1. शयनकक्ष में प्यार-सुकून महसूस करने के लिए बेड को सटीक स्थान पर लगाएं। जब आप बिस्तर पर हों तो आपकी नजर दरवाजे पर होनी चाहिए।
2 अपने पुराने कपड़े चप्पल जूते और किताबें को बाहर कर दें। इन सामान से मायूसी नाकारात्मक सोच और उत्साह में कमी बनी रहती है।
3. व्यापार में सफलता के लिए उत्तर की दिशा में एक एक्वेरियम रखें। मछली की छोटी मूर्ति भी आप रख सकते हैं।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## हजारीबाग में बच्चा चोरी की अफवाह, कंपनी के एक्सक्यूटिव से मारपीट

**हजारीबाग।** झारखंड में बच्चा चोरी की अफवाहें जोरों पर है। इस क्रम में बुधवार को हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ में लार्सन एंड टूब्रो कंपनी के



एक्सक्यूटिव मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी की लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। बाद में पुलिस ने आकर मामला संभाला और पीड़ित की जान बचाई। जानकारी के मुताबिक कोनार सिंचाई परियोजना से जुड़े एल एंड टी कंपनी के एक एक्सक्यूटिव को ग्रामीणों ने बच्चा चोरी के आरोप में पकड़कर बुरी तरह पीट दिया। हालांकि त्वरित कार्रवाई करते पुलिस ने तीन लोगों को इस मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

डीएसपी सहदेव साव ने टाटीझरिया थाने में बताया कि कंपनी के कर्मचारी के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की है। मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी के साथ ग्रामीणों ने बच्चा चोर समझकर मारपीट की थी। एलएनटी कंपनी कोनार डैम से पेयजल आपूर्ति के लिए हजारीबाग से पाइप लाइन बिछाने का कार्य कर रही है। इसी कार्य को लेकर मोहम्मद सिद्दीकी मंगलवार की देर शाम विष्णुगढ़ गए थे। सिद्दीकी टावर के लिए पिलरिंग का काम करा रहा था।

## सुनो सरकार...



बुधवार को लखनऊ के शिक्षा निदेशालय के बाहर बीटीसी व बीएड अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन कर नारे लगाए।

### धर्मगुरु को आतंकवादी कहने पर लोगों ने दरोगा पीटा

**गाजीपुर।** कासिमाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चावनपुरगनी में शिया समुदाय के धर्मगुरु को एक दारोगा द्वारा आतंकवादी कहने पर विवाद हो गए। मामले की जानकारी लोगों को हुई तो भड़के शिया समुदाय के लोग सीधे कासिमाबाद कोतवाली पहुंचे और थाने के दारोगा संग हाथापाई की। विवाद बढ़ने पर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की। दरअसल एक विवाद के मामले में दारोगा की शिया समुदाय के धर्मगुरु से विवाद हो गया। विवाद अधिक बढ़ा तो दारोगा ने गुस्से में आतंकवादी बोल दिया। इसी बात को लेकर शिया समुदाय के लोग आक्रोशित हो गए और कासिमाबाद कोतवाली में दारोगा को पीट दिया। विवाद को देखते हुए मौके पर पुलिस अधिकारी भी पहुंचे और विवाद को शांत करने की कोशिश की। वहीं शिया समुदाय के लोग दारोगा के खिलाफ कार्रवाई पर अडे हुए हैं।

## जब्त पासपोर्ट भी मिलेगा वापस... युवतियों से बदसलूकी केस में आनंद गिरि को क्लीनचिट

**प्रयागराज।** विदेशी युवतियों के साथ बदसलूकी के आरोप में आस्ट्रेलिया में जेल में बंद रहे निरंजनी अखाड़े के संत और चर्चित योग गुरु स्वामी आनंद गिरि को बड़ी राहत मिली है।



आस्ट्रेलिया की अदालत ने उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया है। इतना ही नहीं अदालत ने आस्ट्रेलियाई पुलिस को स्वामी आनंद गिरि का जब्त किया गया पासपोर्ट भी वापस करने को कहा है। दो युवतियों ने स्वामी आनंद गिरि पर गलत नीयत से छूने और मारपीट करने का आरोप लगाकर आस्ट्रेलियाई पुलिस में शिकायत की थी।

इस मामले से बरी होने के बाद स्वामी आनंद गिरि के भारत लौटने का रास्ता साफ हो गया है। उम्मीद है कि वह हफ्ते भर के अंदर प्रयागराज वापस लौट आएंगे। प्रयागराज के संतों ने स्वामी आनंद गिरि को क्लीन चिट मिलने और उनके रिहा होने पर खुशी जताई है। स्वामी आनंद गिरि के गुरु और साधू संतों की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने इसे सच की जीत करार दिया है। बता दें कि निरंजनी अखाड़े के महंत, योग गुरु और गंगा सेना के राष्ट्रीय संयोजक स्वामी आनंद गिरि प्रयागराज कुंभ मेले के समापन के बाद अप्रैल महीने में आस्ट्रेलिया में योग शिविर लगाने के लिए गए थे।

## अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची स्मृति ईरानी

# सुनीं लोगों की समस्याएं, लिया विकास कार्यों का जायजा

एजेंसी ▶▶| अमेठी

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अमेठी के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन बुधवार को विकास कार्यों का जायजा लिया। स्मृति ने अमेठी नगर के राजीव गांधी काम्पलेक्स के पास प्रस्तावित झील स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अमेठी रेलवे स्टेशन पर जारी सौंदर्यीकरण, विस्तार तथा रेलवे लाइन के दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने मंडल रेल प्रबंधक संजय तिवारी से अमेठी से ऊंचाहार के बीच रेल लाइन बिछाने की प्रस्तावित परियोजना की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। साथ ही रेल लाइन के दोहरीकरण कार्यों का अमेठी से गौरीगंज तक ट्रेन यात्रा कर निरीक्षण किया। स्मृति ने जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी और जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और विकास कार्यों में तेजी लाने एवं उन्हें समय से पूरा करने के निर्देश दिये। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं।



### बुलाई बैठक

नगर पंचायत अध्यक्ष ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री के दौरे के बाद बोर्ड की आपात बैठक बुलाई है। अध्यक्ष ने बताया कि बोर्ड की बैठक में सगरा ताल के सुंदरीकरण का प्रस्ताव पारित कर इसको केंद्रीय मंत्री को सौंप दिया जाएगा।

### पंद्रह वर्ष का प्रयास हुआ पूरा

भाजपा के लोकसभा संयोजक ने कहा कि पंद्रह वर्ष पूर्व जब पहली बार चंद्रमा देवी नगर पंचायत अध्यक्ष बनी तभी से हम लोग अमेठी शहर के पार्क पर्यटन के लिये सगरा ताल के सुंदरीकरण की मांग करते आ रहे हैं। सभी सरकारें हमारी मांगों को नजर अंदाज किया।

### शुरू होगा अमेठी-सलोन-ऊंचाहार रेल परियोजना का कार्यः स्मृति ईरानी

**अमेठी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास व वस्त्र मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को रेलवे की योजनाओं को गति देने के लिए डीआरएम संजय त्रिपाठी व अपर मुख्य सचिव गृह व पर्यटन अवनीश अवस्थी के साथ अमेठी व गौरीगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमेठी को सलोन के रास्ते ऊंचाहार से जोडने वाली रेलवे लाइन के निर्माण का काम शीघ्र शुरू कराए जाने की बात कही। जिले में रेलवे लाइन के निर्माण के लिए जिला प्रशासन को भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा करने की हिदायत देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रायबरेली में यह काम पूरा हो चुका है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने अमेठी-रायबरेली रेलखंड के पांच रेलवे स्टेशन अमेठी, ताला, मिश्रौली, गौरीगंज, बनी, जायस व फुरसतगंज पर वाईफाई सुविधा की भी शुरूआत की। स्मृति ने अमेठी-रायबरेली रेलखंड पर चल रहे रेलवे लाइन के डबलिंग के कार्यों का विशेष ट्रेन से निरीक्षण भी किया।

## झारखंडः हादसे में पांच लोगों की मौत

**रामगढ़।** रामगढ़ के चुटूपालू घाटी फोरलेन पर बुधवार की शाम तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कुल पांच लोगों की मौत हो गई। तीनों दुर्घटनाओं में कुल नौ वाहन आपस में टकरा गए। इस घटना में 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। एक ट्रैकर पर सवार चार यात्रियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि एक यात्री की मौत सदर अस्पताल में हो गई। 13 यात्रियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। रांची से धनबाद जा रहे एक स्वीफ्ट कार में एक लड़की सहित तीन लोग बुरी तरह से दब गए। तीनों को करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया।

रांची की ओर से आ रहे तेज रफ्तार एक ट्रेलर ने चुटूपालू घाटी के गंडके मोड़ के पास रांची की ही ओर आ रहे यात्रियों से भरे एक ट्रैकर को पीछे से धक्का मार दिया। इससे ट्रैकर पर सवार एक दर्जन यात्री घायल हो गए।

# 'मिल्को स्क्रीन' करेगी केमिकल रहित प्रोसेस से दूध का दूध पानी का पानी

## दुग्ध संघ ने पांच मशीनें बुलवाई हैं और सांची दूध के इंदौर प्लांट पर इसका ट्रायल चल रहा है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मिलावटी और सिंथेटिक दूध की जांच के लिए इंदौर दुग्ध संघ ने एक नई मशीन बुलाई है। डेनमार्क में तैयार हुई 'मिल्को स्क्रीन' नामक इस मशीन में केमिकल का उपयोग किए बिना दूध की मिलावट पकड़ में आ जाएगी। इस मशीन में यूरिया, शकर, अमोनियम सल्फेट आदि की मिलावट का आसानी से पता चल सकेगा।

संघ ने पांच मशीनें बुलवाई हैं और सांची दूध के इंदौर प्लांट पर इस मशीन का ट्रायल चल रहा है। ट्रायल के बाद इंदौर दुग्ध संघ के खरगोन, बड़वानी, खंडवा और बुरहानपुर प्लांट पर भी ये मशीनें भेजी जाएंगी। मशीन की उपयोगिता को देखते हुए दुग्ध संघ ने केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट के तहत इस तरह की 150 मशीनें लेने का प्रस्ताव भेजा है।

### वनस्पति तेल की मिलावट पकड़ में आ जाती है

यह मशीन एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की तरह है। दुग्ध संघ के सीईओ एएन द्विवेदी के मुताबिक दूध की कीमत उसके एसएनएफ और फैट से तय होती है। फैट बढ़ाने के लिए वनस्पति तेल की मिलावट की जाती है, लेकिन यह दूध में मिक्स नहीं होता, इसलिए यह मिलावट आसानी से पकड़ में आ जाती है। ऐसे में मिलावटखोर दूध का सॉलिड नॉन फैट (एसएनएफ) यानी प्रोटीन व कार्बोहाइड्रेट सहित अन्य मिनरल्स को बढ़ाने की कोशिश करते हैं।




### 137 बल्क मिल्क सेंटर पर लगेंगी ये मशीन

इसके लिए शकर, यूरिया, अमोनियम सल्फेट की मिलावट करते हैं ताकि दूध की डिग्री बढ़ जाए। इससे दूध का एसएनएफ बढ़ा हुआ आता है जिससे लगता है कि दूध में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट अधिक है। हम अपनी प्रयोगशाला में इसी की जांच करते हैं कि दूध का एसएनएफ बढ़ाने के लिए मिलावट तो नहीं की गई है? इस जांच में मिल्को स्क्रीन मशीन काफी मददगार साबित होगी। ट्रायल पूरी होने के बाद खंडवा, खरगोन, बड़वानी और बुरहानपुर केंद्रों पर भी इस मशीन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शासन से 150 मशीनों की मंजूरी मिलने के बाद इंदौर दुग्ध संघ से जुड़े संभाग के 137 बल्क मिल्क सेंटर (बीएमसी) पर ये मशीनें स्थापित की जाएंगी।

### मशीन में प्राकृतिक दूध की मैपिंग, असामान्य हुआ तो सात मिनट में बताएगी

दूध में प्राकृतिक रूप से कुछ तत्व होते हैं जो एक निश्चित और विशेष मात्रा में मौजूद होते हैं। इंदौर दुग्ध संघ के क्वालिटी कंट्रोल मैनेजर एमएक्यू कुरैशी के मुताबिक मिल्को स्क्रीन मशीन में प्राकृतिक दूध की मैपिंग की गई है। यह उसी तरह है जिस तरह हम किसी व्यक्ति का फिंगर प्रिंट लेते हैं और बाद में उसकी कॉपी नहीं की जा सकती। इस मशीन में जांच के लिए दूध का नमूना रखने के पांच-सात मिनट में रिपोर्ट सामने आ जाती है। दूध के नमूने में प्राकृतिक रूप से मौजूद तत्वों का स्तर गड़बड़ाएगा तो उस दूध को मशीन असामान्य बताएगी। इसमें यह भी पता चलेगा कि दूध में यूरिया, शकर, नमक, अमोनियम सल्फेट में से क्या मिला है।

---

## खबर संक्षेप

### दो मनचलों की पेड़ से बांधकर पिटाई



**भिंड।** देहात थाना क्षेत्र के हेवतपुरा गांव में भीड़ ने दो मनचले युवकों को पेड़ से बांधकर जमकर पीटा। दो घंटे की मारपीट के बाद भीड़ ने दोनों मनचलों को पुलिस के हवाले कर दिया। दरअसल दोनों मनचले युवक 10 दिन से स्कूल से घर जाने बाली छात्राओं को परेशान करते थे। छात्राओं ने परेशान होकर इसकी शिकायत परिजनों से की। परिजनों ने पुलिस से शिकायत करने की बजाए दोनो मनचलों को सबक सिखाने का फैसला लिया। मंगलवार शाम 7 बजे दोनों युवक बाइक पर सवार होकर लड़कियों का पीछा करते गांव पहुचे। जहाँ भीड़ ने इन्हें पकड़ लिया। दोनों को पेड़ पर बांध दिया। पुलिस ने दोनो मनचलों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर थाने ले गई।

### नाले में दिखे कई मगरमच्छ, हड़कंप



**शिवपुरी।** शहर के विष्णु मंदिर के पास दुर्गा मठ के नाले में बीती रात करीब उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क से निकल रहे कुछ लोगो ने नाले में चहलकदमी देखी। आबादी वाले इलाके के इस नाले में एक साथ 10 से ज्यादा मगरमच्छ मौजूद देख लोगो की भीड़ जमा हो गई। रात का अंधेरा होने के बाबजूद मगरमच्छ की आँखे चमकती दिखाई दे रही थीं। लोगो ने मोबाइल में इनको कैद करने की कोशिश भी की, लेकिन अंधेरे में ठीक से कैद नहीं हो सके। मगरमच्छ करीब 500 मीटर दूर जाधवसागर तालाब में रहते हैं। लेकिन भोजन की तलाश में कई बार नगर की कॉलोनियों में देखे जाते रहे हैं।

### तेज नहीं चल पाई तो पति ने पत्थर से सिर कुचला



**कोरबा ।** बाजार से घर लौट रहे दंपति के बीच तेज चलने को लेकर विवाद हो गया। इस पर पति ने पत्नी का पत्थर से सिर कुचल दिया। पुलिस के अनुसार पसान थाना के ग्राम रामपुर करमटियापारा का जगदेव गोंड़ (50) पत्नी रंजीता बाई (45) के साथ लैंगा के साप्ताहिक बाजार में सामान की खरीदने गया था। लौटने से पहले दोनों ने कोसना (देशी शराब) का सेवन किया। इसके बाद जंगल के रास्ते रवाना हुए। इस दौरान जगदेव ने पत्नी रंजीता को थोड़ा तेज चलने कहा, लेकिन उसने इन्कार कर दिया। गुस्से में जगदेव ने पत्थर से रंजीता पर वार कर दिया। इससे रंजीता मौके पर ही मौत हो गई। लाश को वहीं छोड़कर जगदेव घर लौटा और सो गया। सुबह जब उसका नशा उतारा तब उसने परिचितों को जानकारी दी ।

---

## अमेरिका दौरे से वापस लौटे प्रदेश के वित्तमंत्री भनोत ने बताया

# मेडिकल हब बनेगा मप्र, अगले महीने इंदौर में होगी इन्वेस्टर मीट

### अमेरिका के उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश को हॉट डेस्टिनेशन माना और वे मेडिकल के क्षेत्र में निवेश करने तैयार हैं, सरकार भी इसके लिए है तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

अमेरिका दौरे से वापस लौटे वित्तमंत्री तरुण भनोत ने कहा कि जिस सोच के साथ गए थे उसमें हमें सफलता मिली। अक्टूबर में प्रदेश सरकार इंदौर में एकदिवसीय इन्वेस्टर मीट आयोजित करने जा रही है। इसमें अमेरिका के इन्वेस्टर इंदौर आएंगे, उनकी सहमति मिल चुकी है। वित्तमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में जल्द ही अमेरिका के कई बड़े उद्योगपति इन्वेस्टमेंट करने जा रहे हैं। अमेरिका दौरे में यह बात जानी कि वहां के कई उद्योगपति मध्यप्रदेश को हॉट डेस्टिनेशन मानते हैं। लेकिन पिछली सरकार की लापरवाही के चलते मध्यप्रदेश में बड़े इन्वेस्टमेंट नहीं हो सके। अब कमलनाथ सरकार ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए मध्यप्रदेश में तमाम व्यवस्थाएं कर ली हैं। इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार अक्टूबर के महीने में इंदौर में एक दिवसीय इन्वेस्टर मीट करने जा रही है। इसमें अमेरिका समेत कई दूसरे देशों के बड़े उद्योगपति भी शामिल होंगे।

**खास बातें**

- अमेरिका सहित कई देशों के बड़े उद्योगपति आएंगे
- कहा- पिछली सरकार की लापरवाही से इन्वेस्टमेंट नहीं हुए



### जिले में लगेंगी 10 शक्कर मिल

वित्तमंत्री ने कहा कि किसानों को ध्यान में रखते हुए भी जबलपुर में करीब 10 शक्कर मिल लगाई जाएंगी। ताकि जबलपुर के गन्ना किसानों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके लिए बरगी बांध की राइड बैंक कैनाल पर पानी वितरण काम को दुरुस्त किया जाएगा। वर्तमान में इस कैनाल से सिर्फ 35 प्रतिशत रकबे में ही सिंचाई हो पा रही है। सरकार की कोशिश होगी कि 100 फीसदी किसानों को इसका फायदा मिले ताकि यहां भी गन्न उत्पादन और मिल लगाने की संभावना बढ़ सके।

### सिंगल विंडो से मिलेंगे क्लियरेंस

तरुण भनोत ने कहा कि उम्मीद है कि अगले महीने इंदौर में होने वाली इन्वेस्टर मीट में विदेश से जो इन्वेस्टर आएंगे, उनसे प्रदेश को करीब 8 हजार करोड़ का निवेश मिलेगा। इसलिए प्रदेश सरकार प्रदेश में निवेश के इच्छुक उद्योगपतियों को सिंगल विंडो क्लियरेंस की व्यवस्था करेगी।

### 2019 खत्म होने से पहले शुरू होंगे काम

वित्त मंत्री तरुण भनोत ने कहा कि जबलपुर में भी विकास कार्यों के लिए राशि का आवंटन हो गया है। सड़क, फ्लाईओवर, विश्वविद्यालय, स्वास्थ्य सेवाएं और खेलों को लेकर जिन योजनाओं को फरवरी में सरकार ने हरी झंडी दी थी, उन्हें बजट में शामिल कर राशि आवंटित कर दी गई है। 2019 खत्म होने से पहले सभी योजनाओं का वर्कऑर्डर जारी कर काम शुरू करवा दिया जाएगा।नर्मदा रिवर फ्रंट पर वो प्राथमिकता से काम करेंगे। लगभग 9 किलोमीटर के नर्मदा रिवर फ्रंट से जबलपुर को एक नई पहचान मिलने वाली है।

---

# कमलनाथ बोले- भाजपा ने 15 साल में प्रदेश को गरीब और बेरोजगार बनाया

### झाबुआ में जय किसान समृद्धि योजना में 2.86 करोड़ का भुगतान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाबुआ



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ बुधवार को झाबुआ पहुंचे। झाबुआ के पोलिटेक्निक कॉलेज में उन्होंने झाबुआ उपचुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं से चर्चा की। प्रदेश कैबिनेट के 4 मंत्री भी शामिल रहे। बाद में मुख्यमंत्री कमलनाथ मिशन आवास योजना की शुरूआत करने पहुंचे। जहां उन्होंने उपस्थितों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 वर्ष भाजपा की सरकार रही लेकिन 15 साल बाद ऐसा प्रदेश सौंपा जहां बेरोजगारी रही, ऐसा प्रदेश जो महिला अत्याचार में नंबर वन रहा। हमें पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने ऐसा प्रदेश सौंपा, जिसका खजाना खाली था। प्रदेश में 70 प्रतिशत ग्रामीण हैं। मगर हालात ये रहे कि किसान का जन्म और मृत्यु कर्जे में होती रही, हमने तय किया था कि हम यह कर्जा माफ करेंगे और हमने कर्जा माफ किया।

### भूमिहीनों को आवासीय भूमि के 200 पट्टे वितरित किए

सीएम कमलनाथ ने मुख्यमंत्री कमलनाथ मिशन आवास योजना की शुरूआत करने पहुंचे। उन्होंने 200 हितग्राहियों को आवासीय भूमि के पट्टे वितरित किए। इस दौरान मंत्री जयवर्धन सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया।

---

# दंतेवाड़ा में वाहन से पकड़ाया साड़ी का बंडल निर्वाचन आयोग ने शुरू की जांच



**दंतेवाड़ा।** मंगलवार की रात करीब 9 बजे ग्राम गंजेनार के पास एक छोटा हाथी वाहन से साड़ी का बंडल बरामद किया गया है। कुआकोंडा थाने में निर्वाचन आयोग जांच में जुटा है। है। बताया जा रहा है कि छोटा हाथी दंतेवाड़ा से जा रही थी। रास्ते में एक बाइक सवार को ठोकर मारने के बाद तेज रफ्तार में भागने लगा। जिसे ग्रामीणों ने पीछा किया और जांच नाके पर पकड़ा। तब वहां वाहन पर साड़ियों का बण्डल पाया गया। शुरुआती पूछताछ में वाहन चालक सन्तोषजनक जवाब नहीं दे रहा है और न ही रसीद दिखा पाया। बीजेपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बंडल कांग्रेस पार्टी का है। जिसे मतदाताओं को बांटने ले जा रहे थे। बीजेपी पदाधिकारियों ने रंगे हाथों पकड़ा। फिलहाल अधिकारी भी खुलासा नहीं कर रहें हैं।

---

## सीएम भूपेश ने कहा...

# नेहरू को अपमानित करने की साजिश रच रहे कुछ नेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, यह भाजपा के घोषणा पत्र में था, लेकिन एक राज्य को समाप्त कर दिया गया, जो गलत है। आज वहां डर का माहौल है, जिसे दूर करने की जरूरत है। इसमें कोई परिवर्तन ला सकता है तो केवल युवा। देश में दूसरी राजनीतिक शक्तियों के द्वारा पं. नेहरू को अपमानित किया जा रहा है। यह एक तरह का षडयंत्र है। गांधी और आधुनिक भारत विषय पर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह बातें कहीं। कहा कि, छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाइल सेक्टर में मंदी का कोई असर नहीं है। यहां इस सेक्टर में करीब 25 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। जबकि पूरे देश में इस सेक्टर में मंदी है। क्योंकि यहां किसानों और गरीब व मध्यमवर्ग के लोगों में आर्थिक समृद्धी आई है।

---

# बीजापुर में 19 लाख के छह इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

### पुलिस के नक्सल उन्मूलन अभियान से प्रभावित हो रहे नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बस्तर में आईजी विवेकानंद सिन्हा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से प्रभावित होकर छह इनामी नक्सलियों ने बुधवार को आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक नक्सलियों का प्लाटून कमांडर और एक डिप्टी कमांडर सहित दो महिला नक्सली शामिल हैं। इन पर कुछ 19 लाख का इनाम सरकार ने घोषित किया था। यह नक्सली बीजापुर के फरसेगढ़ और नेलसनार में सक्रिय थे। बीजापुर एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि माड़ डिविजन में नक्सलियों की कंपनी नंबर 1 के प्लाटून कमांडर दिलीप वड्डे उर्फ चिन्ना ने एके 47 रायफल के साथ थाने पहुंच कर आत्मसमर्पण किया। उसपर शासन की ओर से आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था।



### दो विवाहित जोड़े भी शामिल

आत्मसर्पण करने वाले नक्सलियों में से दो विवाहित जोड़े हैं। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने जबरन उनकी नसबंदी करा दी थी। इसके अलावा उनके खोखले सिद्धांत और शोषणकारी नीति से परेशान होकर उन्होंने आत्मसमर्पण का निर्णय लिया। इन सभी नक्सलियों को शासन की ओर से 10-10 हजार रुपये की तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। एसपी ने बताया कि आत्मसर्मण करने वाले सभी नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा।

### एसएलआर के साथ किया समर्पण

*दिलीप वड्डे के अलावा मड़कम बंडी उर्फ बण्डू भी माड़ डिविजन में सक्रिय था, जिसने एसएलआर रायफल के साथ आत्मसमर्पण किया। वह नक्सल संगठन में डिप्टी कमांडर के ओहदे पर काम कर रहा था और उसपर शासन की ओर से आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह साल 2010 से नक्सल संगठन में सक्रिय था और देशी रॉकेट लांचर में विशेषज्ञ है। बीजापुर और नारायणपुर जिले के अलग-अलग थानों में उसके नाम पर कई अपराध दर्ज हैं। इनके साथ ही सनकी वड्डे उर्फ सुजाता, बुदरी उसेण्डी उर्फ गुड्डी, महेश वासम और विनोद मेट्टा नामके नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सनकी पर दो लाख और बुदरी पर एक लाख रुपये का इनाम शासन ने घोषित किया है।*

---

## जमानत याचिका खारिज...

# अमित को रायपुर सेंट्रल जेल किया जा रहा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



छजका अध्यक्ष अमित जोगी की जमानत याचिका हाईकोर्ट में खारिज हो गई है। उधर आज उन्हें मेडिकल जांच के बाद पेंड्रा जेल से रायपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने केस डायरी तलब की है। वहीं राज्य सरकार ने एक रिपोर्ट सीधे हाईकोर्ट को सौंपी जिसमें यह दावा है कि, अमित जोगी पूरी तरह स्वस्थ्य हैं।

दोपहर करीब एक बजकर पंद्रह मिनट पर, जस्टिस आरसीएस सामंत के कोर्ट में अमित जोगी प्रकरण पर सुनवाई शुरू हुई। जोगी की ओर से प्रकरण में जमानत दिए जाने के पक्ष में इसी मसले पर हाईकोर्ट के पूर्व फैसले को आधार बताया गया और अमित जोगी की मेडिकल बुलेटिन पेश की गई, जिसके आधार पर दावा किया गया कि अमित जोगी गंभीर बीमार हैं और उन्हे बेहतर चिकित्सा की आवश्यकता है। जबकि राज्य सरकार की ओर से एक रिपोर्ट पेश की गई जिसमें कहा गया कि रायपुर के पांच चिकित्सकों के मेडिकल दल ने अमित जोगी के स्वास्थ्य की जांच की है, इसमें अमित जोगी पूरी तरह स्वस्थ्य बताया गया है।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कोर्ट को सीधे रिपोर्ट सौंपे जाने पर दलील दी कि, हमें इसकी कोई जानकारी ही नहीं है यह जांच कब हुई, हमें इसकी कॉपी दी जाए।

---

## ताला खरीदने के बहाने आए...

# 53 हजार से भरा बैग उठा ले भागे तीन कार सवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा, शिवपुरी

दिनारा में बुधवार दोपहर बीच बाजार में व्यवसायी उमेश गुप्ता की हार्डवेयर दुकान पर आए तीन कार सवारों ने 53 हजार रुपयों से भरा बैग उड़ा दिया। दुकानदार उमेश ने बताया कि वे बैठे हुए थे तभी एक कार उनकी दुकान के सामने आकर रुकी, जिसमें से 3 लोग उतरे और अंदर आए। उन्होंने ताले खरीदने की बात कही, उन्हें कई ताले दिखाए। एक ताला पसंद आया जिसके बाद तीन में से एक युवक ने 2000 का नोट दिया।इसे खुल्ला करके जब व्यापारी उमेश ने उन्हें पैसे लौटाए तो पास में ही रखा उमेश का बैग उक्त युवक उठाकर कार में सवार होकर भाग गए। उमेश के मुताबिक बैग में 53 हजार रुपए रखे हुए थे।

---

## संबंधित जिलों के डीएफओ से अभयारण्य के लिए स्थान का चयन करने को कहा

# पर्यटन बढ़ाने 12 नए अभयारण्य खोलेगी मप्र सरकार

### प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधारने को लेकर पर्यटन के नए रास्ते भी खोजे जा रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए राज्य सरकार पर्यटन पर विशेष ध्यान दे रही है। इसे लेकर प्रदेश में पर्यटन के नए रास्ते खोजे जा रहे हैं। इसमें पर्यटन के अलावा वन विभाग भी भूमिका निभा रहा है। वन विभाग ने हाल ही में 12 नए अभयारण्य खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसमें जबलपुर, इंदौर में भी अभयारण्य प्रस्तावित किए गए हैं। संबंधित जिलों के डीएफओ से अभयारण्य के लिए स्थान का चयन करने को कहा गया है। एक अभयारण्य के लिए कम से कम 200 हेक्टेयर भूमि की जरूरत है।

**खास बातें**

- पर्यटन व वन विभाग संयुक्त रूप से पूरा करेंगे प्रोजेक्ट
- इंदौर जबलपुर भी इसमें हैं शामिल
- 200 हैक्टेयर भूमि की जरूरत होगी हर जगह



### इन जिलों में खुलेंगे अभयारण्य

वन विभाग ने प्रारंभिक तौर पर श्योपुर, बालाघाट, मंडला, छिंदवाड़ा, शहडोल, डिंडौरी, सागर, खंडवा, जबलपुर, इंदौर, सिवनी और होशंगाबाद में वाइल्ड लाइफ अभयारण्य खोलने का प्रस्ताव दिया है। जबकि रातापानी और मानधाता को नेशनल पार्क बनाने की तैयारी है। प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिए हैं।

### गठन की तैयारी

नए अभयारण्य बनने से शाकाहारी जानवरों की संख्या बढ़ेगी और उनके ऊपर निर्भर बाघ, तेंदुओं की संख्या में भी वृद्धि होगी। नए अभयारण्यों के गठन किया जा रहा है।

**जेएस चौहान**
अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक, वाइल्ड लाइफ

### अभी 27 करोड़ का राजस्व मिलता है

*वर्तमान में प्रदेश में 10 नेशनल पार्क और 25 अभयारण्य हैं। इनसे सरकार को हर साल करीब 27 करोड़ रुपए का राजस्व मिलता है। इस राशि को 200 करोड़ रुपए तक ले जाने की तैयारी है। इसके लिए वन्यप्राणी मनोरंजन केंद्र के साथ ही नए अभयारण्य भी खोले जा रहे हैं। वनमंत्री उमंग सिंघार ने इसमें रुचि दिखाई है। इसके बाद विभाग नए अभयारण्यों की तैयारी में जुट गया है। एक प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है, जबकि डीएफओ से स्थान चयन कर पूरी प्लानिंग के साथ प्रस्ताव भेजने को कहा है।*

## चिंतन

# एक बार प्रयोग होने वाला प्लास्टिक त्यागना होगा

विश्वभर में प्लास्टिक का उपयोग बहुत ज्यादा बढ़ चुका है। हर साल इतना प्लास्टिक फेंका जाता है कि इससे पूरी पृथ्वी के चार घेरे बन जाएं। अरबों क्विंटल तालाबों, झीलों और समुद्रों में पड़ा हुआ है। सबसे ज्यादा और खतरनाक है सिंगल यूज प्लास्टिक। ऐसा उत्पाद जिसे हम केवल बार प्रयोग करते हैं और फिर फेंक देते हैं। प्लास्टिक की 50 प्रतिशत वस्तुएं ऐसी ही हैं। यही मानव सभ्यता के लिए परेशानी बन गई हैं। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के कारण बिगड़ता पर्यावरण दुनिया के लिए सबसे बड़ी चिंता है। ऐसे में प्लास्टिक से पैदा होने वाले प्रदूषण को रोकना और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट बड़ी समस्या बनकर उभरी है। कई लाख टन प्लास्टिक हर साल उत्पादन हो रहा है, जो कि बायोडिग्रेडेबल नहीं है। यह न तो पानी में घुलता है और न ही मिट्टी में गलता है। सिंगल यूज प्लास्टिक का सिर्फ 13वां हिस्सा यानी लगभग 7.5 फीसदी को ही रिसाइकल हो पा रहा है। बाकी प्लास्टिक मिट्टी में दफन हो जाता है, जो पानी की सहायता से समुद्र में पहुंचता है। प्लास्टिक बैग्स बनाने में जायलेन, इथिलेन ऑक्साइड और बेंजेन जैसे केमिकल्स का इस्तेमाल होता है। इन केमिकल्स से इंसानों, पशुओं समेत धरती के हर जीव में बहुत सी बीमारियां होती हैं। केवल इतना ही नहीं प्लास्टिक को जलाने और फेंकने पर जहरीले केमिकल्स का उत्सर्जन होता है। जो सांस लेने पर शरीर में प्रवेश कर श्वसन प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसे जमीन में फेंका जाए या गाड़ दिया जाए या पानी में फेंक दिया जाए, इसके हानिकारक प्रभाव कम नहीं होते। ऐसे रसायन पानी और खाद्य सामग्रियों के माध्यम से हमारे शरीर में पहुंचते हैं और गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। प्लास्टिक के इन्हीं दुष्प्रभावों को देखते हुए अब केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार सितंबर के दूसरे सप्ताह से प्लास्टिक के खिलाफ अभियान छेड़ने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से अपने संबोधन में देशवासियों से सिंगल-यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को बंद करने की अपील की थी। बुधवार को मथुरा में उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि नदियों, झील और तालाब में रहने वाले प्राणियों का प्लास्टिक को निगलने के बाद जिंदा बचना मुश्किल हो जाता है। सिंगल यूज प्लास्टिक से छुटकारा पाना ही होगा। हमें यह कोशिश करनी है कि अपने घर, दफ्तर, कार्यक्षेत्र को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करें। प्रधानमंत्री ने 2022 तक भारत को सिंगल-यूज प्लास्टिक से फ्री करने का लक्ष्य रखा है। दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के दिन देशभर में सिंगल-यूज प्लास्टिक बैन होने जा रहा है। इस तारीख से सिंगल-यूज प्लास्टिक से बनने वाले प्लास्टिक बैग, स्ट्रॉ, कप्स, प्लेट, बोतल और शीट्स बंद हो जाएंगी। यह बहुत जरूरी भी है। प्रधानमंत्री ने देशभर में काम कर रहे सभी हेल्थ गुप, सिविल सोसाइटी, युवा मंडल, महिला मंडल, क्लब, स्कूल, कालेजों से भी इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया है। याद रहे इससे पहले दो अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान शुरू किया था, जो पूरे देश का मिशन बन गया। इसके तहत देशभर में 7.25 करोड़ शौचालय बनाकर देश को खुले में शौच से मुक्ति दिलाई गई। केवल इतना ही नहीं 2014 में देश में स्वच्छता कवरेज 38.70 से बढ़कर 2018 में 83.71 हो गई। उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के साथ भी ऐसा ही होगा। पूरा देश एकजुटता के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने में सहयोग करेगा, क्योंकि पृथ्वी पर जीवन के लिए ऐसा करना जरूरी है।

## सारा संसार



यह मध्य केरल में है। केरल की बाकी जगहों पर जाने के लिए कोच्चि से आसानी होगी। यह केरल घूमने के लिए शुरुआत पड़ाव की तरह है। इस वजह से भी कोच्चि लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया।

## व्यंग्य

अमित शर्मा

# प्रीतिभोज

शादी-ब्याह हो या, बर्थडे पार्टी, रिटायरमेंट या फिर अन्य कोई भोजनात्मक आयोजन हम हर ऐसे अवसर पर हमारे प्रियजनों की प्रीतिभोज करवाने की परंपरा रूपी हथकड़ी से बंधे है। भजन से पहले भोजन और भजन के बाद फिर भोजन, हमारी भोजन सत्ता की गहरी जड़ो की राष्ट्रभाषा में चुगली करता है। शादियों के सीजन में प्रीतिभोज का प्रकोप पूरे शबाब पर होता है। प्रीतिभोज में आपकी प्रीति लिंक न होने पर भी आपको घटनास्थल अर्थात प्रीतिभोज पर पहुंचना होता है ताकि आपसी रिश्तों में गर्माहट बिना माइक्रोवेव के बनी रहे। कई भोजनासुर तो हर सीज़न में संभावित और संदिग्ध प्रीतिभोज की सूची बनाकर ही घर का राशन क्रय करते है। जरुरत से ज्यादा मिलनसार लोग तो अपने शहर में होने वाले हर प्रीतिभोज मे सेंध लगाकर अपने घर मे राशन की आवक को रुपये की तरह न्यूनतम स्तर पर पहुंचा देते है। हर प्रीतिभोज पर ये बिना कागज़-कलम के अपना नाम और पता दोनों लिख देते है। किसी भी आयोजक के लिए प्रीतिभोज के लिए स्थान बुक करना मैच फिक्स करने से भी मुश्किल होता है। एक साल भर पहले से प्रीतिभोज के आयोजक, शहर के हर पार्क और कम्युनिटी हॉल पर लाइन मारना शुरू कर देते है ताकि उसे फिक्स कर सके। रोज़ होशियारी की चाशनी का शैम्पू करने वाले कुछ लोग तो ऐसी जगह प्रीतिभोज रखते है कि जहां ज्यादातर रिश्तेदार पहुंच कर अपनी कदम और राय न रख पाए। प्रीतिभोज में सबसे बड़ी चुनौती स्वादिष्ट भोजन को अपनी प्लेट में ज़ब्त करने की होती है। बुफे में दाल मखनी लेने के बाद गुलाब-जामुन तक पहुंचने के लिए 6 लेन फ्लाईओवर की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि भोजनप्रिय जनता, बिना किसी टक्कर के अपने पसंदीदा भोजन के पास खुद को पार्क कर सके। हाथ मे प्लेट लिए एक काउंटर से दूसरे काउंटर तक सफलतापूर्वक पहुंचने के लिए व्यक्ति की नसों में, मुसीबतों से लड़ने का साहस अच्छे से मिक्सर मे पीस कर भरा हुआ होना चाहिए तभी वह हर काउंटर पर, हर डिश को काउंट कर फतेह का लेबल चस्पा कर सकता है। पहले चुनावों मे जिस तरह से बूथ कैप्चर किए जाते थे उसी तरह से प्रीतिभोज में दबंगो द्वारा काउंटर कैप्चर कर लिए जाते हैं। जो काउंटर कैप्चर कर लिए जाते है वहां से आम आदमी का अपनी प्लेट में मिष्ठान डाल देना परमवीर चक्र योग्य वीरता का काम है। दबंगों द्वारा कैप्चर किए गए काउंटर को ठीक उसी तरह से घेर कर रखा जाता है जैसे एसपीजी गार्ड्स प्रधानमंत्री को घिरे रहते हैं। कैप्चर किए गए काउंटर के सारे पकवान, दबंगो के रिश्तेदारों की प्लेट्स मे डिस्को-कैबरे करते हुए उदरस्थ होकर मस्त होते है। प्रीतिभोज में पानी का काउंटर उसी तरीके से छुपा दिया जाता है जिस तरीके से शादी में साली समुदाय से ताल्लुक रखने वाली स्त्रियां, जीजा कौम मे गुज़र-बसर करने वाले निरीह प्राणियों के जूते छुपा देती है। कभी-कभी रेगिस्तान में पानी ढूंढना फिर भी आसान होता है, लेकिन किसी पार्टी में पानी के काउंटर को खोजना मुश्किल है। अगर कोई व्यक्ति पानी के काउंटर का पता उगल भी दे तो भी वहां तक सही सलामत पहुंचकर अपनी प्यास का गठबंधन पानी से करवा देना बहुत मुश्किल होता है। कई पैसे वाले मेहमान, अपने साथ डिटेक्टिव एजेंसी के जासूस भी अपने सामान के साथ लेकर चलते है ताकि वो मेहमान के खाना खाने से पहले ही छुपे हुए पानी के काउंटर पर छापा मारकर सही समय पर पानी से मुठभेड़ करवा सके। निमंत्रित किए गए मेहमान अपने साथ भीषण शुभकामनाओं के साथ साथ नकद वाले लिफाफे से भी आयोजन का भी कद कई फ़ीट ऊंचाकर देते है।



विचार

शुभ्रांशु चौधरी

मैं ऐसी कई बसाहटों में गया हूं, जिसे आंध्र और तेलंगाना की पुलिस और वन अधिकारियों ने मिलकर 10-15 बार, 13 बार, 11 बार जला दिया है, तोड़ा है। इन्हें बसाहट ही कहा जा सकता है गांव नहीं क्योंकि इनको गांव की सरकारी मान्यता नहीं है। ऐसे लगभग 248 बसाहटों का पता चला है जो गोदावरी नदी के दोनों किनारे लगभग 200 किलोमीटर तक फैले हुए हैं। कुछ बसाहट छोटे हैं, उसमें 20 से 30 परिवार रहते हैं। कुछ बड़े हैं, जिसमें 50 तक परिवार हैं ये सभी बसाहट किसी गांव से 2 से 8 किलोमीटर की दूरी तक बसे हैं। इन तक जाने के लिए अक्सर कोई रोड नहीं है।

# गांधी जयंती पर बस्तर में होगा बदलाव!

बस्तर में सलवा जुडूम शुरू होने के बाद सन 2005 से जब दोनों ओर से हिंसा में वृद्धि हुई, तब लगभग 55000 लोग अपना घर छोड़कर सड़क किनारे के सरकारी कैम्पों में विस्थापित हुए थे। उनमें से अधिकतर परिवार अब वापस अपने घर जा चुके हैं, पर उस समय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार लगभग इतने ही लोग उस समय बढ़ी हुई हिंसा से जान बचाकर अन्य राज्यों में भागने को मज़बूर हुए थे। इनकी सही संख्या की जानकारी नहीं है क्योंकि इनका सर्वे नहीं हुआ है। इनमें से अधिकतर आज 15 साल बाद भी आंध्रप्रदेश और तेलंगाना राज्य के जंगलों में जंगल की जमीन पर कब्जा कर किसी तरह जीवन-यापन कर रहे हैं। इनके किसी के पास इन जमीनों का मालिकाना हक़ नहीं है। अक्सर आंध्रप्रदेश और तेलंगाना राज्य के अधिकारी उन्हें छत्तीसगढ़ वापस भेजने का प्रयास करते रहते हैं।

मैं ऐसी कई बसाहटों में गया हूं, जिसे आंध्र और तेलंगाना की पुलिस और वन अधिकारियों ने मिलकर 10-15 बार, 13 बार, 11 बार जला दिया है, तोड़ा है। इन्हें बसाहट ही कहा जा सकता है गांव नहीं क्योंकि इनको गांव की सरकारी मान्यता नहीं है। ऐसे लगभग 248 बसाहटों का पता चला है जो गोदावरी नदी के दोनों किनारे लगभग 200 किलोमीटर तक फैले हुए हैं। कुछ बसाहट छोटे हैं, उसमें 20 से 30 परिवार रहते हैं। कुछ बड़े हैं, जिसमें 50 तक परिवार हैं ये सभी बसाहट किसी गांव से 2 से 8 किलोमीटर की दूरी तक बसे हैं। इन तक जाने के लिए अक्सर कोई रोड नहीं है। बारिश के समय इन सभी बसाहटों तक गाड़ी से जाना लगभग नामुमकिन है। कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से लगभग सभी के पास राशन कार्ड है। ये खुद जंगल की जमीन पर खेती करते हैं और पड़ोस के गांवों में मजदूरी भी करते हैं। चूंकि इनमें से अधिकतर छत्तीसगढ़ के उन अंदरूनी गांवों से हैं, जहां आज भी माओवादियों का दबदबा है इसलिए वे चाहते हुए भी भयवश अपने मूल गांव वापस नहीं जाना चाहते हैं। इनमें से अधिकतर चाहते हैं कि उन्हें उस जंगल की ज़मीन का मालिकाना दे दिया जाए, जहां आंध्रप्रदेश और तेलंगाना में वे पिछले लगभग 15 सालों से रह रहे हैं। आंध्रप्रदेश और तेलंगाना दोनों इन लोगों को आदिवासी नहीं मानते। उनको वृद्धावस्था पेंशन जैसी सुविधाएं भी नहीं मिलती।

पिछले दो साल में मध्य भारत में शांति के लिए एक शांति प्रक्रिया की शुरुआत हुई है। पिछले अक्टूबर में नई शांति प्रक्रिया के तहत आंध्रप्रदेश से बस्तर तक एक शांति पदयात्रा आयोजित की गई थी, जिसमें हिंसा पीड़ित राज्यों के आदिवासियों ने 200 किलोमीटर पैदल चलकर सभी पक्षों से अपनी समस्याएं साथ मिल बैठकर शांतिपूर्ण तरीके से हल करने का प्रयास करने की अपील की थी। उस समय कुछ विस्थापित साथियों से आंध्रप्रदेश में हमारी मुलाकात हुई थी।

शांति पदयात्रा के समापन के बाद जब पदयात्री बस्तर की राजधानी जगदलपुर में बस्तर डायलॉग 2 के लिए बैठे तो विस्थापितों का मुद्दा प्रमुखता से उठा और अन्य मुद्दों के साथ अगले कार्यक्रम में विस्थापित साथियों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया गया था। इस वर्ष फरवरी मार्च में हुई शांति साइकिल यात्रा में विस्थापित साथियों ने प्रमुखता से हिस्सा लिया। यह यात्रा जगदलपुर से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक के लिए की गई थी। 300 साइकिल यात्रियों ने 300 किलोमीटर का सफर एक हफ्ते में पूरा किया।



फाइल फोटो

शांति साइकिल यात्रा के बाद राजधानी नवा रायपुर के बंजारी ग्राम में हुए बस्तर डायलॉग 3 में यह समझ बनी कि सिर्फ थोड़े ही विस्थापित साथी अपने मूल गांव वापस जाना चाहते हैं। अधिकतर उन विस्थापित साथियों के लिए जो आंध्रप्रदेश और तेलंगाना में ही रहना चाहते हैं यह समझ बनी कि वन अधिकार नियम की धारा 3.1.M के अनुसार उन्हें अदला-बदली में उनके छत्तीसगढ़ के मूल गांव के जंगल के कब्ज़े की ज़मीन के बदले दूसरी ज़मीन दी जा सकती है। जो थोड़े साथी सड़क के पास के उनके गांव में वापस जाना चाहते थे उन्हें अप्रैल माह में उनके मूल गांव सुकमा जिले के मरईगुड़ा गांव में जाने में मदद की गई और अब वे परिवार अपने मूल गांव में खेती कर रहे हैं। वे साइकिल यात्रा के बाद हड़बड़ी में जल्दी वापस जाना चाहते थे क्योंकि उनके खेत 13 सालों से खाली पड़े थे और बारिश के पहले उन्हें उन खेतों को ठीक करने के लिए समय चाहिए था। जो लोग आंध्रप्रदेश और तेलंगाना में ही रहना चाहते हैं उनके लिए केंद्रीय जनजाति मंत्रालय ने बताया कि दो राज्यों के बीच में इस तरह के जमीन की अदला बदली वन अधिकार नियम के तहत संभव है। उसके बाद से लगभग 500 विस्थापित परिवारों ने अदला-बदली के लिए वन अधिकार का आवेदन भरा है। उनमें से लगभग 150 परिवार छत्तीसगढ़ वापस आना चाहते हैं पर वे अपने मूल गांव वापस नहीं जाना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि सरकार अदला बदली में उन्हें छत्तीसगढ़ में सड़क किनारे शांत जगह में जमीन दे। इन साथियों को वन आधारित स्व रोजगार शुरू करने के लिए मदद दिए जाने की जरुरत है।

वन अधिकार के आवेदन की कट ऑफ डेट को इन विशेष लोगों के लिए 13 दिसंबर 2008 तक किए जाने की जरूरत है क्योंकि यह विशेष परिस्थिति है। क्या छत्तीसगढ़ में बसने वाले इन गांवों को गांधी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में गांधी 150 पुनर्वास गांव का नाम दिया जा सकता है? इन गांवों के बसने से दक्षिण बस्तर में शांति की ओर बहु प्रतीक्षित बदलाव की शुरुआत हो सकती है?

## अज्ञात से संबंधित है दर्शन



संकलित

दर्शन

मूल है, जो सबसे महत्वपूर्ण है, वह सदैव ही अज्ञात है। जिसको हम जानते हैं, वह बहुत ही ऊपरी है। इसलिए कुछ बातें ठीक से समझ लेनी चाहिए, इसके पहले कि हम अज्ञात में उतरें। ये तीन शब्द- ज्ञात, अज्ञात, अज्ञेय समझ लेने जरूरी हैं सबसे पहले, क्योंकि उपनिषद अज्ञात से जुड़े हैं। वे समाप्त होते हैं अज्ञेय में। ज्ञात की भूमि विज्ञान बन जाता है; अज्ञात- दर्शनशास्त्र और अज्ञेय है धर्म से संबंधित। दर्शनशास्त्र ज्ञात व अज्ञेय में, विज्ञान व धर्म के बीच एक कड़ी है। दर्शनशास्त्र पूर्णतः अज्ञात से संबंधित है। जैसे ही कुछ भी जान लिया जाता है, वह विज्ञान का हिस्सा हो जाता है और वह फिर दर्शन का हिस्सा नहीं रहता। इसलिए विज्ञान जितना बढ़ता जाता है, उतना ही दर्शनशास्त्र आगे बढ़ा दिया जाता है। जो भी जान लिया जाता है, विज्ञान का हो जाता है। दर्शनशास्त्र विज्ञान व धर्म के बीच की कड़ी है। उपनिषद् अज्ञात से प्रारंभ होते हैं, और वे अज्ञेय पर समाप्त होते हैं। और जब कहा जाता है अज्ञेय, तो इसका तात्पर्य है वह जो कि कभी जाना नहीं जा सकता। जिस क्षण हम अज्ञेय का सामना करते हैं, केवल तभी वह धर्म होता है। अज्ञेय, को कभी जाना नहीं जा सकता; परन्तु उसका सामना हो सकता है। उसका साक्षात्कार हो सकता है, परन्तु फिर भी वह अज्ञेय ही रहता है। केवल इतना ही अनुभव होता है कि अब हम एक गंभीर रहस्य में हैं, जिसे समझा नहीं जा सकता।

## भावप्रधान हो श्रवण



संकलित

आस्था

आप अपनी बुद्धि से, तर्क से सुन सकते हैं। यह एक तरीका है सुनने का, जो सामान्य है और बहुत उथला, क्योंकि तर्क के साथ आप सदैव या तो बचाव करने में लगे होते हैं या हमला करने में। जब तर्क से समझने की कोशिश करते हैं, तब उससे लड़ते हैं, तब केवल एक परिचय होता है। गहन अर्थ के लिए सहानुभूति के साथ सुनना अनिवार्य है। इसलिए तर्क से सुनना ठीक है, यदि तुम गणित, तर्कशास्त्र या कोई ऐसी बात सीख रहे हो, जो पूरी तरह बुद्धिगत हो। अगर तुम कविता को भी तर्क से सनोगे, तो तुम फिर अंधे हो जाओगे। यह ऐसा ही है, जैसे कि कोई कान से देखने का प्रयत्न करे अथवा आंखों से सुनने का प्रयत्न करे! तुम तर्क से कविता को नहीं समझ सकते। इसलिए एक दूसरी समझ भी होती है, जो तर्क से नहीं, बल्कि होती है प्रेम से, अनुभूति से, भावना से। तर्क कभी अपने में किसी भी चीज को आसानी से नहीं गुजरने देता। तर्क को हराया जाना चाहिए, केवल तभी कुछ भीतर प्रवेश कर सकता है। यह बुद्धि का एक सुरक्षा का इंतजाम है। यह हर क्षण सावधान रहता है, कुछ भी भीतर नहीं जा सकता, बिना तर्क को पछाड़े। और अगर तर्क हार भी जाए, तो भी वह चीज आपके हृदय तक नहीं जा सकती, क्योंकि हार में आप सहानुभूतिपूर्ण नहीं हो सकते। श्रवण का दूसरा आयाम है हृदय के द्वारा, भावना के द्वारा। कोई संगीत सुन रहा है, तब किसी विश्लेषण की जरूरत नहीं है। यदि तुम विवेचना करने को एक क्षण भी ठहरे तो तुमने बहुत कुछ खो दिया। वह एक बहती हुई समग्रता है।

## अंतर्मन



फोटो न्यूज

राफाह। दक्षिणी गाजा के राफाह शहर स्थित एक जू में एक फिलीस्तीनी बच्चा बुधवार को सिंह के शावकों के साथ खेलता हुआ।

## आज की पाती

### देश को खोखला कर रहा भ्रष्टाचार

भ्रष्टाचार हर देश की समस्या है। दुनिया में ऐसा कोई भी देश नहीं जो इससे बचा हो। भारत में भी इस नैतिक बीमारी का प्रकोप फैला हुआ है। पहले हवाला कांड, बोफोर्स रिश्वत मामला, राष्ट्रमंडल खेल, आदर्श सोसायटी, 2जी स्पैक्ट्रम तथा बैंक घोटाले जिनमें न जाने हम कितना धन गंवा चुके हैं। इस भ्रष्टाचार में राजनीतिज्ञ, बड़े अधिकारी व व्यापारी वर्ग की संलिप्तता जगजाहिर है। कहीं व्यापार में धोखाधड़ी, नौकरी में धन का प्रयोग, शिक्षा में तुष्टिकरण नीति, उच्च अधिकारियों द्वारा धन लेकर प्रोजेक्ट देना, बेनामी सौदे, भ्रष्टाचार के प्रमाण हैं। भ्रष्टाचार जनता व देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। जब तक लोग भ्रष्टाचार के विरोध में खड़े नहीं होंगे, तब तक जनक्रांति नहीं हो सकती है। भ्रष्टाचार के निदान के लिए आत्ममंथन करना व अपने स्तर पर इसे रोकना हर नागरिक का कर्तव्य है। -अनुरूपा घोष

## करंट अफेयर

# अमेरिकी मीडिया कश्मीर की एकतरफा तस्वीर दिखा रहा




अमेरिका में भारत के राजदूत ने कहा है कि अमेरिकी मीडिया का एक तबका, खासतौर से उदारवादी धड़ा कश्मीर पर एकतरफा तस्वीर दिखा रहा है और ऐसा उन पक्षों के कहने पर किया जा रहा है जो भारतीय हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं। भारतीय राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि भारत द्वारा पिछले महीने जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने का फैसला लोगों की 'भलाई' के लिए किया गया है। एक साक्षात्कार में शीर्ष भारतीय राजनयिक ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को 'अराजकतावादी प्रावधान' करार दिया जिससे अर्थव्यवस्था का 'दम घुट रहा था' और पाक आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा था।' उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्यवश, अमेरिका में मीडिया के एक तबके खासतौर से उदारवादी तबके ने अपने ही कारणों से, मुद्दे के इस परिदृश्य को सामने नहीं लाने का विकल्प चुना है जबकि यह परिदृश्य बेहद महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'इसके बजाय वे तस्वीर के उस पहलू पर फोकस कर रहे हैं, जिसे उन पक्षों द्वारा आगे बढ़ाया गया है जो हमारे हितों से बैर रखते हैं।' श्रृंगला ने कहा कि उन्होंने और यहां भारतीय दूतावास ने भारत के बारे में तथ्यात्मक स्थिति को लेकर कांग्रेस सदस्यों, सीनेटरों और थिंक टैंक से संपर्क कायम करने के लिए एक व्यापक अभियान छेड़ा है।

## ऑफ बीट

# घर में चल रहा था मृत्यु-भोज तभी वह जिंदा लौट आया

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में बेहद अजीबो-गरीब मामला देखने को मिला है। यहां एक शख्स का श्राद्ध होने के बाद वह जिंदा लौट आया है। थानाक्षेत्र के



बुधनगरा गांव निवासी सेवानिवृत्त सैनिक रामसेवक ठाकुर का बेटा संजू ठाकुर मंदबुद्धि है। 35 वर्षीय संजू ठाकुर गत अगस्त माह से घर से गायब था। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने गत 31 अगस्त को उसकी गुमशुदगी का रिपोर्ट मुशहरी थाने में दर्ज कराई थी। इसी बीच थाना से फोन पर बताया गया कि उनके पुत्र के हुलिये का शव मीनापुर थानाक्षेत्र में गंडक नदी के किनारे बरामद हुआ है। शव का चेहरा सड़ चुका है। परिजनों की ओर से एसकेएमसीएच जाकर शव की पहचान की गई। गत 8 सितंबर को शव गांव लाकर उसका दाह संस्कार कर दिया गया। इस बीच मंगलवार को ग्रामीण राम आधार ठाकुर शहर जा रहे थे, तभी कन्हौली के निकट उन्हें संजू जिंदा दिख गया। वे चौंक गए क्योंकि तीन दिन पहले ही गांव और परिवार के लोगों ने संजू का दाह-संस्कार कर दिया था। संजू ने बताया कि वह कहीं श्रीमद् भगवत कथा हो रहा था, वहीं रुक गया था। तब वे उसे लेकर गांव बुधनगरा लौटे। इधर घर पर गमगीन माहौल में आज तीसरे दिन तिराती के भोज की प्रक्रिया चल रही थी। लोगों ने जब उसे देखा तो हतप्रभ रह गए। घर में ख़ुशी का माहौल हो गया।

## ट्रेंड

### बाल खड़े हो जाते हैं



हमारे देश में कुछ लोगों के कान पर अगर ॐ या गाय शब्द पड़ता है तो उनके बाल खड़े हो जाते हैं। उनको लगता है कि देश 16वीं और 17वीं शताब्दी में चला गया है। ऐसा कहने वालों ने देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। -नरेंद्र मोदी

### भय को कम करती करुणा



डर और चिंता हमें क्रोध और हिंसा का रास्ता दिखाते हैं। डर के विपरीत विश्वास है, जो हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाता है। करुणा भय को भी कम करती है, यह दर्शाती है कि यह दूसरों की भलाई भी चिंता का विषय है। यही दोस्तों को आकर्षित करता है। -दलाई लामा

### केरल की आत्मा



ओणम का त्यौहार सभी के लिए खुशी और समृद्धि लाए। अपनी हालिया केरल यात्रा के दौरान मैंने प्रणव के साथ बातचीत की, एक कलाकार जो अपने पैरों से स्केच बनाता है और मैं लगन और प्रेरणा से चकित हूं। यह मेरे लिए केरल की आत्मा का प्रतीक है। -सचिन तेंदुलकर

### फिल्म में सहयोगी अहम



फिल्म ऐसा माध्यम है, जिसमें सहयोगी कलाकारों की महती भूमिका है। सारा श्रेय एक निदेशक को मिलना गलत है। उससे फिल्म उत्कृष्ट नहीं हो सकती। क्या मैं सीमा बिस्वास के बिना बैंडिट क्वीन बना सकता था या श्रीदेवी के बिना मिस्टर इंडिया। -शेखर कपूर

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## उपराष्ट्रपति ने ओणम की देशवासियों को बधाई दी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने ओणम के पर्व पर देशवासियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि पौराणिक राजा महाबली की स्मृति में मनाया जाने वाला यह त्यौहार आदर्श लोक कल्याणकारी शासन में शांति और समृद्धि का संदेश देता है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ओणम के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। ओणम, केरल क्षेत्र के प्रसिद्ध पौराणिक राजा महाबली की स्मृति में मनाया जाता है जिनके आदर्श लोक कल्याणकारी शासन में राज्य में शांति और समृद्धि थी। नायडू ने कहा कि फूलों के इस रंगारंग पर्व के अवसर पर लोग अपने परिजनों और मित्रों के साथ पारंपरिक खेलों, संगीत और नृत्य के साथ सामुदायिक भोज में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि ओणम समृद्धि, दया, करुणा, त्याग, निष्ठा और संतोष के उत्सव का पर्व है।

## अधीक्षण अभियंता का निजी सहायक रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने चूरू जिले के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता के निजी सहायक को ठेकेदार से 3000 रूपये की कथित रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि ब्यूरो के एक दल ने बुधवार को चूरू के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता के निजी सहायक अशोक कुमार जोशी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। जोशी ने परिवादी भंवर सिंह से उसके सी श्रेणी के ठेकेदार का अस्थाई पंजीयन को स्थाई करवाने के लिये पिछले एक वर्ष में किये गये कार्यो का विवरण व 46000 रूपये की राशि लौटाने के लिये कथित तौर पर तीन हजार रूपये की रिश्वत की मांग की थी। उन्होंने बताया कि शिकायत के सत्यापन के बाद आरोपी जोशी को परिवादी से तीन हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

## राजस्थानः सरकारी स्कूलों में होगा एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने सरकारी और संबद्ध स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू करने का फैसला किया है। शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम समीक्षा समिति की सिफारिश पर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि 2020-21 के अगले शैक्षणिक सत्र से छठी से आठवीं तक अंग्रेजी और हिंदी माध्यम की एनसीईआरटी की पाठयपुस्तकें पढाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को राजस्थान के भूगोल, इतिहास और संस्कृति के बारे में बताने के लिए 'हमारा राजस्थान' शीर्षक से एक नयी पुस्तक कक्षा 6, 7 और 8 में तीन भागों में लागू की जाएगी। अगले सत्र से 9 वीं और 11 वीं कक्षा में एनसीईआरटी की अंग्रेजी और हिंदी माध्यम की किताबें भी लागू की जाएंगी।

### प्रधानमंत्री ने मथुरा से की 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरूआत

# आतंकवाद एक वैश्विक समस्या, जो बन गई है विचारधारा : मोदी

एजेंसी ⏭ मथुरा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आज आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है जिसने विचारधारा का रूप ले लिया है। उन्होंने साथ ही कहा कि आतंक की जड़ें हमारे पड़ोस में पनप रही हैं लेकिन हम इसका मजबूती से सामना कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को पनाह और प्रशिक्षण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भारत पूर्ण रूप से सक्षम है और हमने इसे करके दिखाया भी है। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है । लगभग एक सदी पहले विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका के शिकागो में ऐतिहासिक भाषण दिया था। लेकिन ये देखिए कि आज ही के दिन 11 सितंबर 9/11 अमेरिका में ही ऐसा हमला हुआ था जिसे देखकर दुनिया दहल गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा, कि आज आतंकवाद एक विचारधारा बन गया है जो किसी सरहद से नही बंधा है और एक वैश्विक समस्या है जिसकी जड़ें हमारे पड़ोस में विषबेल की तरह फलफूल रही हैं। इस विचारधारा को आगे बढ़ाने वालों, आतंकवादियों को पनाह और प्रशिक्षण देने वालों के खिलाफ आज पूरे विश्व को संकल्प लेने और कड़ी कार्रवाई की जरूरत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने स्तर पर इस चुनौती से निपटने में पूरी तरह सक्षम है और हमने यह दिखाया भी है और आगे भी दिखायेंगे। आतंकवादी कानून को कड़ा करने का फैसला भी इसी दिशा में किया गया एक प्रयास है। अब संगठनों का नाम बदलकर अपने कारनामों को नही छुपा पायेंगे। समस्या चाहे आतंक की हो, प्रदूषण की हो, बीमारी की हो, हमें मिलकर इनको पराजित करना है। आइए, हम इसका संकल्प लें। मथुरा में मोदी ने बुधवार को राष्ट्रीय पशु रोग उन्मूलन कार्यक्रम लॉन्च किया। उन्होंने पशुओं के पैर और मुंह के रोगों को दूर करने और टीकाकरण की व्यवस्था कर, स्वास्थ्य से जुड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

### देश की जनता से की सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को खत्म करने की अपील

मथुरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देशव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारम्भ करते हुए देश की जनता से सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को खत्म करने की अपील की। दो अक्टूबर तक अपने घरों, दफ्तरों को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का आह्वान करते हुए मोदी ने कहा कि प्लास्टिक से उपजे कचरे की समस्या अब गंभीर हो गयी है। यह कचरा पर्यावरण के लिए तो घातक है ही, पशुओं का जीवन भी इस प्लास्टिक की वजह से खतरे में है। उन्होंने एक हजार 59 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए पशुधन के संरक्षण से संबंधित कई योजनाओं का शुभारम्भ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय पशु आरोग्य मिशन शुरू करते हुए कहा कि पशुधन हमेशा से भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा रहा है। पशुधन के बिना भारत के गांवों की अर्थव्यवस्था में सुधार सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि मथुरा नगरी के लोगों ने हमेशा से प्रकृति एवं पशुओं के संरक्षण, स्वास्थ्य और संवर्धन की दिशा में काम किया है। उन्होंने मथुरा के वेटनरी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय पशु आरोग्य मेले का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही पशुओं में होने वाली अलग-अलग बीमारियों को रोकने के लिये टीकाकरण कार्यक्रम की भी शुरुआत की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है जो विचारधारा बन गई है। आतंक की जड़ें हमारे पड़ोस में पनप रही हैं। हम इसका मजबूती से सामना कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

### भाषण के दौरान दूरदर्शन के कैमरामैन बेहोश

मथुरा। मथुरा में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बीच ही दूरदर्शन के सीनियर कैमरामैन सुनील सक्सेना (54) बेहोश होकर सात फुट ऊँचे मचान से अचानक नीचे गिर पड़े। प्रधानमंत्री ने स्वयं माइक से घोषणा कर मेडिकल स्टाफ को उन्हें चिकित्सकीय सहायता देने के लिए बुलाया। प्रधानमंत्री के काफिले में शामिल एंबुलेंस से सक्सेना को अस्पताल पहुंचाया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ शेर सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल में किए गए सीटी स्कैन से पता चला कि उन्हें माइल्ड ब्रेन स्ट्रोक (पक्षाघात) हुआ था। उसके बाद उन्हें तुरंत नयति अस्पताल ले जाया गया।

### आरएसएस नेता कृष्ण गोपाल बोले

# करोड़ों की संख्या होने पर भी मुस्लिम भयभीत क्यों हैं?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुसलमान क्यों भय में है। क्यों डरे हुए हैं? 15 -16 करोड़ की संख्या होने पर भी क्यों डरे हुए है? 40-45 लाख की संख्या वाले जैन तो कभी नहीं कहे की वे डरे हुए हैं। 50 हजार की संख्या वाले पारसियों ने कभी नहीं कहा कि वे भयभीत हैं। 80-90 लाख वाले बौद्ध ने कभी नहीं कहा कि डरे हुए हैं 5000 कि संख्या वाले यहूदी भी नहीं डरते। लेकिन जो 600 सालों तक हुकूमत किया, वे क्यों भयभीत है? क्या समस्या है? उसे बताए. बहस करें। पारसी इतने कम है जो दूध में शक्कर की तरह है। लेकिन आप भी इसी तरह रह सकते है। ये बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने भारत की समन्वयवादी परम्परा के नायक दारा शिकोह पर आयोजित सेमिनार में कही। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एकेडमिक्स फॉर नेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम था। इस अवसर पर केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलो के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि, दारा शिकोह इतिहासकारों के असहिष्णुता के शिकार हुए। औरंगजेब, जो क्रूरता और आतंक का प्रतीक है, उसके नाम पर रोड तो था। लेकिन दारा शिकोह के नाम पर अब रोड बना है।

### महाराष्ट्र चुनावः कांग्रेस को लगा एक और बड़ा झटका

# पूर्व मंत्री हर्षवर्धन पाटिल बीजेपी में शामिल

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री हर्षवर्धन पाटिल बुधवार को यहां बीजेपी में शामिल हो गए, उन्होंने मंगलवार को ही कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। पाटिल दक्षिण मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए। पाटिल पुणे जिले की इंदापुर सीट से चार बार विधायक रहे हैं, लेकिन वह 2014 का विधानसभा चुनाव एनसीपी के दत्तात्रेय भरणे से करीबी अंतर से हार गए थे। कांग्रेस और एनसीपी ने पिछला चुनाव अलग-अलग लड़ा था। पाटिल ने बारामती लोकसभा सीट पर एनसीपी की सांसद सुप्रिया सुले की जीत सुनिश्चित करने के लिए उनका समर्थन किया था। उन्हें उम्मीद थी कि इसके बदले में शरद पवार नीत पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में इंदापुर सीट से उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करेगी। यह सीट बारामती लोकसभा क्षेत्र में पड़ती है।

### आईएनएक्स मीडिया हेराफेरी

# जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे चिदंबरम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



आईएनएक्स मीडिया हेराफेरी से जुड़े सीबीआई केस में कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट गुरुवार को सुनवाई करेगा। चिदंबरम ने हाईकोर्ट में नियमित जमानत याचिका दायर की है। साथ ही न्यायिक हिरासत को भी चुनौती दी है। दरअसल, रॉउज एवेन्यू कोर्ट ने चिदंबरम को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया था। चिदंबरम की न्यायिक हिरासत 19 सितंबर को खत्म हो रही है। इससे पहले सीबीआई रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका चिदंबरम से सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली थी।

चिदंबरम फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं. उन्होंने विशेष सीबीआई न्यायाधीश अजय कुमार कुहर द्वारा दिए गए न्यायिक हिरासत के आदेश को चुनौती दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम को पिछले गुरुवार को अदालत में पेश किया गया था, जहां विशेष सीबीआई न्यायाधीश कुहर ने उन्हें 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने चिदंबरम द्वारा दायर किए गए आवेदनों को भी स्वीकार कर लिया था। इनमें जेड-श्रेणी की सुरक्षा के साथ एक खाट, बाथरूम के साथ एक अलग सेल और दवाओं की अनुमति मांगी गई थी। उन्होंने जेल में पश्चिमी शैली के शौचालय (इंग्लिश टॉयलेट) की भी मांग की थी। चिदंबरम ने आईएनएक्स मीडिया से संबंधित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामले में समर्पण करने की अनुमति के लिए अदालत में एक और आवेदन दिया था। अदालत ने वित्तीय निगरानी एजेंसी को नोटिस जारी किया था और इस पर सुनवाई 12 सितंबर को होगी।

### मेरे खिलाफ आरोप आर्थिक अपराध नहीं : चिदंबरम

चिदंबरम ने अदालत के समक्ष पेश अपनी याचिका में कहा है कि मामले (आईएनएक्स मीडिया मामले) में कोई सार्वजनिक निधि शामिल नहीं है और यह देश से बाहर पैसे ले जाने संबंधी बैंक की धोखाधड़ी का मामला या जमाकर्ताओं के साथ धोखाधड़ी या किसी कंपनी का धन चुराने का भी मामला नहीं है।

याचिका के अनुसार, मौजूदा मामले में आईएनएक्स मीडिया में वस्तुतः एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) के रूप में 305 करोड़ रुपये की राशि आई जोकि 46.21 फीसदी इक्विटी की मंजूरी के अधीन है। इस 305 करोड़ रुपये की राशि में से 26 करोड़ रुपये का निवेश एक भारतीय अनुषंगी कंपनी (आईएनएक्स) में किया गया।

# पर्रिकर स्मारक की 13 दिसंबर को रखी जाएगी आधारशिला

एजेंसी ⏭ पणजी



गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर को समर्पित स्मारक की आधाशिला 13 दिसंबर को रखी जाएगी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को यह जानकारी दी। देश के रक्षा मंत्री रह चुके पर्रिकर का इस साल 17 मार्च में निधन हो गया था। वह 63 साल के थे। सावंत ने पत्रकारों से कहा कि पर्रिकर के नाम पर मिरामार बीच पर बनने वाले स्मृति स्थल की आधारशिला 13 दिसंबर को रखी जाएगी। उनका अंतिम संस्कार भी मिराबार बीच में ही किया गया था। 13 दिसंबर को पर्रिकर की जयंती है। सावंत ने स्मारक की डिजाइन और वास्तुकला को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता भी की। उन्होंने कहा कि स्मारक के लिए मुंबई की कंपनी यूसीजे आर्कीटेक्ट एडं इन्वॉरमेंट के डिजाइन को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि स्मारक का निर्माण कार्य गोवा राज्य आधारभूत विकास निगम करेगा। सूत्रों के मुताबिक राज्य सरकार ने प्रस्तावित स्मारक परियोजना का ब्योरा अभी सार्वजनिक नहीं किया है लेकिन इसमें पर्रिकर के जीवन की झलक देखने को मिलेगी।

# लद्दाख को आदिवासी क्षेत्र का दर्जा देने की सिफारिश

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने लिखा गृहमंत्रालय व आदिवासी मंत्रालय को पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संविधान की छठी अनुसूची के तहत लद्दाख को 'जनजातीय क्षेत्र' का दर्जा देने की सिफारिश की है। इसके लिए केंद्रीय गृहमंत्री और केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री को सुझाव देते हुए पत्र लिखे गये हैं।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष डा. नंद कुमार साइर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के संयुक्त सचिव एस के राठो के साथ बुधवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की 199वीं बैठक भारतीय संविधान की पांचवीं/छठी अनुसूची में केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख को शामिल करने के मुद्दे पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान सम्पूर्ण आयोग ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम-2019 का स्वागत किया, जिसके द्वारा करगिल और लेह जिलों को मिलाकर केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख का सृजन हुआ।

आयोग का मानना है कि लद्दाख क्षेत्र के जनजातीय लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में इससे काफी मदद मिलेगी। इससे पहले 27 अगस्त 2019 को भी 118वीं बैठक में विचार-विमर्श किया गया था। बुधवार की बैठक आयोग ने गृह मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय और विधि एवं न्याय मंत्रालय की 4 सितंबर 2019 को आयोजित एक बैठक में विचार-विमर्श के बाद आयोजित की। आयोग ने नव-सृजित केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख को लेकर माना कि पहले से ही देश में जनजाति की अधिकता वाला एक क्षेत्र है। अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या लेह में 66.8 प्रतिशत, नुब्रा में 73.35 प्रतिशत, खलस्ती में 97.05 प्रतिशत, कारगिल में 83.49 प्रतिशत, सांकू में 89.96 प्रतिशत और ज़ांस्कर क्षेत्रों में 99.16 प्रतिशत हैं।

हालांकि, क्षेत्र के सुन्नी मुसलमानों सहित कई समुदायों को अधिकारिक आंकड़े में शामिल नहीं किया गया है, जो अनुसूचित जनजाति के दर्जे के लिए दावा कर रहे हैं।

# बाबरी विध्वंस केस की सुनवाई करने वाले जज का कार्यकाल बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाबरी विध्वंस मामले की सुनवाई कर रहे सीबीआई जज एसके यादव का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। इस मामले की सुनवाई अप्रैल 2020 तक पूरी होनी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर दिया है। दरअसल, पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने स्पेशल सीबीआई जज एसके यादव को अप्रैल 2020 तक मामले सुनवाई पूरी कर फैसला सुनाने को कहा था।

बाबरी मस्जिद मामले में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, पूर्व सीएम उमा भारती, साध्वी ऋतंभरा, महंत नृत्यगोपाल दास समेत कई पर मुकदमा चल रहा है।



### जज ने कल्याण सिंह पर रिपोर्ट मांगी

अयोध्या प्रकरण में स्पेशल जज ने सीबीआई से कल्याण सिंह पर रिपोर्ट मांगी है। सीबीआई के आवेदन पर बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सीबीआई से कल्याण सिंह की गवर्नरशिप पर रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा कि भाजपा नेता कल्याण सिंह अब राजस्थान के राज्यपाल नहीं हैं, तो इस पर रिपोर्ट दें। विशेष न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार यादव की ओर से यह आदेश जांच एजेंसी सीबीआई के अर्जी पर आदेश दिए, जिसमें कल्याण सिंह पर बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में मुकदमा चलाने के लिए निवेदन किया गया था।

### सीबीआई पूछताछ के लिए जहां भी बुलाएगी मैं, हाजिर हो जाऊंगाः कल्याण सिंह

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह ने कहा है कि सीबीआई पूछताछ के लिए जिस तारीख को बुलाएगी वह हाजिर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग कह रहे हैं कि साजिश है, ऐसा नहीं है। नहीं बचा पाए इसलिए केस चल रहा है। किसी को जानकारी नहीं थी इंटेलिजेंस को भी नहीं पता था केंद्र को भी पता नहीं था एक विस्फ़ोट था हो गया। यहां आपको बता दें कि बाबरी विध्वंस मामले में सीबीआई ने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर 87 वर्षीय कल्याण सिंह को तलब करने की अपील की है। दरअसल, कल्याण सिंह राजस्थान के राज्यपाल थे, यह संवैधानिक पद है, जिसके चलते सीबीआई उनके खिलाफ अर्जी नहीं दाखिल कर पा रही थी। राज्यपाल के पद से हटने के बाद सोमवार को कल्याण सिंह ने एक बार फिर से बीजेपी ज्वाइन कर लिया, जिसके बाद सीबीआई ने उनके खिलाफ अर्जी दाखिल कर दी। इसी मामले में बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती, साध्वी ऋतंभरा, महंत नृत्यगोपाल दास जमानत पर हैं। कोर्ट ने पहले कहा था कि 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे कल्याण सिंह को मुकदमे का सामना करने के लिए आरोपी के तौर पर बुलाया नहीं जा सकता, क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत राज्यपालों को संवैधानिक छूट मिली हुई थी।

### आज मुंबई शहर के 129 स्थानों में प्रतिमाएं की जाएंगी विसर्जित

# गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

एजेंसी ⏭ मुंबई



महाराष्ट्र के मुंबई में गणेश प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। गुरुवार को शहर में 50 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे और प्रमुख यात्रा मार्गों की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। पुलिस ने यह जानकारी दी। गणेश उत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी के दिन होता है। आज गुरुवार को अनंत चतुर्दशी है। शहर के 129 स्थानों में प्रतिमाएं विसर्जित की जाएंगी। इनमें चौपाटी, शिवाजी पार्क,जूहू,अक्सा, वर्सोवा आदि शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रमुख विसर्जन में लाखों मुंबईवासियों के शामिल होने की संभावना है। भीड़ प्रबंधन के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ),दंगा नियंत्रण, बॉम्ब का पता लगाना और निष्क्रिय करना, त्वरित मोचन बल की टीमों को शहर में तैनात किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन के जुलूस में सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी भी रहेंगे और पांच हजार सीसीटीवी कैमरों से पूरे आयोजन पर नजर रख जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान 53 मार्ग यातायात के लिए बंद रहेंगे वहीं 56 मार्गों में एकतरफा यातायात रहेगा। भारी वाहन 18 मार्गों से नहीं निकल पाएगें और 99 स्थानों पर पार्किंग की इजाजत नहीं होगी। इस बीच सेंट्रल रेलवे ने भायखला ,ऑर्थर रोड़, जूहू तारा के रेलवे ओवर ब्रिजों (आरओबीएस) को भारी वाहनों की दृष्टि से खतरनाक घोषित किया है।

### लातूर में पानी की कमी की वजह से नहीं होगा गणेश विजर्सन

मुंबई। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा इलाके स्थित लातूर में पानी की कमी की वजह से इस साल 10,000 से अधिक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं होगा। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हर साल लातूर में जिन छह स्थानों पर सार्वजनिक पंडालों और घरों में प्रतिष्ठापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होता था, वहां अब एक बूंद भी पानी नहीं है। लातूर के जिलाधिकारी जी. श्रीकांत ने पत्रकारों को बताया कि प्रतिमा विसर्जन न करने का फैसला जन जागरूकता की वजह से लिया गया और इसे अंतिम रूप शहर के गणेश मंडलों की बैठक के बाद दिया गया। उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल पानी की कमी की वजह से नहीं लिया गया। बड़े मंडल एक ही प्रतिमा को तीन से चार साल तक दोबारा स्थापित कर रहे हैं। यह मंडलों का सामूहिक निर्णय है। नगर निगम ने इन प्रतिमाओं को मंदिरों में रखने की व्यवस्था की है। जिलाधिकारी ने कहा कि अगर प्रतिमाओं को दोबारा स्थापित या इनका पुनर्चक्रण किया जाता है तो यह जल संकट का सामना करने का सबसे बेहतर उपाय होगा। उन्होंने कहा कि हमने लोगों से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तरह गणेश प्रतिमाओं को घर में विसर्जित करने को कहा है। मैं भी घर पर ही गणेश प्रतिमा का विसर्जन करूंगा।

### गणेश उत्सव के लिए जबरदस्ती दान लेने का प्रयास करने वाले पांच अरेस्ट

पुणे। पुणे पुलिस ने वाकड़ क्षेत्र में गणपति उत्सव के लिए धनराशि दान देने से इनकार को लेकर एक दुकानदार और उसकी मां की कथित रूप से पिटाई करने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के कुछ दिन के बाद की है। वाकड़ पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा कि सात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया गया है और उनमें से पांच व्यक्तियों को दो दिन पहले गिरफ्तार कर लिया गया था। घटना के बिना तिथि वाले वीडियो में दिख रहा है कि वाकड़ के एक गणपति पंडाल के कुछ सदस्य रमेश चौधरी नाम के एक सब्जी विक्रेता से दान की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जब चौधरी ने धनराशि देने से मना किया तो उसे और उसकी मां की दान मांगने वालों ने पिटायी की। वार्षिक गणेश की शुरुआत दो सितम्बर को हुई थी और इसका समापन 12 सितम्बर को होगा।

### पायलट ने गहलोत पर साधा निशाना

# कानून-व्यवस्था की स्थिति हुई खराब, इसको गंभीरता से लेना चाहिए

एजेंसी ⏭ जयपुर

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच मतभेद एक बार फिर खुलकर सामने आया है। राज्य की गिरती कानून व्यवस्था को लेकर पायलट ने चिंता जाहिर करते हुए गहलोत पर निशाना साधा है। पायलट ने कहा कि कई जगह कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है, इसको गंभीरता से लेना चाहिए। हालांकि बाद में उन्होंने बात संभालते हुए कहा कि सरकार कानून-व्यवस्था को लेकर पूरी तरह गंभीर है। और इसके लिए उचित कदम भी उठाए गए हैं।

पायलट ने कहा कि ये सच है कि हमें (सरकार) कानून-व्यवस्था पर गंभीरता दिखानी होगी। धौलपुर और अलवर जैसी परेशान करने वाली कई घटनाएं पिछले कुछ समय के दौरान हुई हैं। कोशिश होनी चाहिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। बता दें कि वर्तमान में मुख्यमंत्री गहलोत प्रदेश के गृहमंत्री भी है और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी भी उनकी ही है।

### पूर्व सीएम को सुविधाओं पर भी पायलट का बयान

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बंगला खाली करने को लेकर मंगलवार को सचिन पायलट का बयान सामने आया था। इसमें भी पायलट और गहलोत के बयानों में विरोधाभास सामने आया था। वहीं, नेता प्रतिपक्ष की ओर से कानून व्यवस्था को लेकर उठाए गए सवालों के बाद परिवहन मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने पलटवार किया है।





आयुर्वेदिक चिकित्सा में त्रिफला चूर्ण का बहुत महत्व है। यह बहुत सारे गुणों की खान है। कई रोगों को दूर करने की शक्ति त्रिफला चूर्ण में समाई होती है। हम आपको बता रहे हैं, इसके लाभकारी गुणों के बारे में।

# कई रोगों में कारगर त्रिफला चूर्ण

घरेलू औषधि

रेणु खंतवाल

त्रिफला तीन फलों से मिलकर बनता है। जिसमें आंवला, बहेड़ा और हरड़ शामिल हैं। इन तीनों से बने चूर्ण को त्रिफला चूर्ण कहा जाता है। लेकिन एक अच्छे त्रिफला चूर्ण में मात्रा बहुत मायने रखती है यानी कितनी मात्रा में किस चीज को मिलाना है। सामान्य तौर पर कम ही लोग यह जानते हैं कि तीनों चीजों का अनुपान 1-2-3 का होना चाहिए। यानी एक अनुपात हरड, दो अनुपात में बहेड़ा और तीन के अनुपात में आंवला। आप इस बात को इस तरह भी समझ सकते हैं कि अगर आप अपने घर पर ही त्रिफला चूर्ण बनाना चाहते हैं तो आपको हरड़ 100 ग्राम, बहेड़ा 200 ग्राम और आंवला 300 ग्राम की मात्रा में लेना होगा। इससे आपका 600 ग्राम त्रिफला चूर्ण बन जाएगा। अगर आप इससे ज्यादा बनाना चाहते हैं तो इसी अनुपात में चीजों को बढ़ा सकते हैं। वैसे तो बाजार में भी त्रिफला चूर्ण मिलता है लेकिन घर पर भी आसानी से मिक्सी में बनाया जा सकता है।



## त्रिफला चूर्ण के फायदे

- यदि आप सुबह त्रिफला चूर्ण का गुड़ या शहद के साथ सेवन करते हैं तो शरीर को कई तरह के पोषक तत्व जैसे विटामिन सी, ए, डी, के, कैल्शियम, आयरन प्राप्त होते हैं।
- यूरीन की समस्या में त्रिफला चूर्ण का सेवन रात को करें। त्रिफला बड़ी आंत की सफाई करता है। गुनगुने पानी के साथ रात को त्रिफला का सेवन करने से पेट संबंधी विकार दूर होते हैं।
- अगर आप मोटापे से परेशान हैं और अपना फैट कम करना चाहते हैं तो त्रिफला का नियमित सेवन करें। सुबह शहद के साथ त्रिफला चूर्ण का सेवन करने से फैट जरूर कम होगा।
- मुंह से अगर बदबू आती हो, मसूड़ों में दर्द की समस्या हो या दांतों में दर्द से परेशान हों इन सभी समस्याओं का निदान भी त्रिफला चूर्ण में समाया हुआ है। इसके लिए आप रात को त्रिफला चूर्ण को पानी में भिगो दें। सुबह उस पानी से कुल्ला कर लें। कुल्ला करते समय लगभग तीस सेकेंड तक त्रिफला के पानी को मुंह में रखें और मुंह के अंदर घुमाते रहें, उसके बाद थूक दें। इस प्रकार कुल्ला करें। इससे बहुत जल्दी मुंह की बदबू से निजात मिलेगी, साथ ही दांतों और मसूड़ों की समस्या भी दूर हो जाएगी।
- त्रिफला एंटी एजिंग भी है। इसके नियमित सेवन से त्वचा जवां बनी रहती है। इसलिए अपने सौंदर्य को बढ़ाने के लिए भी त्रिफला का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- त्रिफला के नियमित सेवन से शरीर में वात, पित्त और कफ का संतुलन ठीक रहता है। जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। यह हमारे इम्यून सिस्टम को दुरुस्त रखता है।
- त्रिफला शरीर में हार्मोनल इमबैलेंस को भी ठीक करता है। साथ ही बीपी की समस्या को भी कंट्रोल करता है।

## सेवन कब और कैसे करें

त्रिफला चूर्ण का सेवन सुबह और रात्रि दोनों समय किया जा सकता है। आप सुबह त्रिफला का सेवन करते हैं तो उसे गुड़ या शहद के साथ खाएं। यदि आप रात्रि को त्रिफला चूर्ण का सेवन कर रहे हैं तो दूध या फिर गुनगुने पानी के साथ लें। अगर आप स्वस्थ हैं तो रोज सुबह गुड़ या शहद के साथ त्रिफला लें। यह आपको निरोगी रहने में बहुत मदद करेगा। एक छोटी टी स्पून यानी चार से पांच ग्राम त्रिफला आप एक समय में ले सकते हैं। एक दिन में एक ही बार ही त्रिफला का सेवन करें। सुबह सेवन करना हो तो खाली पेट त्रिफला का सेवन करें।●

हमारे शरीर में मौजूद एक जोड़ी गुर्दे (किडनी) खून से विषैले पदार्थों और अनावश्यक पानी को निकालते हैं। साथ ही सारे टॉक्सिंस मूत्र के माध्यम से शरीर से बाहर निकलने में मदद करती हैं। यानी स्वस्थ शरीर के लिए इनका सही ढंग से काम करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आपको इनकी प्रॉपर केयर करनी होगी और कुछ बैड हैबिट्स से दूर रहना होगा। इस बारे में आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# किडनी की करें प्रॉपर केयर

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. अमित अग्रवाल
एचओडी-यूरोलॉजी,
बेलव्यू हॉस्पिटल, कोलकाता

हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में किडनी भी शामिल हैं। अगर किडनी ठीक ढंग से कार्य न करे, तो रक्त शुद्ध नहीं होगा और सेहत खराब हो जाएगी। किडनी की बीमारी और किडनी के खराब होने के मामले हमारे देश और पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ रहे हैं और इसके लिए जिम्मेदार हैं, हमारी कुछ खराब आदतें।



## पानी कम पीना

पानी कम मात्रा में पीने से किडनी को नुकसान हो सकता है। पानी की कमी के चलते किडनी और मूत्रनली में संक्रमण होने का खतरा अधिक हो जाता है, जिससे पोषक तत्वों के कण मूत्रनली में पहुंचकर मूत्र की निकासी को बाधित करने लगते हैं। साथ ही किडनी में स्टोन की आशंका भी बढ़ जाती है। इसलिए दिन भर में कम से कम 2 से 3 लीटर पानी पीना चाहिए।

## अधिक नमक का सेवन

हमारे द्वारा भोजन के माध्यम से खाया गया 95 प्रतिशत सोडियम गुर्दों द्वारा मेटाबोलाइज्ड होता है। इसलिए नमक का अनावश्यक रूप से अधिक मात्रा में सेवन गुर्दों की क्रियाशीलता को बढ़ाकर उनकी शक्ति को क्षीण करता है।

## हाई बीपी के इलाज में देरी



उच्च रक्तचाप अर्थात हाई बीपी के इलाज में लापरवाही किडनी से रिलेटेड प्रॉब्लम का बड़ा कारण होती है। इसलिए हमेशा बीपी नियंत्रित रखें।

## सुबह उठकर मूत्र त्याग न करना

रात भर में मूत्राशय पूरी तरह मूत्र से भर जाता है, जिसे सुबह उठते ही खाली करने की जरूरत होती है। लेकिन जब आलस्य की वजह से सुबह हम मूत्र नहीं त्यागते और काफी देर तक उसे रोके रहते हैं तो आगे चलकर यह किडनी को भारी नुकसान पहुंचा सकता है।

## धूम्रपान-तंबाकू सेवन

धूम्रपान और तंबाकू के सेवन से फेफड़ों और अन्य बीमारियों के साथ ऐथेरोस्क्लेरोसिस रोग भी होता है। जिससे रक्त नलिकाओं में रक्त का बहाव धीमा पड़ जाता है और किडनी में रक्त कम जाने से उसकी कार्यक्षमता घट जाती है। इसलिए धूम्रपान और तंबाकू का सेवन ना करें।

## मधुमेह के इलाज में लापरवाही

मधुमेह यानी डायबिटीज के शिकार लगभग तीस प्रतिशत लोगों को किडनी की बीमारी हो ही जाती है और किडनी की बीमारी से ग्रस्त एक तिहाई लोग मधुमेह पीड़ित हो जाते हैं। इसलिए इसको नियंत्रित रखना आवश्यक होता है। साथ ही खान-पान को भी नियंत्रित रखना चाहिए।

## पेनकिलर का अधिक सेवन

पेनकिलर दवाएं नॉन स्टेरॉइड एंडी इंफ्लेमेटरी दवाएं के नियमित रूप से सेवन करने से वे किडनी को नुकसान पहुंचा कर पूरी तरह खराब भी कर सकती हैं।

## इनसे भी बचें

किडनी को खराब करने में कुछ अन्य आदतें जैसे बहुत ज्यादा शराब पीना, पर्याप्त आराम न करना, सॉफ्ट ड्रिंक्स और सोडा ज्यादा लेना, देर तक भूखा रहना, दूषित भोजन करना तथा बहुत ज्यादा नॉनवेज खाने की भी भूमिका होती है।

## इन पर करें अमल

हम जाने-अनजाने मसालेदार या बाजारू भोजन करके, मनचाही पेनकिलर या अन्य दवाओं का सेवन करके और गलत जीवनशैली अपनाकर अपने शरीर के अहम अंग किडनी को नुकसान पहुंचाते रहते हैं। पता तब चलता है, जब यूरीन में प्रॉब्लम हो जाती है, पैरों या चेहरे पर सूजन आ जाती है, रक्तचाप बढ़ जाता है और शरीर कमजोर हो जाता है। अच्छा होगा कि खान-पान पर नियंत्रण रखकर और कुछ बातों का ध्यान रखकर ऐसी नौबत न आने दें।

- कैलोरी का 60-65 फीसदी हिस्सा कार्बोहाइड्रेट से मिलना चाहिए। रोज एक छोटी कटोरी चावल, चार रोटियां, चिड़वा और दो-तीन तरह के साग-सब्जी और फल अवश्य लें।
- 40 प्लस के लोग शरीर के वजन के मुताबिक प्रति किलो वजन के अनुसार एक ग्राम प्रोटीन खा सकते हैं।
- प्रोटीन की मात्रा का अनुमान ऐसे लगाएं- 100 ग्राम दाल, मछली या मीट में 20 ग्राम प्रोटीन होता है।
- 50 ग्राम के अंडे में करीब 6 ग्राम और 100 मिली. दूध/दही में 4 ग्राम प्रोटीन होता है। अतः अपनी खुराक में दालें, अंडे, मांस, मछली, दूध आदि सम्मिलित करें। लेकिन जरूरत से ज्यादा प्रोटीन ना लें। ध्यान रहे राजमा, सोयाबीन, चना, मूंग आदि सब में प्रोटीन होता है।
- जंक फूड से दूर रहें। इनमें प्रोटीन और फैट के अलावा प्रिजर्वेटिव्स और अतिरिक्त नमक, सहित कई ऐसे तत्व हो सकते हैं, जो किडनी को नुकसान पहुंचाते हैं।
- नमक किडनी का बड़ा दुश्मन है। यथासंभव कम से कम नमक खाएं। आमतौर पर हमें दिन भर में 7 ग्राम नमक खाना चाहिए लेकिन अगर 5 ग्राम खाएं, तो किडनी का स्वास्थ्य दूसरों की तुलना में 20 फीसदी ज्यादा सही रहेगा।
- शरीर का वजन कितना ज्यादा होगा, किडनी को 3 गुना ज्यादा नुकसान होने की संभावना होती है, 60 किलोग्राम वजन वाले व्यक्ति में किडनी की समस्या 120 किलोग्राम के व्यक्ति से लगभग आधी होगी।
- अमेरिकी स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इलाज न होने पर कब्ज की शिकायत आगे चलकर किडनी संबंधी गंभीर बीमारियों का सबब बन सकती है। टेनेसी यूनिवर्सिटी के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया है कि कब्ज के मरीजों को समय रहते चेत जाना चाहिए और प्रचुर मात्रा में रेशेदार और पौष्टिक आहार लेना शुरू कर देना चाहिए। इन वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में पाया है कि कब्ज के कारण किडनी की बीमारी का खतरा 13 फीसदी तक बढ़ जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि शुरू से ही पौष्टिक, सुपाच्य और फाइबर युक्त फूड खाने की नियमित आदत डाल लें।●



प्रस्तुति-शिखर चंद जैन

### वायु प्रदूषण से किडनी फेल्योर का रिस्क

**अमेरिका** की वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि वायु प्रदूषण से न सिर्फ हार्ट डिजीज, श्वसन रोग, कैंसर, फेफड़े का संक्रमण, अस्थमा आदि रोगों का बल्कि क्रॉनिक किडनी डिजीज का खतरा भी बढ़ सकता है। इन शोधकर्ताओं ने 2004 से लगातार 8.5 वर्षों तक 2.5 मिलियन लोगों पर निगरानी रखने के बाद यह नतीजा निकाला। आंकड़ों की तुलना और वायु प्रदूषण बहुत इलाके के लोगों में किडनी डिजीज के बढ़े मामले पाए जाने के बाद वैज्ञानिकों ने वायु प्रदूषण को किडनी की कार्यप्रणाली के लिए नुकसानदायक माना। इनका कहना है कि प्रदूषित वायु में पाए जाने वाले तमाम विषैले और नुकसानदायक तत्व रक्त प्रवाह में मिल जाते हैं। हमारे गुर्दों का मुख्य काम है रक्त को फिल्टर करना। ऐसे में प्रदूषित रक्त को फिल्टर करते-करते गुर्दों पर विपरीत असर पड़ना स्वाभाविक है।●

# पूरी नींद नहीं लेने पर बढ़ती है जुकाम होने की संभावना

रिसर्च

भरपूर नींद लेने वालों की अपेक्षा कम नींद लेने वालों को जुकाम का खतरा ज्यादा रहता है। एक अध्ययन में पता चला है कि ऐसे व्यक्ति जो रात में छह घंटे या उससे कम समय की नींद लेते हैं, उन्हें जुकाम होने का खतरा ज्यादा रहता है। अमेरिकी जर्नल स्लीप में प्रकाशित शोध में अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद लेने वाले को जुकाम होने का खतरा कम रहने का जिक्र किया गया है। नींद की महत्ता के बारे में बताते हुए सैन फ्रांसिसको (अमेरिका) के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के सहायक प्रोफेसर एरिक प्रैथर ने कहा कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इस अध्ययन के लिए 164 वयस्कों के स्वास्थ्य पर दो महीने तक नजर रखी गई और तनाव, स्वभाव, अल्कोहल और सिगरेट के उपभोग के आधार पर उनके स्वास्थ्य के स्तर का आकलन किया गया।

हमारे देश के अधिकतर इलाके में खाने में दही (कर्ड) का प्रचलन है, लेकिन योगर्ट के बारे में कम ही लोग जानते हैं। दोनों के बनाने की प्रोसेस में अंतर होता ही है, इनका न्यूट्रीशन लेवल भी अलग होता है। इनके सेवन से होने वाले लाभ के बारे में जानिए।

# कर्ड-योगर्ट कौन-कितना न्यूट्रीशस

डाइट सजेशन

शमीम खान

अधिकतर लोग दही और योगर्ट को एक ही समझते हैं, उन्हें लगता है कि दही को विदेशों में योगर्ट कहते हैं। लेकिन यह सही नहीं है, दही और योगर्ट दो अलग-अलग चीजें हैं, दोनों में पोषक तत्वों की मात्रा भी अलग-अलग होती है। योगर्ट कई फ्लेवर्स में आता है, मैंगो, स्ट्रॉबेरी, ब्लू बेरीज, पीच, किवी, वनिला, पिपरमिंट आदि, लेकिन दही सादा ही होता है।

## बनाने के प्रोसेस में अंतर

दही और योगर्ट, दो अलग-अलग प्रकार के डेयरी प्रोडक्ट्स हैं। ये दोनों दूध के अलग-अलग रूप हैं, जो दूध को विभिन्न तरीके से किण्वन (फर्मेंटेशन) करके बनाए जाते हैं। दूध का किण्वन किस तरह से किया जाता है दोनों में यही मुख्य अंतर है। योगर्ट तैयार करने के लिए दूध का किण्वन बैक्टीरिया के द्वारा किया जाता है। बैक्टीरिया, जो दूध का किण्वन करने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं उन्हें 'योगर्ट कल्चर्स' कहतेहैं, इसमें लैक्टोबैसिलस बुलगारिया और स्ट्रेप्टोकोकस थर्मोफिलेस होते हैं। दही, दूध को जमाकर बनाया जाता है, इसके लिए इडिबल एसिटिक सब्सटेंस जैसे नीबू का रस या सिरके का इस्तेमाल किया जाता है। लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया, दूध का किण्वन करके दही तैयार करते हैं। कुछ विशेषज्ञों की राय है कि योगर्ट को घर पर तैयार किया जा सकता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह एक इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट (जिसे





कारखानों में तैयार किया जाता है) है। योगर्ट सामान्यता गाय के दूध से तैयार किया जाता है, हालांकि इसे भैंस, बकरी, ऊंटनी और याक के दूध से भी बनाया जा सकता है।

## दही के स्वास्थ्य लाभ

दही को पेट के लिए अच्छा माना जाता है क्योंकि यह पाचन में सहायता करता है और मसालेदार भोजन खाने के बाद पेट की जलन कम कर ठंडक प्रदान करता है। इसमें अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, जो शरीर में प्रवेश करने वाले रोगाणुओं से मुकाबला करते हैं और बीमारियों से बचाते हैं। दही, इम्यून तंत्र को बूस्ट करता है। नियमित रूप से दही का सेवन शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है, और हृदय को हेल्दी रखने में सहायता करता है। दही का सेवन ब्रेन को स्टीम्युलेट करता है, जिससे वो बेहतर तरीके से काम कर पाता है। लेकिन दही का सेवन अधिक मात्रा में न करें। अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से रक्त में एसिडिटी बढ़ती है, इस एसिड को निष्प्रभावी करने के लिए, शरीर हड्डियों से कैल्शियम निकालता है और इसे रक्त में रिलीज करता है, इससे ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ जाता है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट: वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का। A to Z समाधान। हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

ज्योतिष

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

टावर

☞ RELIANCE JIO कम्पनी में घरबैठे पार्टटाईम / फुलटाइम SMS जॉब करके कमायें (लड़के-लड़कियाँ) 18600-45500/- महीना सैलरी, लैपटॉप + मोबाईल फ्री, नाम पता CALL/SMS WHATSAPP करें 081020-13863, 091221-82443

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालों से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹ 200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

टावर

☞ HI-TECH टावर (REGD.) कम्पनी द्वारा अपनी खाली जमीन, प्लॉट, छत, खेत पर सभी कम्पनी के 4G/5G डिजिटल टावर लगवायें एडवांस 60 लाख किराया 40,000/- + 2 नौकरी सैलरी 20,000/ #072789-11981, 081265-63329

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

टॉवर

☞ अमेरिकन ग्रुप द्वारा निशुल्क जमीन, खेत, छत पर 4G टॉवर लगवायें एडवांस 60 लाख मासिक किराया 80,000/- + 1 नौकरी+ सैलरी 24000/- एग्रीमेंट सहित धोखेबाजों से सावधान 82780-38357 82781-16265

लोन

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

आवश्यकता

☞ वन विभाग को आवश्यकता है जिलेनुसार 450 लड़के-लड़कियां योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट सैलरी 23500/- रहना+ खाना फ्री इच्छुक व्यक्ति नाम पता शहर पिनकोड SMS करें- 7705081353

ज्योतिष

☞ LOVE MATTER स्पेशलिस्ट ज्योतिष, खोया प्यार, वापस पाएं, शादी करवाना, सौतन, तलाक, दुश्मनी में बदला, घरवालों की दिक्कत, वशीकरण तंत्रमंत्र के सम्राट काली विद्यायाओं के माहिर 100% गारंटी बाबाजी 70285-57299

लोन

☞ जनधन मुद्रा योजना के अंतर्गत लोन पाए आधारकार्ड, मार्कशीट, प्रापर्टी, पर्सनल, बिजनेस, ग्रुपलोन व समस्त लोन 1% ब्याज 50% छूट 74296-79558, 9429681655 महिलाओं, विद्यार्थियों, फौजियों को विशेष छूट (एजेन्ट आमंत्रित)

NOTICE

I, Arun Kumar Son of Bharat Singh R/o H. No. 286 St. no-3 D-Block near Sai Baba Mandir, Swaroop Nagar, Delhi-110042 declare that I have lost my 10th class certificate Roll No. 6372212

फायनेंस

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

फायनेंस

☞ दिवाली धमाका ऑफर Jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th 10th 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाओं विद्यार्थियों के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No 6397688983

फायनेंस

☞ महालक्ष्मी फाइनेंस कम्पनी BPL आधारकार्ड, राशनकार्ड, मार्कशीट, ईंट भट्ठा सभी प्रकार के लोन पास कराये जाने है। 50 हजार से 50 लाख लोन पास करायें 40 प्रतिशत सब्सिडी 1 प्रतिशत ब्याज पर अपना लोन पास करायें, 1 घंटे में अपना काम करे। धोखेबाजों से सावधान। मो. 7599680565

टॉवर

☞ गैलेक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G-4G टॉवर लगवायें आयडिया, एयरटेल, बोडाफोन, JIO टॉवर लगवाने अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रति माह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगो को नौकरी। सम्पर्क 7668916707 धोखेबाजों से सावधान

## खबर संक्षेप



### गुजरात : सरदार सरोवर बांध में जलस्तर बढ़ा

अहमदाबाद। सरदार सरोवर बांध में जलस्तर के 136 मीटर के निशान को पार कर जाने के बाद इसके आसपास के निचले इलाकों में रह रहे करीब 3,400 लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया है। बांध में जलस्तर बढ़ने से नर्मदा नदी उफान पर है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश हुई। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक इस मौसम की वार्षिक वर्षा का 116.59 प्रतिशत हो चुका है। जिले के एक अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश के बाद सरदार सरोवर बांध से पानी छोड़े जाने के कारण भरूच में नर्मदा नदी उफान पर है।

### सड़क हादसे में तीन महिलाओं समेत छह की मौत




जयपुर। राजस्थान के जैसलमेर जिले के रामदेवरा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बस और एसयूवी की टक्कर में तीन महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गये। थानाधिकारी देवी सिंह ने बताया कि रामदेवरा और खारा गांव के बीच लोक परिवहन की एक बस और एसयूवी कार के बीच आमने सामने की भिड़ंत में कार में सवार तीन महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई जबकि बस में सवार तीन लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिये राजकीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला कि एसयूवी में सवार सभी लोग रामदेवरा की तरफ जा रहे थे।

### सोनिया गांधी की अध्यक्षता में आज बनेगी वृहत कार्यक्रम की रूपरेखा

हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली। आगामी 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को देशभर में ऐतिहासिक रूप से मनाने की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उच्चस्तरीय बैठक आहूत की है। देशभर के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं, मुख्यमंत्रियों, एआईसीसी महासचिवों और प्रभारियों के साथ 24 अकबर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में सोनिया गांधी बैठेंगी। सभी से साझे विमर्श के आधार पर इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने की कोशिश कांग्रेस पार्टी की ओर से की जाएगी। केंद्र की मोदी सरकार ने काफी पहले ही इस अवसर को यादगार बनाने के लिये कई तरह के आयोजनकों की रूपरेखा बना रही है। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के कार्यक्रमों का समायोजन वैसे तो संस्कृति मंत्रालय बतौर नोडल मंत्रालय कर रहा है लेकिन कई अन्य मंत्रालयों की भी इसमें सहभागिता है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गत दिनों गांधी की 150वीं जयंती मनाने के लिये देशभर के मुख्यमंत्रियों, पूर्व प्रधानमंत्रियों और विभिन्न दलों के कई वरिष्ठ राजनेताओं के साथ राष्ट्रपति भवन में बैठक की थी।

### महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या में आठ लाख से अधिक की बढ़ोतरी

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बलदेव सिंह ने बुधवार को बताया कि इस साल की शुरुआत में हुए लोकसभा चुनाव के बाद से राज्य में मतदाताओं की संख्या में आठ लाख से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद राज्य में 31 अगस्त तक मतदाताओं की कुल संख्या 8,94,46,211 थी। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग इन मशीनों के बारे में गलत सूचना के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाएगा।

### जल्द हो सकता है तारीखों का ऐलान

# हरियाणा-महाराष्ट्र चुनाव पर आज चुनाव आयोग की अंतिम बैठक

नई दिल्ली। महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने गुरुवार को अहम बैठक बुलाई है। सूत्रों के मुताबिक झारखंड विधानसभा चुनाव इन दोनों विधानसभा चुनावों के साथ नहीं होंगे. यहां आपको यह भी बता दें कि पिछली बार चुनाव की तारीखों की घोषणा 12 सितंबर को ही हुई थीं। जानकारी के मुताबिक चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली है। गुरुवार को आयोग दोनों राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अहम और आखिरी बैठक करने जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि इसके बाद दोनों राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कभी भी हो




सकता है। चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक आयोग की टीम दोनों राज्यों में जाकर वहां की तैयारियों का जायजा ले चुकी है। गुरुवार की बैठक में आयोग के अधिकारी दोनों राज्यों में चुनाव से जुड़ी तैयारियों के बारे में ब्रीफ करेंगे। सूत्रों के मुताबिक हरियाणा और महाराष्ट्र में अक्टूबर के दूसरे और तीसरे हफ्ते में चुनाव होगा। हरियाणा में 1 फेज में चुनाव के आसार हैं तो वहीं महाराष्ट्र में 2 से 3 चरणों में मतदान होने की संभावना जताई जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक झारखंड विधानसभा का चुनाव इन दोनों राज्यों के साथ नहीं होगा। झारखंड में विधानसभा चुनाव दिसंबर में होने के आसार हैं। क्योंकि वहां विधानसभा गठित करने की तारीख जनवरी के पहले हफ्ते में है. आपको बता दें कि फिलहाल तीनों ही राज्यों में बीजेपी की सरकार है।

#### पिछली बार तीनों राज्यों में बनी थी बीजेपी की सरकार

बता दें कि वर्ष 2014 में इन तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी थी. महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से बीजेपी के खाते में 122 सीटें आई थीं और देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री बने थे. जबकि हरियाणा में 90 सीटों में से बीजेपी को 47 सीटें मिली थीं. यहां मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री बने थे। वहीं झारखंड की बात करें तो यहां बीजेपी ने 77 सीटों में से 35 सीटों पर कब्जा जमाया था और रघुबर दास राज्य के मुख्यमंत्री बने थे।

### मोटर व्हीकल एक्ट पर नाखुशी

## गडकरी के घर के बाहर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। नए मोटर व्हीकल एक्ट पर देश के कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन देखा जा रहा है। अब भारतीय युवा कांग्रेस ने मोटर व्हीकल अधिनियम के संशोधित प्रावधानों के खिलाफ केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया है। नए मोटर व्हीकल एक्ट के लागू होने के बाद पूरे देश में यातायात नियमों को तोड़ने वालों की खैर नहीं है। नए ट्रैफिक नियमों पर विपक्षी पार्टियों समेत आम जनता भी नाराज है। हालांकि इन नए नियमों से लोगों में जागरूकता बढ़ी है। सख्त नियमों पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी बयान दे चुके हैं। उन्होंने हाल ही में कहा था कि बांद्रा वर्ली सी लिंक पर ओवरस्पीडिंग के लिए उन्होंने भी जुर्माना देना पड़ा। नितिन गडकरी ने कहा कि मुझे मेरे घर पर चालान मिला और मैंने जुर्माना भरा। इन नियमों से जागरूकता बढ़ेगी। पिछले कुछ दिनों में देश से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जो हैरान करने वाले हैं। कहीं किसी बाइक वाले का 23 हजार का चालान कटा है तो किसी ऑटो वाले को 59 हजार रुपये भरने पड़े हैं।



#### बीजेपी सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन के दौरान बेहद उग्र नजर आए। कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना करते हुए नारा लगा रहे थे। इसी दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने पास ही रखे एक स्कूटर को उठा लिया और कुछ देर तक हवा में ही लटकाए रखा। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की तभी कार्यकर्ताओं ने स्कूटर को पुलिस बैरिकेड के पास नीचे गिरा दिया। इस दौरान पुलिस लगातार प्रदर्शनकारियों को पीछे हटने के लिए कहती रही। यूथ कांग्रेस के सदस्य भारी संख्या में नितिन गडकरी के आवास के बाहर पहुंचे हैं और लागातार केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे हैं।

### बच्चा चोर होने के शक में युवक की पीट-पीटकर हत्या, एक गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में बुधवार की सुबह बच्चा चोर होने के संदेह में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी । पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और कुछ अन्य को घटना में शामिल होने के संदेह में हिरासत में लिया गया है । पश्चिम बंगाल विधानसभा में 30 अगस्त को भीड़ हमले के संबंध में एक विधेयक पारित होने के बाद महज एक पखवाड़े से भी कम समय में यह घटना हुई है । विधेयक में भीड़ के हमले में किसी व्यक्ति के घायल होने पर दोषियों को आजीवन कारावास तथा व्यक्ति की मृत्यु होने पर दोषियों के लिए मौत की सजा तक का प्रावधान किया गया है । आसनसोल दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय के अधिकारियों के अनुसार भीड़ ने 35 से 40 साल के अज्ञात व्यक्ति को खंभे से बांध दिया और बच्चा चोर होने के संदेह में उसे पीटा । उन्होंने बताया कि बाद में उसे खोल दिया गया और भीड़ ने एक बार फिर उसकी पिटाई कर दी ।

## तेलगु देशम पार्टी के प्रमुख नायडू बेटे संग नजरबंद

अमरावती (आंध्र प्रदेश)। तेलगु देशम पार्टी के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और उनके बेटे एन लोकेश को नजरबंद किया गया है जबकि विधायकों समेत पार्टी के कई नेताओं को बुधवार को हिरासत में लिया गया ताकि उन्हें गुंटूर जिले में विरोध प्रदर्शन करने से रोका जा सके। यह विरोध प्रदर्शन कुछ ग्रामीणों को गांव से निकालने के विरोध में किया जाना था। सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस के कुछ नेताओं को भी गुंटूर में हिरासत में लिया गया। उक्त नेताओं ने भी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। तेदेपा ने घोषणा की थी कि पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ नायडू अपने आवास पर दिनभर का अनशन करेंगे। तेदेपा के अध्यक्ष गुंटूर जिले के पालनाडु क्षेत्र के रहने वाले लोगों के समूह को अटमाकुरू नाम के गांव में ले जाना चाहते थे। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता नायडू ने कहा कि वाईएसआर के लोगों और पुलिस ने जिन ग्रामीणों को गांव



■ विधायकों समेत पार्टी के कई नेताओं को हिरासत में लिया गया ताकि उन्हें गुंटूर जिले में विरोध प्रदर्शन करने से रोका जा सके

से बाहर निकाल दिया था मैंने उन लोगों को वापस वहां ले जाने की योजना बनाई थी। यह कोई आंदोलन नहीं है बल्कि हम तो यह बताना चाहते हैं कि हम राजनीतिक पक्षपात के शिकार लोगों के साथ हैं।" वाईएसआर ने आरोप लगाया कि तेदेपा लोगों को पैसे देकर यह सब करवाना चाहती है। पार्टी ने खुद भी 'चलो अटमाकुरु' का आह्वान किया था लेकिन पुलिस ने दोनों ही पक्षों को इसकी इजाजत नहीं दी और भारतीय दंड संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगा दी।

### कांगो बुखार पर राजस्थान सरकार सजग, जांच के लिये 136 नमूने लिये : डॉ रघु शर्मा

जयपुर। राजस्थान के चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने बताया कि उनका विभाग कांगो बुखार को लेकर पूरी तरह सजग है और इस बारे में राज्य के चिकित्साधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि कांगो बुखार की जांच के लिए कुल 136 लोगों के रक्त के नमूने लिए गए। इस बुखार से जोधपुर निवासी इन्द्रा और जैसलमेर निवासी लोकेश की मौत हो गई है। उन्होंने




कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीमें बनाकर प्रभावित क्षेत्रों में घर-घर में सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पॉजिटिव पाए गए रोगियों के सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों की 14 दिन तक मॉनिटरिंग की जाएगी। रक्त नमूने जांच के लिए एनआईवी पुणे भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए सरकार शीघ्र 'राइट टू हैल्थ' कानून लेकर आयेगी। सरकार के जनघोषणा पत्र में लोगों को स्वास्थ्य के अधिकार को लेकर वादा किया था और सरकार इसके प्रति पूर्णतया संकल्पित है। गौरतलब है कि कांगो बुखार के लक्षणों में तेज बुखार, सिर दर्द, उल्टी, दस्त, बदन दर्द, गर्दन का अकड़न इत्यादि शामिल हैं।

### तीसरी शादी करने चला था शख्स

## पहली दो पत्नियों ने चप्पलों से जमकर कूटा

कोयंबटूर। तमिलनाडू के कोयंबटूर में एक शख्स को तीसरी शादी करना महंगा पड़ गया। पहली दो पत्नियों ने उसकी चप्पलों से जमकर धुनाई की। आरोप है कि व्यक्ति शादी के बाद पहली दोनों पत्नियों से दहेज मांगता था और न देने पर उनकी पिटाई करता था। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 26 वर्षीय आरोपी एस अरंगन उर्फ दिनेश रासिपलायम सुलूर के नेहरू नगर इलाके में रहता है। वह एक निजी कंपनी में पैटर्न मेकर के तौर पर नौकरी करता है। दिनेश की तिरुपुर की रहने वाली प्रियदर्शिनी के साथ 2016 में शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद दिनेश उसके साथ मारपीट करता था। इससे तंग आकर प्रियदर्शिनी उसे छोड़कर चली गई और मायके में रहने लगी। इस बीच दिनेश ने तीसरी शादी करने के लिए तलाश शुरू की। मैट्रिमोनियल साइट के जरिए उसे शादी के लिए वधू भी मिल गई। लेकिन शादी होने से पहले इस बात की भनक अनुप्रिया और प्रियदर्शिनी को मिल गई। दोनों पत्नियां उस निजी कंपनी पहुंच गईं जहां दिनेश काम करता था। लेकिन कंपनी के गार्ड्स ने उन्हें अंदर प्रवेश करने नहीं दिया। इसके बाद वो कंपनी के बाहर ही धरने पर बैठ गईं। दिनेश जैसे ही गेट के बाहर आया, दोनों महिलाओं ने चप्पलों से उसकी जमकर धुनाई कर दी। पुलिस ने मामलादर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



#### मैट्रिमोनियल साइट से की थी दूसरी शादी

दिनेश ने इसके बाद अप्रैल 2019 में मैट्रिमोनियल साइट के जरिए अनुप्रिया से शादी की। अनुप्रिया करूर जिले की रहने वाली हैं और तलाकशुदा हैं। अनुप्रिया से शादी करने के बाद भी दिनेश की हरकतों में कोई बदलाव नहीं आया। आरोप है कि वो अनुप्रिया के साथ भी प्रियदर्शिनी जैसा ही बर्ताव करने लगा। अपशब्द, मारने-पीटने के अलावा वो दहेज लाने के लिए दवाब बनाने लगा।

### कोई अनुचित लाभ लेना चाहता है : शिवकुमार की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन पर गौड़ा ने कहा

बेंगलुरू। केंद्रीय मंत्री डी वी सदानंद गौड़ा ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डी के शिवकुमार की गिरफ्तारी के खिलाफ वोक्कालिगा समुदाय के हजारों लोगों के विरोध प्रदर्शन से कोई स्थिति का अनुचित लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। वोक्कालिगा समुदाय के ही पूर्व मुख्यमंत्री गौड़ा ने कहा कि शिवकुमार से जुड़े मामले में अभी जांच चल रही है, प्राथमिकी पहले ही दर्ज हो चुकी है और उन्हें अदालत में पेश किया गया है। गौड़ा ने कहा कि अभी, मेरा बयान देना ठीक नहीं होगा। मुझे लगता है कि उन्हें कानूनी समाधान के लिए जाना होगा और उन्हें (विरोध करने के लिए) सड़कों पर नहीं उतरना चाहिए। मेरा तो यही मानना है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि मामले को जातिवादी रंग दिया जा रहा है, रासायनिक और उर्वरक मंत्री ने कहा, "मैं उन सब चीजों के बारे में नहीं जानता हूं...यह मुद्दा....कोई अनुचित लाभ लेना चाहता है।" शिवकुमार की गिरफ्तारी के खिलाफ वोक्कालिगा समुदाय के हजारों लोगों ने बुधवार को प्रदर्शन किया और उनके प्रति एकजुटता प्रकट की । कर्नाटक में वोक्कालिगा और लिंगायत दो प्रभावशाली समुदाय हैं। कर्नाटक के प्रभावशाली कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री शिवकुमार को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित धनशोधन के मामले में तीन सितंबर को गिरफ्तार किया था और वह तब से एजेंसी की हिरासत में हैं।





चेन्नई में मंगलवार को एक आईटी कंपनी के कर्मचारी बम की धमकी के बाद अपनी कंपनी की इमारत के बाहर खड़े हुए।

### जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने कहा

## कश्मीर के युवा हाल के दिनों में आतंकी समूहों में शामिल नहीं हुए

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने बुधवार को कहा कि हाल के दिनों में राज्य में जहां जनजीवन सामान्य हो रहा है वहां स्थानीय युवाओं के आतंकवादी समूहों में शामिल होने कोई सूचना नहीं है। डीजीपी ने यह भी कहा कि दक्षिण कश्मीर में फल कारोबारियों को आतंकवादियों की धमकी मिलने की कुछ घटनाएं सामने आयी हैं, लेकिन पुलिस स्थिति को लेकर सजग है और हमारा काम प्रक्रिया को सुविधाजनक बना यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी उन्हें परेशान न कर पाए। सिंह ने यहां पत्रकारों को बताया कि आतंकवादी समूहों में किसी भी नई स्थानीय भर्ती की कोई खबर नहीं मिली है। कुछ युवाओं को गुमराह पहले कभीकिया गया था और गुस्से में वे भटक गए थे और हम उनमें से कई को वापस लाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि घुसपैठ की कुछ खबरें हैं और हमने हाल ही में देखा कि गुलमर्ग सेक्टर में सेना ने दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को पकड़ा है।



#### पाकिस्तानी एजेंसियां आतंकवादियों को कश्मीर में घुसपैठ कराने के लिए बहुत बेताब हैं

सिंह ने कहा कि घुसपैठ की कई खबरें आई हैं। आतंकवादियों ने राजौरी, पुंछ, गुरेज़, करनाह सहित कुछ क्षेत्रों में घुसपैठ की कोशिश की। गुलमर्ग सेक्टर में, हाल ही में दो आतंकवादी पकड़े गए, जिन्हें मीडिया के सामने पेश किया गया था। अब, हम यह सत्यापित करने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या कोई घुसपैठ हुई है। डीजीपी ने कहा कि पाकिस्तानी एजेंसियां आतंकवादियों को कश्मीर में घुसपैठ कराने के लिए बहुत बेताब हैं लेकिन हम उन्हें जवाब देने और उनके प्रयासों को विफल करने के लिए बेहद सक्रिय हैं।घाटी की मौजूदा स्थिति पर, पुलिस प्रमुख ने कहा, "जनजीवन सामान्य स्थिति की ओर लौट रहा है और लोग अपना कामकाज कर रहे हैं। स्कूल और कार्यालय खुलने लगे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम पक्ष के वकील का सवाल

# क्या रामलला विराजमान कह सकते हैं कि उस जमीन पर मालिकाना हक उनका है?

नई दिल्ली। अयोध्या केस की 21वें दिन की सुनवाई में मुस्लिम पक्ष के वकील राजीव धवन ने बहस जारी रखी। उन्होंने हिंदू पक्ष के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'क्या रामलला विराजमान कह सकते हैं कि उस जमीन पर मालिकाना हक़ उनका है? नहीं, क्योंकि उनका मालिकाना हक़ कभी नहीं रहा है! राजीव धवन ने 1962 में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए हाईकोर्ट के फैसले पर सवाल उठाया और कहा कि जो गलती हुई उसे जारी नहीं रखा जाए.



यही कानून के तहत होगा। उन्होंने कहा कि यह साबित किए जाने कि कोशिश कि जा रही है कि जमीन पहले हिन्दू पक्षकारों के अधिकार में थी। यह मानकर अदालत को विश्वास दिलाया जाता रहा है जो उचित नहीं है। निर्मोही अखाड़ा ने जो गैरकानूनी कब्जा चबूतरे पर किया उस पर मजिस्ट्रेट ने नोटिस कर दिया। जिसके बाद से न्यायिक समीक्षा शुरू हुई और एक नोटिस जोकि गलत दावा था, उसके चलते आज 2019 में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है।

#### सुनवाई के सीधे प्रसारण के लिए जनहित याचिका

अयोध्या मामले की सुनवाई के सीधा प्रसारण की मांग वाली एक अन्य जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 16 सितंबर को सुनवाई करेगा। पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह बहुत ही संवेदनशील मामला है। पूर्व आरएसएस विचारक के एन गोविंदाचार्य की याचिका में अयोध्या मामले की सुनवाई के सीधे प्रसारण या रिकॉर्डिंग की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट में संघ विचारक केएन गोविंदाचार्य ने याचिका में कहा है कि यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है. याचिकाकर्ता समेत करोड़ों लोग इस सुनवाई का हिस्सा बनना चाहते हैं. उन्होंने सितंबर, 2018 के सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया है जिसमें अहम संवैधानिक मामलों में लाइव स्ट्रीमिंग की शुरुआत करने की बात कही गई थी।

### कश्मीर पर सही थे पटेल, गलत थे नेहरू: रवि शंकर

अहमदाबाद। केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने बुधवार को कहा कि आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर मुद्दे से निबटने के मामले में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू गलत थे जबकि देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल सही थे। राजग सरकार के कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के मौके पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद ने यह कहा। प्रसाद ने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर को लेकर सरदार पटेल सही थे लेकिन जवाहर लाल नेहरू गलत थे।



## खबर संक्षेप



### सोना 372 और चांदी 1,150 रुपए टूटी

**नई दिल्ली।** त्योहारी मांग में देरी से दिल्ली सराफा बाजार में सोना 372 रुपए टूटकर 38,975 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार सोने की तर्ज पर चांदी भी 1,150 रुपए के नुकसान से 48,590 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, 'सोने की ऊंची कीमतों की वजह से हाजिर बाजार में त्योहारी मांग रफ्तार नहीं पकड़ पाई है।' वैश्विक बाजार में, न्यूयॉर्क में सोना 1,490 डॉलर प्रति औंस और चांदी भी बढ़त के साथ 18.10 डॉलर प्रति औंस पर चल रही थी।

### टीवीएस के रेडियोन का विशेष संस्करण पेश

**जयपुर।** दोपहिया वाहन कंपनी टीवीएस मोटर ने अपनी बाइक रेडियोन का नया संस्करण बाजार में पेश किया, जिसकी शुरुआती कीमत 54,665 रुपए है। कंपनी के विपणन प्रमुख (कम्यूटर मोटरसाइकल्स) पीयूष सिंह ने बताया कि एक साल में कंपनी देश भर में दो लाख रेडियोन बाइक बेच चुकी है। इस बाइक को लेकर ग्राहकों की रुचि को देखते हुए इसका विशेष संस्करण 'कम्यूटर आफ द ईयर सेलिब्रेशन एडिशन' पेश किया गया है।

### ओएनजीसी असम में करेगी बड़ा निवेश

**गुवाहाटी।** ओएनजीसी ने असम में तेल एवं गैस के 220 से अधिक कुओं की खुदाई करने के लिए अगले पांच साल में 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करने की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि उसने राज्य में खोज तथा उत्पादन की गतिविधियों को विस्तार देने के लिये असम सरकार के साथ एक समझौता किया है। कंपनी ने कहा कि तेल एवं गैस के 220 से अधिक कुओं की खुदाई के लिये यह निवेश किया जा रहा है।

### वोल्टास खरीदने पर टाटा पावर के ग्राहकों को छूट

**नई दिल्ली।** टाटा पावर और वोल्टास ने आपस में एक करार किया है। इस करार के तहत वोल्टास एसी खरीदने पर ग्राहकों को 50 फीसदी तक छूट मिलेगी। ग्राहक 1, 1.5 और 2 टन का एसी खरीदने पर डिस्काउंट का फायदा उठा सकते हैं। इस ऑफर के तहत हर रेसिडेंशियल ग्राहक 1 एसी खरीद सकता है और कमर्शियल ग्राहक 2 एसी खरीद सकता है। फिलहाल, इसे मुंबई में शुरू किया गया है। बहुत जल्द देश के अन्य हिस्सों में भी इस ऑफर का लाभ ग्राहक उठा पाएंगे।

### भेल ने ओड़िशा में ताप विद्युत संयंत्र चालू किया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भेल ने ओड़िशा के झारसुगुडा में 1,320 मेगावाट का अत्याधुनिक आईबी तापीय बिजलीघर चालू करने की घोषणा की। भेल ने एक बयान में कहा कि यह परियोजना ओड़िशा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लि. (ओपीजीसी) की है। ओपीजीसी ओड़िशा सरकार और अमेरिका की ऊर्जा कंपनी एईएस का संयुक्त उद्यम है। परियोजना के तहत 660-660 मेगावाट की दो इकाइयां लगायी गई हैं। इस परियोजना से उत्पादित बिजली ग्रिड कॉरपोरेशन आफ ओड़िशा को आपूर्ति की जाएगी।

# सुस्ती के बावजूद त्योहारी बोनस पर नहीं चलेगी कैंची, देर भी नहीं करेंगी कंपनियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आर्थिक सुस्ती के बावजूद कंपनियां अपने कर्मचारियों के फेस्टिव बोनस में कटौती करने या उसे देर से देने के मूड में नहीं हैं। इससे कन्ज्यूमर गुड्स कंपनियां और रिटेलर राहत की सांस लेते दिख रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस कदम से कन्ज्यूमर सेंटीमेंट मजबूत होगा और त्योहारी सीजन में खरीदारी बढ़ेगी। कंपनियों के एग्जिक्यूटिव्स ने बताया कि हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, गोदरेज ग्रुप, ऐक्सिस बैंक, फ्यूचर ग्रुप, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया, मारुति सुजुकी, आरपीजी ग्रुप, बिगबास्केट, ग्रोफर्स, प्यूमा, पैनासोनिक और डिक्सन टेक्नॉलजीज सरीखी कंपनियां कर्मचारियों को फेस्टिव बोनस दे रही हैं।

## त्योहारी बोनस भर से बाजार में तेजी आने की संभावना कम

### अन्य वर्षों जैसा ही होगा बोनस

आरपीजी एंटरप्राइजेज के ग्रुप एचआर प्रेसिडेंट एस वेंकटेश ने कहा, 'पेमेंट की मात्रा या समय के बारे में हमारा रुख नहीं बदला है।' ऐक्सिस बैंक के एचआर हेड राजमकल वेंपति ने कहा कि बैंक एग्जिक्यूटिव्स को अक्टूबर के आसपास इंसेंटिव्स देगा। उन्होंने कहा, 'यह इन्सेंटिव दूसरे वर्षों की तरह ही होगा।'




### फेस्टिव बोनस से बनेगी बात

गोदरेज अप्लायंसेज के बिजनस हेड कमल नंदी का मानना है कि फेस्टिव बोनस भर से शायद बात नहीं बनेगी। उन्होंने कहा, 'सरकार की ओर से बड़ा राहत पैकेज आने से कन्ज्यूमर्स का सेंटीमेंट मजबूत होगा। ऐसा नहीं होने पर फेस्टिव पेमेंट तो लोग बचत के लिए रख लेंगे।'

### सुस्ती दूर होने में लगेगी देर

कंपनियां ग्रामीण मांग में तेजी आने के बारे में भी संदेह जता रही हैं। हालांकि पांच साल बाद अच्छे मॉनसूनी सीजन से उनकी उम्मीद बढ़ी है। मैरिको के एमडी सौगत गुप्ता ने कहा कि फेस्टिव सीजन में हो सकता है कि कुछ कैटिगरीज में तेजी आए, लेकिन सेल्स में सुस्ती को पूरी तरह दूर होने में कुछ समय लगेगा। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि मॉनसून और सरकारी उपायों से कन्जम्पशन को दो-तीन महीनों बाद बढ़ावा मिलेगा।'

### स्पेशल बोनस या सेल्स इन्सेंटिव

इस इन्सेंटिव में या तो फेस्टिव सीजन के लिए स्पेशल बोनस दिया जा रहा है या सेल्स इन्सेंटिव को ही इस मौके पर दिया जा रहा है या सितंबर-अक्टूबर के लिए एग्जिक्यूटिव्स और मैनेजरों को बोनस पेमेंट हो रहा है। कारखानों और शॉप फ्लोर्स पर काम करने वालों को भी स्टैट्यूटरी बोनस मिलेगा, जो उनकी बेसिक पे का हिस्सा है।

### केरल में ओणम 'बोनस' ने बढ़ाई सेल

कन्ज्यूमर गुड्स कंपनियों का कहना है कि केरल में ओणम के लिए फेस्टिव पेमेंट सितंबर के पहले हफ्ते में किया गया, जिसके कारण पिछले साल के मुकाबले इस बार बिक्री 3-4% बढ़ी है। इस फेस्टिव पेमेंट से कन्जम्पशन में तेजी आने के बारे में पूछे जाने पर आईटीसी लिमिटेड के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर बी सुमंत ने कहा कि आगामी सीजन में उपभोग बढ़ेगा।

---

फैसला मंत्रालय के साथ राज्य सरकारों और परिषद को करना है

# वाहनों पर जीएसटी कटौती का मुद्दा गेंद वित्त मंत्रालय के पाले में : गडकरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कटौती की मांग के मामले में गेंद वित्त मंत्रालय के पाले में है। गडकरी ने कहा कि जीएसटी में कटौती का फैसला वित्त मंत्रालय के साथ साथ राज्य सरकारों और जीएसटी परिषद को करना है। उन्होंने कहा कि वह इस बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से पहले ही बात कर चुके हैं। गडकरी ने यहां कहा कि वाहनों के लिए कबाड़ करने नीति पर काम चल रहा है। इस नीति में दोपहिया वाहन भी शामिल हैं।

- वाहनों के लिए कबाड़ नीति पर चल रहा काम

इस पर काम चल रहा है और नीति को जल्द जारी किया जाएगा। पिछले सप्ताह वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के वार्षिक सम्मेलन में गडकरी ने वाहन उद्योग को भरोसा दिलाया था कि वह वाहनों पर जीएसटी दर को 28 से घटाकर 18 प्रतिशत करने के मुद्दे को आगे उठाएंगे।

### जुर्माना बढ़ाने के पीछे मकसद जीवन बचाना

गडकरी ने कहा कि देश की सकल आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए आटोमोबाइल उद्योग की वृद्धि जरूरी है। यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़े जुर्माने के प्रावधान वाले नए मोटर वाहन कानून में बदलाव करने के भाजपा शासित गुजरात सरकार के फैसले के बारे में पूछे जाने पर गडकरी ने कहा कि ये नियम समवर्ती सूची में हैं इसलिए इसमें राज्य अपना निर्णय करने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि जुर्माना बढ़ाने के पीछे राजस्व जुटाना उद्देश्य नहीं है बल्कि इसका मकसद दुर्घटनाओं को रोकना और जीवन को बचाना है।

**खास**

- कबाड़ नीति में दोपहियां वाहनों को भी शामिल किया गया
- सियाम के वार्षिक सम्मेलन में मंत्री ने दिलाया था विश्वास




### राज्यों के वित्त मंत्रियों से विचार विमर्श जरूरी

गडकरी ने यहां होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के बीएस- छह मानक वाला स्कूटर पेश किए जाने के मौके पर अलग से बातचीत में कहा, 'मैं इस बारे में वित्त मंत्री से पहले ही बात कर चुका हूं। लेकिन वित्त मंत्री यदि कोई फैसला करतीं हैं तो उन्हें इसके लिए राज्यों के वित्त मंत्रियों और जीएसटी परिषद के साथ विचार विमर्श करना होगा।'

### राज्य सरकारों से विचार के बाद ही कोई फैसला

परिवहन मंत्री ने कहा कि फिलहाल गेंद वित्त मंत्रालय के पाले में है। गडकरी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि वित्त मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ विचार विमर्श के बाद इस पर कोई सकारात्मक फैसला करेगा। वाहनों को कबाड़ करने की नीति पर गडकरी ने बताया कि इसका मसौदा पहले ही तैयार कर लिया गया है।

### अंशधारकों को लेकर अब भी समस्या कायम

गडकरी ने कहा, 'विभिन्न अंशधारकों को लेकर अब भी समस्याएं हैं। हमें वित्त मंत्रालय के साथ ही विनिर्माताओं के सहयोग की भी जरूरत होगी।' उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ मुद्दे कर और कुछ राज्य सरकारों से संबंधित हैं। यह पूछे जाने पर कि यह नीति कब तक वास्तविकता बन सकती है?, गडकरी ने कहा, 'हम प्रक्रिया के साथ तैयार हैं। मेरा मंत्रालय इसे जल्द से जल्द मंजूरी देने के प्रयास में है। मुझे उम्मीद है कि थोड़े समय में ही हम किसी निष्कर्ष पर पहुंच जाएंगे और नीति पेश कर सकेंगे।'

### कबाड़ नीति पर दोपहिया उद्योग दे सकता है सुझाव

परिवहन मंत्री ने कहा कि इस कबाड़ नीति में दोपहिया वाहनों को भी शामिल किया गया है। इस मामले में यदि दोपहिया उद्योग कोई सुझाव देना चाहता है तो हम खुले दिमाग से उन्हें सुनने को तैयार हैं। वाहन उद्योग में मंदी के मौजूदा दौर को स्वीकार करते हुए मंत्री ने कहा कि इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनमें मांग और आपूर्ति का मुद्दा हो सकता है, वैश्विक आर्थिक सुस्ती और इसके पीछे व्यावसायिक चक्रीय कारण भी हो सकते हैं।

# बीएस 6 होंडा एक्टिवा 125 स्कूटर हुआ लॉन्च

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




होंडा ने बीएस-6 एक्टिवा 125 स्कूटर लॉन्च कर दिया। यह कंपनी का पहला बीएस-6 टू-वीलर है। नया ऐक्टिवा तीन वेरियंट- स्टैंडर्ड, अलॉय और डीलक्स में उपलब्ध है। इनकी कीमत क्रमशः 67490 रुपए, 70990 रुपए और 74490 रुपए है। बीएस-6 होंडा एक्टिवा 125 की शुरुआती कीमत बीएस-4 वाले ऐक्टिवा के डिस्क वेरियंट से 2478 रुपए ज्यादा है। बीएस-4 ऐक्टिवा के डिस्क वेरियंट की कीमत 65,012 रुपए है। नए ऐक्टिवा में बीएस-6, 124 सीसी, फ्यूल इंजेक्टेड इंजन दिया गया है, जो 6,500 आरपीएम पर 8.1 बीएचपी का पावर जनरेट करता है। बीएस-4 मॉडल के मुकाबले इसका पावर आउटपुट कम है। बीएस-4 ऐक्टिवा का इंजन 6,500 आरपीएण पर 8.52 बीएचपी का पावर जनरेट करता है। बीएस-6 एमिशन नॉर्म्स यह नया ऐक्टिवा बिना किसी समस्या के बीएस-4 फ्यूल पर भी चलाया जा सकता है। कंपनी का दावा है कि नए ऐक्टिवा 125 का माइलेज बीएस-4 वाले मौजूदा मॉडल से ज्यादा है। साथ ही इससे प्रदूषण भी कम होगा। होंडा ने नए ऐक्टिवा में पुराने मॉडल के मुकाबले कुछ नए फीचर्स शामिल किए हैं, जिनमें नाइजलेस स्टार्टर सिस्टम, डिजिटल एनालॉग इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और आइडल स्टार्ट-स्टॉप सिस्टम शामिल हैं। नए इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर में रियल टाइम माइलेज और रेंज की जानकारी भी मिलेगी।

- कीमत 67,490 रुपए से 74,490 रुपए तक

### साइड स्टैंड डाउन, तो नहीं स्टार्ट होगा स्कूटर

बीएस-6 ऐक्टिवा में साइड-स्टैंड-डाउन इंडिकेटर दिया गया है। साथ ही इसमें यह सुविधा भी है कि अगर साइड स्टैंड डाउन है, तो स्कूटर स्टार्ट नहीं होगा। इसके अलावा इसमें फ्रंट ग्लव बॉक्स और एक्सटर्नल फ्यूल-फिलर कैप भी दिए गए हैं।

### फ्रेश लुक


नए ऐक्टिवा 125 को 4 रंगों में बाजार में उतारा गया है। फ्रेश लुक देने के लिए नए मॉडल में कुछ कॉस्मेटिक बदलाव भी हुए हैं। इसकी हेडलाइट और फ्रंट लुक को शार्प बनाया गया है। ऐप्रन की डिजाइन में हल्के बदलाव हुए हैं। इसके अलावा साइड पैनल्स पर क्रोम फिनिश दी गई है।

# बीएसई सेंसेक्स 125 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

बैंकिंग और वाहन कंपनियों के शेयरों की अगुवाई में बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 125 अंक चढ़ गया। अन्य एशियाई बाजारों के मजबूत रुख से भी यहां धारणा बेहतर हुई। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 125.37 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 37,270.82 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 32.65 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,035.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में यस बैंक में सबसे अधिक 13.47 प्रतिशत का उछाल आया। इस तरह की खबरें आई हैं कि डिजिटल भुगतान कंपनी पेटीएम बैंक के सह संस्थापक राणा कपूर से यस बैंक में हिस्सेदारी खरीद सकती है। विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक बाजारों के सकारात्मक संकेतों के अलावा सरकार की ओर से अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन के लिए और उपायों की घोषणा की उम्मीद से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के वास्ते उनकी पहचान के लिए कार्यबल बनाया है। इसके अलावा उन क्षेत्रों की पहचान की जा रही है जिन्हें केंद्र से वित्तीय मदद की जरूरत है।

- यस बैंक में 13 प्रतिशत से अधिक का उछाल
- बैंकिंग और वाहन कंपनियों के शेयरों में रही तेजी




### इनमें रहा लाभ

टाटा मोटर्स, मारूति, टाटा स्टील, वेदांता, बजाज आटो, इंडसइंड बैंक, एसबीआई, हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एलएंडटी के शेयर 10.21 प्रतिशत तक चढ़ गए।

### इनमें रहा नुकसान

वहीं दूसरी ओर ओएनजीसी, एचसीएल टेक, एनटीपीसी, सनफार्मा, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा और इन्फोसिस के शेयर 2.93 प्रतिशत तक टूट गए।

### टाटा मोटर्स की वैश्विक बिक्री अगस्त में 32 प्रतिशत गिरी

**नई दिल्ली।** वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने बु कहा कि उसकी वैश्विक बिक्री अगस्त महीने में 32 प्रतिशत कम होकर 72,464 वाहन रह गई। बिक्री के इस आंकड़े में जगुआर लैंड रोवर के आंकड़े भी शामिल हैं। कंपनी ने पिछले साल अगस्त में 1,07,030 इकाइयों की बिक्री की थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसके व्यावसायिक वाहनों तथा टाटा देवू श्रृंखला की बिक्री पिछले साल अगस्त के 45,719 इकाइयों की तुलना में 45 प्रतिशत कम होकर इस साल अगस्त में 25,366 इकाई रह गई। यात्री वाहनों की बिक्री इस दौरान 61,328 इकाइयों की तुलना में 22 प्रतिशत कम होकर 47,098 वाहन रह गई।

### 10 छोटी अर्थव्यवस्थाओं की 'फैंटम' एफडीआई में 85 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** मुखौटा कंपनियों के जरिए होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, हांगकांग, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर और मॉरीशस जैसी दस छोटी अर्थव्यवस्थाओं की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की एक रिपोर्ट के अनुसार कर चोरी के लिए मुखौटा कंपनियों के जरिए होने वाले एफडीआई यानी 'फैंटम' प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी इन्हीं देशों की है। कर चोरी के मकसद से बनाई गई बिना कारोबारी गतिविधियों वाली मुखौटा कंपनियों के जरिये किये जाने वाले एफडीआई को फैंटम एफडीआई कहा जाता है। रिपोर्ट तैयार करने वाले जैनिक डैमगार्ड, थॉमस एल्काजेर और नील्स जोहानसन ने कहा कि वैश्विक स्तर पर 'फैंटम' एफडीआई का आकार 15 हजार अरब डॉलर है, जो चीन और जर्मनी के सम्मिलित सकल घरेलू उत्पाद के बराबर है। कर चोरी को रोकने के अंतरराष्ट्रीय उपायों के बाद भी 'फैंटम' एफडीआई लगातार बढ़ रहा है और वास्तविक एफडीआई को पीछे छोड़ दे रहा है।

### इंडिया इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड लॉन्च



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति डॉ. प्रणब मुखर्जी ने दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में विमल इलाइची एसएडब्ल्यूई इंडिया इंटरनेशनल एक्सिलेंसी अवॉर्डस 2019 लॉन्च किया। एसएडब्ल्यूई इंडिया इंटरनेशनल एक्सिलेंसी अवॉर्डस के दुबई संस्करण के लॉन्चिंग समारोह में भाजपा के नेता कृष्णपाल गुर्जर, बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन, भाजपा नेता वागीश पाठक और दिल्ली की जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। मुखर्जी ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच द्विपक्षीय संबंध परिपक्व हो गए हैं और एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदल गए हैं।

### विप्रो ने समूह की इकाइयों से शेयर वापस खरीदे

**नई दिल्ली।** विप्रो की अपने शेयरों को वापस खरीदने की योजना के तहत कंपनी के प्रवर्तकों में अजीम प्रेमजी और प्रवर्तक समूह की अन्य इकाइयों ने 7,300 करोड़ रुपए के 22.46 करोड़ शेयर बेचे हैं। शेयरों को वापस खरीदने की योजना पिछले महीने बंद हो गई। विप्रो ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि शेयर वापस खरीदने के कार्यक्रम के तहत उसने 325 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 32.3 करोड़ इक्विटी शेयर खरीदे।

# पीएम किसान में 44 करोड़ नये लाभार्थी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) में 100 दिन में 44 नये किसान लाभार्थी जोड़े गये हैं। नरेन्द्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की शुरूआत इस उपलब्धि के साथ हुई है। इसके तहत किसानों को 6 हज़ार की राशि सालाना दी जाती है। दूसरी ओर 60 वर्ष के किसानों तीन हजार की न्यूनतम पेंशन देने की योजना की शुरूआत 12 सितम्बर से होना प्रस्तावित है। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीणविकास मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने अपने मंत्रालयों की सौ दिनी उपलब्धियों की जानकारी देते हुये इन योजनाओं को ऐतिहासिक पहल निरूपित किया। उन्होंने बताया कि पीएम किसान पहले 2 हेक्टर जोत वाले किसानों के लिये थी इसे अब सभी किसानों लिये प्रारंभ कर दिया गया है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना लघु और सीमांत किसानों के लिये लागू की जा रही है। इसके तहत 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर किसान को न्यूनतम 3 हजार प्रतिमाओं पेंशन दी जायेगी। यह किसान की स्वयं की इच्छा वाली योजना है। इस योजना को 18 से 40 साल वाले किसान अपना सकेंगे। 55 से 200 रुपये तक आयु के मान से अंश दान किसान देंगे, केन्द्र सरकार भी समान राशि का अंशदान करेगी। योजना में अभी तक लगभग 8 लाख किसान अपना पंजीयन करा चुके हैं। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने यह जानकारी भी दी कि इस दौरान केन्द्र सरकार ने 2019-20 के मौसम के लिये सभी (खरीफ) फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि की है।

- 100 दिन में जोड़े गये : नरेन्द्र तोमर
- किसान पेंशन योजना 12 सितम्बर से

---

चीन ने अमेरिका के उत्पादों की 16 श्रेणियों के ऊपर लगे शुल्क हटाए

# सुलह की ओर अमेरिका और चीन? आयात शुल्क में नरमी

एजेंसी ⏭ पेइचिंग

लंबे समय से चीन और अमेरिका के बीच चल रहे ट्रेड वॉर के प्रभाव से भारत सहित अन्य देश भी अछूते नहीं हैं। इस व्यापारिक तनाव के बीच दोनों देशों को भी खासा नुकसान उठाना पड़ा है।

अमेरिका और चीन की बड़ी कंपनियां इस बात पर जोर दे रही हैं कि बदले की भावना से लगाए जा रहे आयात शुल्क में ढील दी जाए। चीन ने अमेरिका के उत्पादों की 16 श्रेणियों के ऊपर लगे शुल्क को हटाने की घोषणा कर दी है। चीन ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब अमेरिका के साथ अगले महीने नए दौर की व्यापार वार्ता होने वाली है। सीमा शुल्क आयोग के अनुसार, यह छूट 17 सितंबर से प्रभावी होगी। आयोग ने शुल्क के दायरे से निकलने वाले उत्पादों की दो सूची जारी की। इनमें समुद्री खाद्य उत्पाद तथा कैंसर के रोकथाम की दवाएं शामिल हैं।

- अमेरिका के साथ अगले महीने नए दौर की व्यापार वार्ता होने वाली है

### अमेरिकी कंपनियां भी चिंतित

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी की 75 प्रतिशत कंपनियां नहीं चाहती कि चीन पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाए क्योंकि इससे उनके रेवेन्यू पर फर्क पड़ रहा है। हालांकि प्रेसिडेंट ट्रंप का कहना है कि चीन के सामान पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगने से चीन की ही अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है।




### चीन में किया निवेश डूब रहा

सर्वे में अमेरिका की आधी से अधिक कंपनियों ने कहा कि उन्हें नुकसान हो रहा है। कंपनियों का कहना है कि चीन की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचने से उनकी परचेजिंग पावर गिर रही है और इसलिए वहां के स्थानीय बाजार में किया गया निवेश डूब रहा है।

### चीन की जीडीपी में बड़ी गिरावट

ट्रेड वॉर का असर चीन की जीडीपी और मुद्रा पर भी पड़ रहा है। पिछली तिमाही में चीन की विकास दर पिछले 27 वर्षों में सबसे कम रही। इसके अलावा बेरोजगारी में भी वृद्धि हुई है। 2018 में चीन में 4.9 प्रतिशत बेरोजगारी थी जो कि अब 5.3 प्रतिशत हो गई है। चीन में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में गिरावट दर्ज की गई है और महंगाई भी बढ़ी है।

### ट्रेड वॉर से बढ़ रही महंगाई

अमेरिकी सरकार ने पहली बार क्रूड पर भी अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। सितंबर की शुरुआत में ही चीन के कई सामानों पर 15 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क प्रभावी हो गया है। हालांकि इससे अमेरिका में कपड़े, जूते, खेल का सामान और कई इलेक्ट्रिक आइटम महंगे हो गए। इस कदम से ट्रंप सरकार की अर्थव्यवस्था को भी झटका लगने का खतरा है।

## खबर संक्षेप



### भारत में अच्छे कोचों की जरूरत : सिंधू

**नई दिल्ली।** हाल ही में विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर इतिहास रचने वाली भारत की स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने माना कि भारत को उच्च स्तर पर अच्छे और खासकर विदेशी कोचों की जरूरत है। अच्छे कोचों के होने से खिलाड़ियों के खेल में जरूरी सुधार होगा और इससे देश को नए चैंपियन मिलने मदद मिलेगी। सिंधू ने कहा, 'यह पूर्व खिलाड़ियों के ऊपर है कि वह कोच बनना चाहते हैं या नहीं। यह उनके ऊपर है कि वे क्या करना चाहते हैं। हम इसमें कुछ नहीं कह सकते। उच्च स्तर के कोचों की जरूरत है, जो खेल के बारे में काफी अच्छे से जानते हैं और जो चैंपियन बना सकते हैं। गोपी सर एक महान खिलाड़ी और कोच हैं। इसमें कोई शक नहीं है। अब हमें विदेशों से अन्य प्रशिक्षकों की जरूरत है ताकि वे हमारे खेल में जरूरी बदलाव कर सके जिससे हमें मदद मिले।'

### रोहित को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली।** भारतीय चयनकर्ता दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए गुरुवार को यहां टीम चुनेंगे



जिसमें सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल का बल्ले से लचर प्रदर्शन रोहित शर्मा के लिए टेस्ट टीम में वापसी का रास्ता बना सकता है। सफेद गेंद की भारतीय क्रिकेट टीम के उप कप्तान रोहित वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम एकादश में जगह नहीं बना सके थे। हनुमा विहारी और अजिंक्य रहाणे के बल्लेबाजी क्रम में क्रमशः पांचवां और छठा स्थान पक्का करने के बाद रोहित के बतौर सलामी बल्लेबाज आजमाने की उम्मीद है। रोहित भारत के लिए अंतिम टेस्ट 2018 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में खेले थे।

### दुती चंद का भारतीय दल में हुआ चयन



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार धाविका दुती चंद ने घोषणा की है कि उनका दोहा में होने वाली वर्ल्ड कप चैंपियनशिप के लिए 25 सदस्यीय टीम में चयन हो गया है। यह चैंपियनशिप आगामी 27 सितंबर को शुरू हो रही है। दुती चंद को इस साल अर्जुन अवार्ड के लिए खेल विभाग ने नामित किया था, लेकिन डेडलाइन मिस हो जाने के कारण उनका नाम खारिज हो गया था। ओडिशा के एक गांव के गरीब परिवार से आईं दुती चंद का जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा है। उन्हें अपने खेल में आगे बढ़ने के लिए सरकारी सहायता की जरूरत पड़ी जिसके कारण वे अंतरराष्ट्रीय स्तर की धाविका बन सकी।

### विश्व कप की हार नहीं भुला पा रहा न्यूजीलैंड

**दुबई।** आईसीसी विश्व कप को खत्म हुए दो महीने का वक्त गुजर चुका है। दुनिया को इंग्लैंड के रूप में नया चैंपियन मिल गया है। लेकिन फाइनल हारने वाली न्यूजीलैंड की टीम अब भी उस



करीबी मुकाबले को नहीं भुला पा रही है। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने कहा कि टीम के खिलाड़ी अब भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि गलती कहां हुई। विश्व कप का फाइनल 14 जुलाई को खेला गया था। मेजबान इंग्लैंड की टीम ने न्यूजीलैंड को फाइनल में बाउंड्री काउंट के आधार पर हराकर विश्व कप ट्रॉफी पर कब्जा किया था। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला टाई होने के बाद सुपरओवर में भी बराबरी पर खत्म हुआ था।

## इंग्लैंड, फ्रांस और पुर्तगाल ने दर्ज की जीत

**यूरो क्वालीफायर**

**160वां मैच खेल रहे कप्तान रोनाल्डो के चार गोल से जीता पुर्तगाल**







**पेरिस।** इंग्लैंड और पुर्तगाल ने यूरो 2020 क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में क्रमशः कोसोवो और एंडोरा को हराया जबकि फ्रांस ने लिथुआनिया पर जीत दर्ज की। अपने करियर का 160वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे कप्तान रोनाल्डो के चार गोल की मदद से पुर्तगाल ने विल्नियस में हुए मैच में 5-1 से जीत हासिल की। धीमी शुरुआत के बाद पुर्तगाल ने ग्रुप बी में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। अब वह शीर्ष पर काबिज उक्रेन से पांच अंक पीछे है। पुर्तगाल ने उक्रेन और सर्बिया के खिलाफ ड्रा से आगाज किया था जिसके बाद लिथुआनिया को हराया। सर्बिया ने लक्जेमबर्ग को 3-1 से शिकस्त दी। वहीं साउथम्पटन में इंग्लैंड ने विश्व रैंकिंग में 120वें स्थान पर काबिज कोसोवो को 5-1 से हराया। इंग्लैंड ग्रुप ए में चेक गणराज्य से तीन अंक आगे शीर्ष पर है। चेक टीम ने मोंटेनीग्रो को 3-0 से मात दी। पेरिस में विश्व चैम्पियन फ्रांस ने एंडोरा को 3-0 से हराया। अन्य मैचों में तुर्की ने मोलदोवा को 4-0 से पराजित किया जबकि आइसलैंड को अलबानिया ने 4-2 से मात दी।

**क्रिकेट : शानदार फार्म में चल रहे स्मिथ साबित होंगे 'ट्रंपकार्ड'**

# एशेज 2019 : 18 साल बाद आस्ट्रेलिया का लक्ष्य इंग्लैंड में पहली शृंखला जीतने का

एजेंसी ▶▶ लंदन

आस्ट्रेलियाई टीम चौथे टेस्ट के लिए गुरुवार को उतरेगी तो उसका लक्ष्य 2001 के बाद इंग्लैंड में पहली एशेज श्रृंखला जीतना होगा और शानदार फार्म में चल रहे स्टीव स्मिथ उसके 'ट्रंपकार्ड' साबित होंगे। टिम पेन की टीम ने ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड को हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली।

- आस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बना ली है बढ़त

एक मैच बाकी रहते आस्ट्रेलिया ने एशेज अपने पास रखना सुनिश्चित कर लिया। श्रृंखला में बराबरी के लिए विश्व कप विजेता इंग्लैंड को स्मिथ के बल्ले पर अंकुश लगाना होगा जो पांच पारियों में 134 से अधिक की औसत से 671 रन बना चुके हैं। गेंद से छेड़खानी प्रकरण में एक साल का प्रतिबंध झेलने के बाद लौटे स्मिथ ने मैनचेस्टर में दोहरे शतक समेत तीन शतक और दो अर्धशतक जमाए हैं। आस्ट्रेलिया की ताकत उसकी तेज गेंदबाजी भी रही है। जोश हेजलवुड और दुनिया के नंबर एक गेंदबाज पैट कमिंस मिलकर 42 विकेट ले चुके हैं। दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज और गेंदबाज के टीम में



होने से आस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर की दिक्कतें भी कम हुई हैं। उन्होंने दूसरे खिलाड़ियों से भी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन करने का आग्रह किया है। लैंगर ने कहा, 'उन्हें अनुभव हासिल करना होगा। हम खुशकिस्मत हैं कि स्टीव हमारी टीम में है। मैने किसी को कभी ऐसे बल्लेबाजी करते नहीं देखा। युवा बल्लेबाजों को उसका अनुसरण करना होगा।'

### इंग्लैंड के पास बराबरी का मौका

दूसरी ओर 50 ओवरों का विश्व कप पहली बार जीतने वाली इंग्लैंड टीम श्रृंखला में बराबरी के इस आखिरी मौके को गंवाना नहीं चाहेगी। टेस्ट क्रिकेट में विफलता के बाद जो रूट की टीम में स्थिति पर सवाल उठने लगे हैं। निवतृमान कोच ट्रेवर बेलिस ने हालांकि उनका बचाव किया है। उन्होंने कहा, 'वह किसी तरह से दबाव में नहीं है। उससे कोई सवाल नहीं किए जा रहे हैं। हर किसी के करियर में ऐसा दौर आता है कि रन नहीं बनते लेकिन आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है।' विश्व कप के स्टार बल्लेबाज बेन स्टोक्स इंग्लैंड की 13 सदस्यीय टीम में है लेकिन उनकी फिटनेस का आकलन किया जाएगा। वह नहीं खेलते हैं तो सैम कुरेन या क्रिस वोक्स में से एक को जगह मिलेगी।

## क्रिस गेल की एक और तूफानी पारी, 59 पारियों बाद जड़ा 22वां शतक



एजेंसी ▶▶ सेंट किट्स

सेंट किट्स में मंगलवार को रिकॉर्ड्स वाली रात रही। कैरेबियन प्रीमियर लीग में जमैका तलवाह की ओर खेलते हुए क्रिस गेल ने टी-20 में 22वां शतक जड़ दिया। गेल को छोड़ दें, तो टी-20 में किसी भी बल्लेबाज ने 8 से ज्यादा शतक नहीं जमाए हैं। माइकल क्लिंगर (ऑस्ट्रेलिया) के नाम 8 शतक हैं। इसी महीने 40 साल के होने जा रहे गेल ने अपने शतकों का सूखा खत्म किया और टी-20 में 59 पारियों के बाद सेंचुरी लगाने में कामयाब रहे। सेंट्स किट्स एंड नेविस पेट्रियॉट्स के खिलाफ गेल ने 62 गेंदों में 116 रनों की पारी खेली। जमैका तलवाह की पारी में कुल 21 छक्के लगे, जो टी-20 के इतिहास में संयुक्त रूप से छक्कों का तीसरा सर्वाधिक आंकड़ा है। इतना ही नहीं पूरे मैच में कुल 37 छक्के लगे, जो टी-20 के इतिहास में संयुक्त रूप से सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड है।

### दूसरा सर्वाधिक चेज

गेल की शतक के बदौलत जमैका तलवाह ने निर्धारित 20 ओवरों में 241/4 का स्कोर बनाया। जवाब में पैट्रियॉट्स ने 7 गेंदें शेष रहते ही 242/6 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसके साथ ही यह टी-20 के इतिहास में सफलतापूर्वक हासिल किया गया दूसरा सर्वाधिक लक्ष्य है.।ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2018 में 244 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 245/5 रन बना डाले थे।

## बंगाल ने मुंबा को 29-26 से हराया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बंगाल वॉरियर्स ने यू मुंबा को 29-26 से हराया और 15 मैच में आठवीं जीत के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। बंगाल वॉरियर्स की तरफ से सुकेश हेगड़े ने सबसे ज्यादा आठ अंक हासिल किए, वहीं डिफेन्स में मोहम्मद नबीबक्श और रिंकू नरवाल ने शानदार प्रदर्शन किया। यू मुंबा के अर्जुन देशवाल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 15 अंक हासिल किए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पहले हाफ के बाद बंगाल वॉरियर्स की टीम 16-13 से आगे थी। दूसरे हाफ में भी बंगाल वॉरियर्स ने अपने बढ़त को कायम रखा और अर्जुन देशवाल के जबरदस्त प्रदर्शन के बावजूद यू मुंबा को बढ़त लेने का मौका नहीं मिला।



### जयपुर ने बढ़त गंवाई, हरियाणा ने ड्रा खेला

जयपुर की टीम बुधवार को यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में प्रो कबड्डी लीग मुकाबले में बढ़त गंवा बैठी जिससे फार्म में चल रही हरियाणा स्टीलर्स ने 32-32 से ड्रा खेला। लगातार छठी जीत की कोशिश में जुटी हरियाणा स्टीलर्स ने मजबूत शुरूआत की और हाफ टाइम तक चार अंक से बढ़त बना रखी थी। दीपक निवास हुड्डा के 22 प्रयासों में 14 रेड प्वाइंट के बावजूद जयपुर की टीम को ड्रा से संतोष करना पड़ा। जयुपर ने एक अंक की बढ़त बनाई हुई थी और मैच खत्म होने में एक से कम मिनट का समय बचा था लेकिन अंतिम मिनट में सचिन नरवाल की भूल की वजह से हरियाणा स्टीलर्स ने अंक जुटा लिया।

### बिना पानी के कराया गया नौकायन अभ्यास

**वाराणसी।** बिना पानी, नौकायन और चप्पू के नौकायन का अभ्यास करते हुए आपने किसी को देखा है? अगर नहीं देखा है तो आप वाराणसी के सिगरा में स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम जा सकते हैं। मंगलवार को यहां तीन प्रशिक्षु सीढ़ियों में बैठकर चप्पू की जगह डंडा लेकर इसी तरह से नौकायन का अभ्यास कर रहे थे। जब इस बारे में अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक मनीष कुमार तिवारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि गंगा नदी में बाढ़ के कारण इस समय वह वहां पर नौकायन का अभ्यास नहीं करा पा रहे हैं। प्रशिक्षुओं को नौकायन की शुरुआती जानकारी देने के लिए इस तरह का अभ्यास कराया जाता है।

### फुटबाल में कुछ भी हो सकता है : गुरप्रीत

**दोहा।** फीफा विश्व कप दूसरे दौर के क्वालीफाइंग मैच में एशियाई चैंपियन कतर को गोलरहित ड्रा पर रोकने के बाद भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह ने कहा कि फुटबाल में कुछ भी संभव है। अपने करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री के बगैर खेलते हुए भी भारत की युवा टीम ने जनवरी में एशिया कप जीतने वाले कतर को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। छेत्री की जगह कप्तानी करने वाले गुरप्रीत ने कहा, 'मुझे अपनी टीम के प्रदर्शन पर फख्र है। टीम प्रयासों से हमें सफलता मिली। इससे क्वालीफायर में काफी मदद मिलेगी।'

FIFA For the Good of the Game

## टेनिस कोर्ट से फैशन रैंप पहुंची सेरेना



**न्यूयार्क।** अमेरिकी ओपन फाइनल हारने के तीन दिन बाद ही धुरंधर टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स अपने फैशन लेबल 'एस बाय सेरेनाव विलियम्स' के ताजा कलेक्शन की नुमाइश के लिए फैशन शो में रैंपवाक करती नजर आई। उनके साथ उनकी दो बरस की बेटी भी गोद में थी। यह फैशन शो देखने किम कार्दाशियां, टीवी होस्ट गेल किंग और वॉग पत्रिका की संपादक अन्ना विंतूर मौजूद थी।

## भारत का दिखा दम, एशियन चैंपियन कतर को ड्रा पर रोक रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶ दोहा

भारत और कतर के बीच मंगलवार को देर रात फीफा विश्व कप-2022 के लिए खेला गया क्वालीफायर मैच ड्रॉ रहा। मैच के निर्धारित समय तक दोनों टीमें एक भी गोल करने में नाकाम रहीं। समय सीमा समाप्त होने के साथ ही 0-0 के स्कोर पर मैच ड्रॉ हो गया। 103 रैंक की भारतीय फुटबॉल टीम ने 62 रैंक की टीम और एशियन चैंपियन कतर के साथ मैच ड्रॉ कर अपना नाम खास क्लब में शामिल करवा लिया। कप्तान सुनील छेत्री की गैरमौजूदगी और कतर के घरेलू मैदान पर ड्रॉ करना बहुत बड़ी बात है।इतना ही नहीं अर्जेंटीना, ब्राजील और कोलंबिया के बाद अब भारतीय फुटबॉल टीम ही चौथी टीम है जिसके खिलाफ कतर टीम 2019 में गोल नहीं कर पाई है। दोहा के जासिम बिन अहमद स्टेडियम में खेले गए इस मैच की शुरुआत में कतर का पलड़ा भारी नजर आ रहा था। हालांकि, अंत तक दोनों टीम एक भी गोल करने में नाकाम रही।

### फीफा विश्व कप-2022 क्वालीफायर

**खास बातें**

- भारतीय फुटबॉल टीम ही चौथी टीम है जिसके खिलाफ कतर टीम 2019 में गोल नहीं कर पाई
- कप्तान छेत्री की गैरमौजूदगी और कतर के घरेलू मैदान पर ड्रॉ करना बहुत बड़ी बात



### गौरवान्वित महसूस कर रहा : छेत्री

भारतीय कप्तान सुनिल छेत्री ने ट्विटर पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा 'प्रिय भारत, ये है मेरी टीम और खिलाड़ी, मैं इस समय कितना गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं बता नहीं सकता। हमने प्वाइंट टेबल पर कुछ अच्छा प्रदर्शन नहीं किया पर खेल में हमने अच्छी टक्कर दी। कोचिंग स्टाफ और ड्रैसिंग रुम को बहुत बड़ा श्रेय।

### दोनों के बीच 1-1 का रिकार्ड

*बता दें कि भारतीय टीम को फीफा विश्व कप-2022 क्वॉलिफायर के अपने पहले मैच में गुरुवार को ओमान के हाथों अपने घर में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। दोनों टीमों के बीच पिछला आधिकारिक मैच सितंबर 2007 में विश्व कप क्वॉलिफायर में खेला गया, जिसमें कतर ने भारत को 6-0 से रौंदा था। भारत ने 2011 में दोहा में मैत्री मैच में कतर को 2-1 से हराया था, लेकिन इसे आधिकारिक मैच नहीं माना गया क्योंकि भारत ने नियमों से अधिक स्थानापन्न खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया था।*

**रोहतक में चल रही तीसरी महिला जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में छाए खिलाड़ी**

# हरियाणा की तमन्ना और मणिपुर की अंबेशोरी का पदक पक्का

### तमन्ना ने दिल्ली की अंजलि को शिकस्त दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में चल रही तीसरी महिला जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता का बुधवार चौथा दिन रहा। इसमें मणिपुर की अंबेशोरी देवी (57 किग्रा) और हरियाणा की तमन्ना (48 किग्रा) ने सेमीफाइनल में प्रवेश करके अपना पदक पक्का कर लिया है। तमन्ना और अंबेशोरी देवी दोनों ने गत जून में ब्लैक फॉरेस्ट कप में पदक जीते थे। अंबेशोरी अपनी क्वार्टर फाइनल बाउट में मिजोरम की नोम चिंगसन्नूमी एन में 5-0 से हराया। तमन्ना ने दिल्ली की अंजलि को शिकस्त दी। हरियाणा से प्रगति तन्नू (52 किग्रा), कीर्ति (57 किग्रा) और ख़ुशी (63 किग्रा) ने दमखम दिखाया। कीर्ति और ख़ुशी ने आंध्र प्रदेश के पेद्दा काव्या और पंजाब की विशाखा को क्रमशः 5-0 से हरा दिया। जबकि तन्नु गोवा के नेहा कदम से राउंड 1 में आरएससी का फ़ैसला लेने के संकेत से आगे बढ़ी। अंबेशोरी के साथ सेमीफाइनल में उनके मणिपुरी राज्य के साथी, टिंगमाला डोंगल (48 किग्रा) और शगोलेसम बिजेता चानू (52 किग्रा) शामिल रही।



### 44-46 भार वर्ग के परिणाम

| विजेता | इनको दी मात | अंतर |
|---|---|---|
| कल्पना, हरियाणा | संजना, दिल्ली | 5-0 |
| जहानवी, महाराष्ट्र | किरण, एमपी | 5-0 |
| सीनम पिंकी, मणिपुर | अनिता गौतम, हिमाचल | 5-0 |
| पुविता, तमिलनाड़ | याशिका राय सिक्किम | 4-1 |
| मैबम रोज मैरी, मणिपुर | मैरीमौरन, आसाम | 5-0 |
| सुमन श्रीराम, गोवा | संध्या मोरे, महाराष्ट्र | 4-1 |
| के.अंजू देवी, कर्नाटक | मनमीत कौर, पंजाब | 5-0 |
| रिंकू, हरियाणा | आयुष अवस्थी, एमपी | 5-0 |
| *48-50 भार वर्ग* | | |
| लैसी, यादव, हरियाणा | मैसल यशोदा, आंध्रप्रदेश | आर-2 |
| माही लामा, एमपी | क्राती, यूपी | 5-0 |
| टी. लामू, अरुणाचल | स्नेहा कुमारी, हिमाचल | आर-3 |
| *52-54 भार वर्ग* | | |
| कल्पना, राजस्थान | आयुषी पाल, दिल्ली | 5-0 |
| पूनम, पंजाब | रिषिता, चंडीगढ़ | 4-1 |
| नेहा, हरियाणा | कीर्ति जे. तेलंगाना | 5-0 |
| डब्ल्यू, चानू, मणिपुर | नसवीरा, महाराष्ट्र | 4-1 |
| *57-60भार वर्ग* | | |
| प्रीति, हरियाणा | श्री हरिका, आंध्रप्रदेश | 5-0 |
| थोंगम के. देवी मणिपुर | गौरी सिंह, एमपी | 5-0 |
| संध्या, महाराष्ट्र | दीपू राय, सिक्किम | 5-0 |
| दिव्या नेगी, चंडीगढ़ | रीना, राजस्थान | 3-2 |
| *70-75 भार वर्ग* | | |
| मानषी, हरियाणा | जी. बोरा, आसाम | 5-0 |
| खुशी, पंजाब | महिमा शर्मा, राजस्थान | आर-2 |
| कुमारी अनिता आंध्रप्रदेश | मिमांसा, पांडे, यूपी | आर-1 |
| साक्षी, महाराष्ट्र | पारुल हिमाचल | आर-3 |
| *80 प्लस* | | |
| अल्फिया, महाराष्ट्र | कन्नजी, आंध्रप्रदेश | आर-1 |
| अधी लक्ष्मी, तमिलनाड़ू | दीपिका हरियाणा | आर-1 |
| यशस्वी, पंजाब | अंघा पी. केरल | 3-2 |
| रीशिका राजस्थान | कनिष्का, यूपी | 4-1 |

## खबर संक्षेप

### यूएई में एक भारतीय ने की पत्नी की हत्या

**दुबई।** यूएई में एक भारतीय मूल के व्यक्ति ने जमकर हुयी कहासुनी के बाद अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। 'खलीज टाइम्स' की खबर के अनुसार 43 वर्षीय यू.सी ने अपनी पत्नी सी. विद्या चंद्रन (39) की अल-कोज की एक कार पार्किंग में सोमवार को हत्या कर दी। दम्पति के 16 और पांच वर्षीय दो बच्चे हैं, जो मृतका के माता-पिता के साथ केरल में रहते हैं। महिला के भाई विनयचंद्रन ने बताया कि उसकी बहन उनके साथ ओणम मनाने के लिए मंगलवार को आने वाली थी। खबर में विनयचंद्रन के हवाले से कहा गया कि मेरी उससे दो दिन पहले ही बात हुई थी। वह ओणम के लिए घर आने और बच्चों से मिलने को बेहद उत्साहित थी। मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा कि वह अब नहीं रही। उन्होंने बताया कि इस खबर को सुन उनके माता-पिता सदमे में हैं। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें कैसे संभालूं? वे मुझसे उसके बारे में सवाल पूछ रहे हैं, जिसका मेरे पास जवाब नहीं है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार को घटना की जानकारी मृतका के एक सहकर्मी ने दी।

### जापान में लू लगने से दो लोगों की मौत

**तोक्यो।** जापान में लू लगने से दो लोगों की मौत हो गई, वहीं तूफान प्रभावित तोक्यो और आसपास के क्षेत्र में लगभग पांच लाख घरों में बिजली नहीं है। तोक्यो के पूर्वी चिबा प्रान्त की एक अधिकारी ने एएफपी को बताया कि 93 वर्षीय एक महिला और 65 वर्षीय एक व्यक्ति मंगलवार को अपने-अपने घरों में बेहोश मिले और बाद में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि सोमवार को तूफान 'फैक्शई' के चपेट में जो इलाके आएं थे वहां मंगलवार को तापमान के 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने से कम से कम 48 लोगों में लू लगने के लक्षण पाए गए हैं। 'तोक्यो इलेक्ट्रिक कम्पनी' (टीईपीसीओ) ने एक बयान में बताया कि बुधवार सुबह तक करीब 4,56,000 घरों में बिजली नहीं थी। टीईपीसीओ ने कहा कि लू से बचने के लिए ठंडी जगहों पर पनाह लें और पानी पिएं।

### अक्टूबर में होगा 'हिम विजय' युद्धाभ्यास

# 'माउंटेन स्ट्राइक कोर' के 15 हजार जवान चीन सीमा पर करेंगे गर्जना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

चीन सीमा से मिलने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए गठित की जा रही 'माउंटेन स्ट्राइक कोर' की जमीनी स्तर पर पहली गर्जना अगले महीने अक्टूबर में 'हिम विजय' नामक युद्धाभ्यास के जरिए होने जा रही है। इसमें सेना के कुल 15 हजार बेहद प्रशिक्षित जवान हिस्सा लेंगे। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह युद्धाभ्यास पूर्वोत्तर में चीन सीमा से लगे दो महत्वपूर्ण राज्यों असम और अरूणाचल-प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई पर होगा। इसकी खास बात यह होगी कि इसमें पहली बार सेना के जवान तीन इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप्स (आईबीजी) के रुप में हिस्सा लेंगे। जिसमें तोपखाना, टैंक, हेलिकॉप्टर और इंफेंट्री की



टुकड़ियां एक साथ सीमा पार बैठे ड्रैगन को ललकारते हुए नजर आएंगे। 1 आईबीजी में कुल 5 हजार जवान होते हैं। आईबीजी का गठन और युद्धाभ्यास के जरिए उनकी क्षमता आकलन का विचार सेनाप्रमुख जनरल बिपिन रावत के दिमाग की उपज है। इस पर उनके साथ देश की सुरक्षा से जुड़े हुए कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी पैनी नजर रखेंगे। गौरतलब है कि जवानों की यह टुकड़ी उसी 17वीं माउंटेन स्ट्राइक कोर से होगी। जिसका गठन करीब सात साल पहले 2013 में तत्कालीन यूपीए सरकार के कार्यकाल में किया जाना तय किया गया था।

#### चीन को सूचना नहीं

इसे महज एक संयोग ही कहा जाएगा कि यह युद्धाभ्यास और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का संभावित भारत दौरा लगभग एक ही वक्त पर होने जा रहा है। लेकिन भारतीय सेना की ओर से हिम विजय अभ्यास के बारे में चीन को कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। सेना के अधिकारी ने कहा कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। अभ्यास करीब डेढ़ महीने तक चलेगा। जिसमें पानागढ़ स्थित 17वीं कोर और 59वीं माउंटेन डिवीजन पूर्ण एक्शन में नजर आएगी। जवानों और उनके उपकरणों को वायुसेना के परिवहन विमानों, हेलिकॉप्टरों (सी-130जे, सी-17, एएन-32) की मदद से अभ्यास स्थल पर ले जाया जाएगा। जहां यह अपने युद्धकौशल का नमूना प्रदर्शित करने के अलावा उक्त भौगोलिक क्षेत्र में सामने आने वाली चुनौतियों, खतरों के बारे में भी विस्तृत जानकारी एकत्रित करेंगे। जिन्हें इनके लौटने के बाद सेना की ओर से दुरुस्त करने की कोशिश की जाएगी। सैन्य उपकरणों की आवाजाही के लिए सड़क और रेल मार्ग का भी प्रयोग किया जा सकता है।

#### गठित होंगे 9 आईबीजे

सरकार की योजना देश की पश्चिमी और पूर्वी सीमा की सुरक्षा के लिए कुल 9 आईबीजे गठित करने की है। इसमें 17वीं कोर के 3 आईबीजे के अलावा 9वीं और 11वीं कोर में भी इनका गठन किया जाएगा। एक कोर में 3 आईबीजे होंगे यानि 15 हजार जवानों का मिश्रण होगा। इस हिसाब से 9 आईबीजे में कुल 45 हजार जवान शामिल होंगे। एक आईबीजे की कमान दो या तीन स्टार सैन्य अधिकारी (ब्रिग्रेडियर, मेजर जनरल) को सौंपी जा सकती है। यह सीधे संबंधित कोर कमांडर को रिपोर्ट करेगा।

## पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण किया। अपने तीसरे परीक्षण में यह मिसाइल सफल साबित हुआ है. सेना थर्ड जेनरेशन की एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल की डिमांड कर रही थी, इसी को देखते हुए इसे तैयार किया गया है। परीक्षण के दौरान मिसाइल को एक ट्राइपॉड से फायर किया गया और इसके निशाने पर एक टैंक था। मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में लक्ष्य को निशाना बनाया और पूरी तरह से नष्ट कर दिया। डीआरडीओ की ओर से तैयार किया गया यह स्वदेशी पोर्टेबल एंटी गाइडेड मिसाइल कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। यह करीब ढाई किलोमीटर दूर अपने निशाने को तहस-नहस करने में सक्षम है। डीआरडीओ ने जानकारी दी है कि कि यह मिसाइल अचूक निशाना साधती है और दुश्मन के टैंक का पीछा करते हुए उसे तबाह कर देती है। यह मिसाइल वजन में इतनी हल्की है कि इसे इधर उधर आसानी से ले जाकर उपयोग में ले सकते हैं।

इसे किसी ऊंची पहाड़ी पर या दूसरी किसी जगह पर आसानी से ले जाया जा सकता है। इसकी खासियत है कि यह दिन और रात दोनों समय दुश्मन पर वार कर सकती है। उम्मीद की जा रही है कि 2021 तक इस मिसाइल का बड़े पैमाने पर निर्माण किया जाएगा। माना जा रहा है कि आमने-सामने की लड़ाई में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल काफी कारगर साबित हो सकता है। एशिया में पाकिस्तान भारत का पारंपरिक दुश्मन है तो वहीं चीन भी समय-समय पर आखें दिखाता रहा है, ऐसे में युद्ध के हालातों में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल मिसाइल अपने आप में किसी योद्धा से कम नहीं।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया पहले स्कूटर को लांच

## बाजार में आया बीएस-6 उत्सर्जन मानक वाला स्कूटर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश में चिंताजनक बनते जा रहे वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने की दिशा में बीएस-5 के बजाए अगले साल अप्रैल से सीधे बीएस-6 उत्सर्जन मानक लागू करने का निर्णय लिया है। इस दिशा में होंडा 2 व्हीलर्स इंडिया ने अपना नया बीएस56 उत्सर्जन मानक वाला स्कूटर होंडा एक्टिवा 125 बाजार में उतार दिया है, जिसे केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लांच किया।


यहां नई दिल्ली के एक होटल में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के



दौरान केंद्रीय मंत्री नितिनि गडकरी ने लॉन्च किया। दिल्ली में इसकी एक्स-शो रूम कीमत 67,490 रुपये से लेकर 74,490 रुपये के बीच है और इसकी डिलीवरी नवरात्रि में शुरू की जाएगी। कंपनी के मुताबिक इंजन बेहतर परफॉरमेंस के साथ-साथ ज्यादा माइलेज भी देगा। पुराने मॉडल की तुलना में नया मॉडल 13 फीसदी ज्यादा माइलेज देगा, इसकी सबसे बड़ी वजह इसमें फ्यूल इंजेक्शन तकनीक का लगा होना है। कंपनी ने नए एक्टिवा 125 में नया ACG स्टार्टर फीचर जोड़ दिया है, जिसकी वजह से जब आप स्कूटर को स्टार्ट करेंगे तो आवाज नहीं होगी। यह अपने सेगमेंट का पहला ऐसा स्कूटर है, जिसमें ऐसी खूबी मिलती है। इसके अलावा होंडा ने नए एक्टिवा 125 में एकदम नया डिजिटल-एनालॉग कंसोल मीटर लगाया है, इसमें कई नए फीचर्स को शामिल किया है। सबसे खास बात यह है कि अब इसमें रियल टाइम फ्यूल खपत, ओवरऑल माइलेज

### मुगाबे का पार्थिव शरीर जिम्बाब्वे ले जाया गया

**सिंगापुर।** जिम्बाब्वे के पूर्व राष्ट्रपति रॉबर्ट मुगाबे के पार्थिव शरीर को बुधवार को सिंगापुर से जिम्बाब्वे ले जाया गया। पिछले हफ्ते उनका निधन हो गया था। मुगाबे का शुक्रवार को 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। मुगाबे एक दिग्गज नेता थे जो ब्रिटेन से जिम्बाब्वे को आजादी मिलने के बाद सत्ता में आए थे और 37 साल तक शासन करते रहे, जब तक कि 2017 में उन्हें सत्ता से बेदखल नहीं कर दिया गया। नवंबर 2017 में सैन्य और पूर्व वफादारों द्वारा उन्हें सत्ता से बेदखल किये जाने के बाद उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया था। सिंगापुर के एक अस्पताल में कई महीनों तक इलाज चलने के बाद उनकी मृत्यु हो गई।



नई दिल्ली: प्रगति मैदान में आयोजित दिल्ली पुस्तक मेला 2019 के पहले दिन अपनी मनपसंद किताबों को देखते पाठक।



दक्षिणी गाजा पट्टी शहर के एक चिड़ियाघर में पैदा हुए तीन शेर के बच्चों के साथ खेलता फिलिस्तीनी बच्चा।

### गिलगित-बाल्टिस्तान के कार्यकर्ता ने पूछा

## पाक कश्मीर को कैसे कह सकता है विवादित इलाका?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान के इलाके की बुरी हालत किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान में इस इलाके के लोगों के साथ होने वाले भेदभाव की ख़बरें भी अक्सर सामने आती रहती हैं। लेकिन अब कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने पहुंचे पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में गिलगित-बाल्टिस्तान की अपनी गतिविधियों को लेकर वहीं के व्यक्ति से डांट खानी पड़ी है। गिलगित-बाल्टिस्तान पर जबरदस्ती कब्जा जमाने के चलते और यहां के लोगों की खराब आर्थिक हालत और मानवाधिकार हनन के मुद्दे को उठाते हुए इस इलाके से आने वाले रिटायर्ड कर्नल वजाहत हसन ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई है। दरअसल गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके से आने वाले रिटायर्ड कर्नल वजाहत हसन ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की 42वीं बैठक में, जिनेवा में कहा, रपाकिस्तान कहता रहा है कि पूरा जम्मू-कश्मीर विवादित इलाका है इसलिए इस इलाके के लोगों को स्वनिर्णय का अधिकार होना चाहिए. मैं यह जरूर पूछना चाहूंगा कि पाक कैसे कह सकता है कि यह इलाका विवादित है?

### प्रधानमंत्री 19 सितंबर को नासिक में करेंगे रैली को संबोधित

**नासिक।** महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नासिक में इस महीने की 19 तारीख को एक रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की महाजनादेश यात्रा के समापन के दौरान होगी। भाजपा के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र भाजपा के सचिव लक्ष्मण सावजी ने बताया कि इस रैली का आयोजन तपोवन इलाके में किया जाएगा और इसकी तैयारियां जोरों पर है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 सितंबर को महाजनादेश यात्रा के समापन के दौरान यहां तपोवन इलाके में एक रैली को संबोधित करेंगे।

### इराक में अशूरा के दौरान मची भगदड़ में 30 से अधिक लोगों की मौत

**कर्बला।** इराक के कर्बला शहर में शिया समुदाय के पाक दिन अशूरा पर एक प्रमुख मस्जिद में मंगलवार को भगदड़ मचने से 30 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल भी हुए हैं। अशूरा के दौरान पहले कभी यहां भगदड़ की ऐसी कोई भयावह घटना नहीं हुई है। हालांकि इनके स्मारक मार्च को सुन्नी कट्टरपंथी समूहों ने कई बार निशाना बनाया है। इराक के गृह मंत्रालय के अनुसार राजधानी बगदाद से 100 किलोमीटर दक्षिण स्थित कर्बला में हुए हादसे में करीब 31 लोगों की जान चली गई और अन्य 100 लोग घायल हुए हैं।




## पीएम मोदी को मिले 2700 से अधिक उपहारों की 14 सितम्बर से होगी नीलामी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देशभर से मिले 2700 से अधिक उपहारों की 14 सितम्बर से नीलामी की जाएगी। इससे मिलने वाली धनराशि का इस्तेमाल गंगा के संरक्षण और नदी को नवजीवन देने के लिए किया जाएगा। संस्कृति मंत्री प्रह्लाद पटेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभिन्न संगठनों और मुख्यमंत्रियों की ओर से प्रधानमंत्री को दिए गए कुल 2,772 उपहारों में पगड़ी, शॉल, चित्र, तलवारें आदि शामिल हैं। इन्हें फिलहाल आधुनिक कला संग्रहालय में देखा जा सकता है। इन उपहारों की नीलामी एक ऑनलाइन पोर्टल पर की जाएगी जिसे नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर ने डिजाइन किया है। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री को बीते छह महीने में मिले उपहारों की नीलामी की जाएगी। इस बार यह नीलामी पूरी तरह से ऑनलाइन होगी (इससे पहले जनवरी माह में



भी एक नीलामी हुई थी)। यह अवसर देने के लिए मैं प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। इन वस्तुओं के लिये न्यूनतम रिजर्व मूल्य 200 रूपये और अधिकतम ढाई लाख रुपये है। मोदी की सिल्क पर बनी तस्वीर का न्यूनतम मूल्य 2.5 लाख रुपए रखा गया है। इसे सीमात्ति टेक्सटाइल्स की मालिक एवं फैशन डिजाइनर बीना कन्नन ने उन्हें भेंट किया था। इसे सबसे महंगा बताया जा रहा है। वस्तुओं के बेस या रिजर्व मूल्य को विशेषज्ञों ने तय किया है। इन स्मृतिचिह्नों में 576 शॉल, 964 अंगवस्त्रम, 88 पगड़ियां और भारत की विविधता को दिखाते कई जैकेट शामिल हैं। इनमें गायों की प्रतिकृतियां भी शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि नीलामी के लिए जिन वस्तुओं को एनजीएमए में प्रदर्शित किया जा रहा है, उन्हें हर 15 दिनों में बदल दिया जाएगा। प्रधानमंत्री को मिले करीब 1800 उपहारों की नीलामी जनवरी में की गई थी, जो करीब 15 दिन चली थी और करीब 4,000 नीलामीकर्ताओं ने इसमें हिस्सा लिया था। नीलामी से एकत्रित हुई राशि को केन्द्र सरकार की गंगा सफाई की योजना 'नमामि गंगे' के लिए दी गयी थी। इस बार होने वाली नीलामी से एकत्र धन को भी इसी परियोजना में भेजा जायेगा।

अधिकारियों ने बताया कि कारीगरों द्वारा बनायी गयी बीएमडब्ल्यू की लकड़ी की बनी प्रतिकृति ई-नीलामी में सबसे महंगा स्मृतिचिह्न थी, जिसकी कीमत करीब पांच लाख रुपये थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109